वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT
2015 - 16

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

उल्लेखनीय तथ्य
Highlights









भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
Small Industries Development Bank of India

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 की धारा 30(5) के अनुसार 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट 19 जुलाई, 2016 को केन्द्र सरकार को प्रस्तुत।

Report of the Board of Directors for the year ended March 31, 2016 submitted to the Central Government on July 19, 2016 in terms of Section 30 (5) of the Small Industries Development Bank of India Act, 1989.

विषय-सूची
Contents

प्रेषण पत्र	Letter of Transmittal
निदेशक-मंडल	Board of Directors
निदेशकों की समितियाँ	Committees of Directors
प्रगति एक दृष्टि में	Progress at a Glance
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य	CMD's Statement
निदेशकों की रिपोर्ट	Directors' Report

अध्याय
CHAPTERS

अर्थव्यवस्था और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम - कार्यनिष्पादन एवं दृष्टिकोण	1	Economy and Micro, Small and Medium Enterprises – Performance and Outlook
व्यवसाय संबंधी रणनीतिक पहलकदमियाँ	2	Strategic Business Initiatives
समग्र व्यवसाय परिचालन	3	Overall Business Operations
वित्तीय समावेशन एवं दीर्घकालिक संवृद्धि	4	Financial Inclusion and Sustainable Growth
सिडबी की सहायता का प्रभाव	5	Impact of SIDBI's Assistance
प्रबन्धन एवं निगमित अभिशासन	6	Management and Corporate Governance
सिडबी की सहायक एवं सहयोगी संस्थाएँ	7	Subsidiaries and Associate Organisations of SIDBI
तुलन-पत्र एवं लेखा-विवरण	8	Balance Sheet & Statement of Accounts
सिडबी का अंकेक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण (परिशिष्ट- I)		Audited Balance Sheet along with Profit and Loss Account and Cash Flow Statement of SIDBI (Appendix – I)
सिडबी और इसकी सहायक एवं सहयोगी संस्थाओं का समेकित तुलन-पत्र और लाभ-हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण (परिशिष्ट- II)		Consolidated Balance Sheet along with Profit and Loss Account and Cash Flow Statement of SIDBI including its associates and subsidiaries (Appendix – II)

प्रेषण-पत्र
Letter of Transmittal

19 जुलाई, 2016

सचिव
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली

प्रिय महोदय,

सिडबी के वित्तीय वर्ष 2015-16 के काम-काज संबंधी वार्षिक लेखे तथा निदेशक मंडल की रिपोर्ट

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम 1989 की धारा 30(5) के प्रावधानों के अनुसार मैं निम्नलिखित दस्तावेज़ एतद्द्वारा अग्रेषित कर रहा हूँ-

(1) 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के वार्षिक लेखे की प्रति

(2) 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के काम-काज के संबंध में निदेशक-मंडल की रिपोर्ट की प्रति

भवदीय,

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संलग्नकः यथोपरि

July 19, 2016

The Secretary,
Ministry of Finance,
Government of India,
New Delhi.

Dear Sir,

Annual Accounts and Report of the Board on the working of SIDBI – FY 2015-16

In accordance with the Provisions of Section 30 (5) of the Small Industries Development Bank of India Act, 1989, I forward herewith the following documents :

(1) Copy of Annual Accounts of Small Industries Development Bank of India for the year ended March 31, 2016 and

(2) A copy of the Report of the Board on the working of Small Industries Development Bank of India during the year ended March 31, 2016.

Yours faithfully,

(Dr. Kshatrapati Shivaji)
Chairman & Managing Director

Encl.: as above

सिडबी का निदेशक मंडल (यथा 31 मार्च 2016)
Board of Directors of SIDBI (As on March 31, 2016)

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी
Dr. Kshatrapati Shivaji

श्री अजय कुमार कपूर
Shri Ajay Kumar Kapur

श्री मनोज मित्तल
Shri Manoj Mittal

श्री सत्यानंद मिश्रा
Shri Satyananda Mishra

श्री सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी
Shri Surendra Nath Tripathi

श्री जे.चन्द्रशेखरन
Shri J. Chandrasekaran

श्री पंकज जैन
Shri Pankaj Jain

श्री एस.के.वी. श्रीनिवासन
Shri S.K.V. Srinivasan

श्री एस.हरिहरन
Shri S. Hariharan

श्रीमती स्मिता भारद्वाज
Smt. Smita Bharadwaj

श्री आर. रामचंद्रन
Shri R. Ramachandran

हमारे पथ-प्रदर्शक (स्थापना से लेकर 2016 तक)
Our Leaders (Since inception till 2016)

स्व. श्री एस एस नाडकर्णी (अध्यक्ष)
(अप्रैल 02, 1990 – सितम्बर 18, 1993)
Late Shri S S Nadkarni (Chairman)
(April 02, 1990 – September 18, 1993)

श्री आर एस अग्रवाल (प्रबन्ध निदेशक)
(अप्रैल 02, 1990 – मार्च 03, 1995)
Shri R S Agrawal (Managing Director)
(April 02, 1990 – March 03, 1995)



श्री एस एच खान (अध्यक्ष)
(दिसम्बर 02, 1993 – जून 30, 1998)
Shri S H Khan (Chairman)
(December 02, 1993 – June 30, 1998)



श्री के आर पिल्लै (प्रबन्ध निदेशक)
(मार्च 08, 1995 – जुलाई 20, 1995)
Shri K R Pillai (Managing Director)
(March 08, 1995 – July 20, 1995)

डॉ. शैलेन्द्र नारायण (प्रबन्ध निदेशक)
Dr. Sailendra Narain (Managing Director)
(अगस्त 03, 1995 - मार्च 26, 2000)
(अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(Chairman & Managing Director)
(मार्च 27, 2000 - जुलाई 31, 2000)

श्री जी पी गुप्ता (अध्यक्ष)
(जुलाई 01, 1998 – मार्च 26, 2000)
Shri G P Gupta (Chairman)
(July 01, 1998 – March 26, 2000)

श्री एस एस कोहली (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(अगस्त 01, 2000 – जनवरी 30, 2001)
Shri S S Kohli (Chairman & Managing Director)
(August 01, 2000 – January 30, 2001)

हमारे पथ-प्रदर्शक (स्थापना से लेकर 2016 तक)
Our Leaders (Since inception till 2016)

श्री पी बी निम्बालकर (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जनवरी 31, 2001 – फरवरी 28, 2003)
Shri P B Nimbalkar (Chairman & Managing Director)
(January 31, 2001 – February 28, 2003)



श्री वी के चोपड़ा (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जुलाई 16, 2003 – दिसम्बर 08, 2004)
Shri V K Chopra (Chairman & Managing Director)
(July 16, 2003 – December 08, 2004)

श्री एन बालसुब्रमण्यन (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(दिसम्बर 30, 2004 – सितम्बर 30, 2006)
Shri N Balasubramanian
(Chairman & Managing Director)
(December 30, 2004 – September 30, 2006)

श्री आर एम मल्ला (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(जुलाई 11, 2007 – जुलाई 08, 2010)
Shri R. M. Malla
(Chairman & Managing Director)
(July 11, 2007 – Jully 08, 2010)

श्री सुशील कुमार मुहनोत (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(अप्रैल 04, 2011 – नवम्बर 08, 2013)
Shri Sushil Kumar Muhnot
(Chairman & Managing Director)
(April 04, 2011 – November 08, 2013)



श्री राकेश रेवारी (उप प्रबन्ध निदेशक)
(अक्तूबर 23, 2006 – जुलाई 12, 2007)
(जुलाई 26, 2010 – अप्रैल 03, 2011)
Shri Rakesh Rewari (Deputy Managing Director)
(October 23, 2006 – July 12, 2007)
(July 26, 2010 – April 03, 2011)

श्री एन के मैनी (उप प्रबन्ध निदेशक)
(नवम्बर 22, 2013 – मार्च 11, 2014)
Shri N. K. Maini (Deputy Managing Director)
(November 22, 2013 – March 11, 2014)

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक)
(मार्च 02, 2015 से यथातिथि)
Dr. Kshatrapati Shivaji (Chairman & Managing Director) (March 02, 2015 – till date)

निदेशकों की समितियाँ (यथा 31 मार्च 2016)
Committees of Directors (As on March 31, 2016)

कार्यपालक समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री एस.हरिहरन
श्री सत्यानंद मिश्रा

लेखा-परीक्षा समिति

श्री सत्यानंद मिश्रा, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री पंकज जैन
श्री एस.के.वी.श्रीनिवासन
श्री एस.हरिहरन
श्री आर.रामचंद्रन

जोखिम प्रबन्धन समिति

श्री आर.रामचंद्रन, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री एस.के.वी.श्रीनिवासन
श्री जे. चन्द्रशेखरन

उच्च राशि की धोखाधड़ी की निगरानी हेतु विशेष समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री पंकज जैन
श्री एस.के.वी.श्रीनिवासन
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री एस. हरिहरन

Executive Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri J. Chandrasekaran
Shri S. Hariharan
Shri Satyananda Mishra

Audit Committee

Shri Satyananda Mishra, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri Pankaj Jain
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri S. Hariharan
Shri R. Ramachandran

Risk Management Committee

Shri R. Ramachandran, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri J. Chandrasekaran

Special Committee to Monitor Large Value Frauds

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri Pankaj Jain
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri J. Chandrasekaran
Shri S. Hariharan

निदेशकों की समितियाँ (यथा 31 मार्च 2016)
Committees of Directors (As on March 31, 2016)

सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति

श्री सत्यानंद मिश्रा, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री एस.के.वी.श्रीनिवासन
श्री पुष्पिंदर सिंह (बाह्य विशेषज्ञ)

Information Technology Strategy Committee

Shri Satyananda Mishra, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri Pushpinder Singh (External Expert)

ग्राहक सेवा समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री एस.हरिहरन

Customer Service Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri J. Chandrasekaran
Shri S. Hariharan

मानव संसाधन संचालन समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री पंकज जैन
श्री जे. चन्द्रशेखरन
श्री सत्यानंद मिश्रा
डॉ. चित्रा राव (बाह्य विशेषज्ञ)

HR Steering Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri Pankaj Jain
Shri J. Chandrasekaran
Shri Satyananda Mishra
Dr. Chitra Rao (External Expert)

वसूली समीक्षा समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी
श्री अजय कुमार कपूर
श्री मनोज मित्तल
श्री पंकज जैन
श्री एस.के.वी.श्रीनिवासन
श्री आर.रामचंद्रन

Recovery Review Committee

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Ajay Kumar Kapur
Shri Manoj Mittal
Shri Pankaj Jain
Shri S.K.V. Srinivasan
Shri R. Ramachandran

निदेशकों की समितियाँ (यथा 31 मार्च 2016)
Committees of Directors (As on March 31, 2016)

इरादतन चूककर्ता तथा असहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष
श्री सत्यानंद मिश्रा
श्री आर.रामचंद्रन

Review Committee on Wilful defaulters & Non-cooperative borrowers

Dr. Kshatrapati Shivaji, Chairman
Shri Satyananda Mishra
Shri R. Ramachandran

पारिश्रमिक समिति

श्री पंकज जैन
श्री एस.हरिहरन
श्री सत्यानंद मिश्रा

Remuneration Committee

Shri Pankaj Jain
Shri S. Hariharan
Shri Satyananda Mishra

मिशन
Mission

एमएसएमई के लिए ऋण-प्रवाह सुगम व सुदृढ़ बनाना और एमएसएमई पारितंत्र के वित्तीय एवं विकासपरक, दोनों प्रकार के अन्तरालों की पूर्ति करना।

To facilitate and strengthen credit flow to MSMEs and address both financial and developmental gaps in the MSME eco-system.

प्रगति एक दृष्टि में
Progress at a Glance

(₹ करोड़ / crore)

यथा 31 मार्च / As on March 31	1991	2013	2014	2015	2016
बकाया संविभाग / Outstanding Portfolio	5176.8	56,059.8	61270.7	55342.6	65632.1
पूँजी / Capital - अधिकृत / Authorised	500.0	1,000.0	1,000.0	1,000.0	1,000.0
- प्रदत्त / Paid-up	450.0	450.0	450.0	450.0	487.0
आरक्षितियाँ एवं निधियाँ / Reserves and Funds	44.9	7,053.3	8,042.3	9329.6	11108.3
कुल आय (प्रावधान-पश्चात्) / Total Income (Net of provisions)	425.1	4,557.6	5186.0	5938.5	5559.5
निवल लाभ / Net Profit	35.6	837.4	1,118.3	1417.1	1177.5
शेयरधारकों को लाभांश / Dividend to Shareholders	5.0	112.5	112.5	112.5	94.7
औसत बकाया संविभाग पर प्रतिलाभ (%) Return on Avg. Outstanding Portfolio (%)	0.7	2.3	2.7	3.8	2.9
निवल बकाया संविभाग के प्रतिशत के रूप में मानक आस्तियाँ Standard Assets as percentage of net outstanding portfolio	100	99.47	99.55	99.22	99.27
पूँजी व जोखिम आस्ति का अनुपात (%) Capital to Risk Assets Ratio (%)	13.9	28.1	30.75	36.69	29.86

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का वक्तव्य
Chairman and Managing Director's Statement

वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सिडबी का निदेशक-मण्डल और प्रबन्धन-दल स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। मैं हर्ष-पूर्वक सूचित करता हूँ कि वित्तीय वर्ष 2015-16 आपके बैंक के लिए काफी घटना-प्रधान रहा। इस दौरान बहुत-से कार्यनीतिक व्यावसायिक प्रयास किए गए, तुलन-पत्र तथा व्यावसायिक कार्य-निष्पादन में ज़ोरदार वृद्धि हुई और आपके बैंक को बहुत-से पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हुए।

वित्तीय वर्ष 2015-16 की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि आपके बैंक के तुलनपत्र के आकार में 25.7% की वृद्धि हुई और वह ₹ 75,000 करोड़ के मुकाम को पार करता हुआ 31मार्च 2016 को ₹ 76,478 करोड़ पर जा पहुँचा। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने व्यवसाय में भी प्रबल वृद्धि दर्शायी। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कुल एमएसएमई ऋण बकाया 18.6% बढ़कर ₹ 65,632 करोड़ हो गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2014-15 में यह ₹ 55,343 करोड़ रहा था।

यह वृद्धि भारत के एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए किए गए सिडबी के बहुमुखी कार्यों के कारण ही

The Board of Directors and the Management team of SIDBI are privileged to present the Bank's Annual Report for the financial year 2015-16. It is my pleasure to inform that the year 2015-16 was quite eventful in terms of a number of strategic business initiatives taken by your Bank, followed by strong balance sheet growth and business performance and number of awards and accolades to your Bank.

An important milestone during FY 2015-16 is that the balance-sheet size of your Bank crossed the ₹ 75,000 crore mark by registering 25.7% growth to reach ₹ 76,478 crore as on March 31, 2016. The Bank also showed strong business growth during FY 2015-16. The total MSME credit outstanding increased by 18.6% during FY 2015-16 to ₹ 65,632 crore as against ₹ 55,343 crore in FY 2014-15.

Such growth could be possible due to multifarious functions performed by SIDBI for

संभव हो पाई। सिडबी के 'क्रेडिट-प्लस' दृष्टिकोण में एमएसएमई को केवल वित्तपोषण सहायता दिया जाना ही शामिल नहीं है, बल्कि परामर्श सेवाओं, कौशल विकास, विपणन सहायता, क्लस्टर विकास आदि क्षेत्रों में उन्हें विकासपरक सहायता दिया जाना भी शामिल है। इसके 'सिडबी-प्लस' दृष्टिकोण में इसकी सहयोगी व सहायक संस्थाओं के ज़रिए एमएसएमई क्षेत्र पर एकीकृत बल दिया जाना शामिल है। ये संस्थाएं हैं:-एमएसएमई को उद्यम पूँजी प्रदान करने के लिए-सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल); ₹100 लाख तक के संपार्श्विक-रहित/तृतीय पक्ष-गारंटी रहित ऋणों को ऋण गारंटी प्रदान करने के लिए-सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई); एमएसएमई की क्रेडिट रेटिंग के लिए-स्मेरा रेटिंग्स् लिमिटेड; प्रौद्योगिकी सलाह और परामर्श सेवाओं के लिए- इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज लि.; एमएसएमई क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों के तेजी से समाधान के लिए-इंडिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (आइसार्क); और देश के अनिधिकृत, स्वरोजगार-रत एवं लघु व्यवसायों के निधीयन के लिए-माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रीफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा)। इस प्रकार, भारतीय अर्थव्यवस्था को निरन्तर सुदृढ़ व जीवन्त बनाने की दिशा में अपनी सर्वसमावेशी पहलकदमियों के ज़रिए सिडबी न केवल बैंकों और वित्तीय संस्थाओं, बल्कि भारत सरकार से उपलब्ध सहायता और कार्यक्रमों की भी परिपूर्ति और अनुपूर्ति करता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को और अधिक समावेशी तथा टिकाऊ तरीके से बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल के वर्षों में भारत सरकार ने बहुत-से प्रयास किए हैं, जैसे- मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट आदि। हमारे राष्ट्र और खास तौर से एमएसएमई को और अधिक ऊँचाइयों पर

the promotion, financing and development of the MSME sector of India. Its 'Credit Plus' approach spans to cover not only financing support but also developmental assistance to MSMEs in the areas of advisory services, skill development, marketing assistance, cluster development, etc. Its 'SIDBI Plus' approach covers integrated thrust to MSME sector through its associates and subsidiaries such as, SIDBI Venture Capital Limited (SVCL) for providing Venture Capital (VC) assistance to MSMEs, Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE) to provide credit guarantee coverage to collateral free / third-party guarantee free loans up to ₹100 lakh, SMERA Ratings Limited (SMERA) for credit rating of MSMEs, India SME Technology Services Limited (ISTSL) for technology advisory and consultancy services, India SME Asset Reconstruction Company Limited (ISARC) for speedier resolution of non-performing assets (NPAs) in MSME sector and Micro Units Development & Refinance Agency (MUDRA) to fund the unfunded, self-employed and small businesses in the country. Thus, through its holistic interventions, SIDBI supplements and complements not only the banks and financial institutions, but also the Government of India in their support and programmes to make the Indian economy stronger and vibrant.

During the recent years, the Government of India has come out with various initiatives like Make in India, Start-up India, Stand-up India, Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana (PMJDY), Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY), Digital India, Skill India, Zero Effect Zero Defect, etc., to boost the Indian economic growth in a more inclusive and sustainable manner. Your Bank is

ले जाने की दिशा में आपका बैंक भारत सरकार की सहायता करने में लगातार जुटा रहा है। इस उद्देश्य से आपके बैंक ने कई तरह की व्यावसायिक पहलकदमियाँ की हैं, जो इस प्रकार हैं:

- ₹1,000 करोड़ की 'सिडबी मेक इन इंडिया' निधि की स्थापना, ताकि अर्थव्यवस्था के 25 क्षेत्रों को केन्द्रित करते हुए, एमएसएमई को विश्व-स्तरीय विनिर्माण की धुरी बनाया जा सके। इस निधि के अंतर्गत चिह्नित एमएसएमई क्षेत्रों को रियायती वित्त प्रदान किया जाता है।

- ₹10,000 करोड़ के 'सिडबी मेक इन इंडिया सॉफ्ट लोन फंड फॉर माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस (स्माइल)' की स्थापना, ताकि अपेक्षित ऋण-ईक्विटी अनुपात की पूर्ति हेतु एमएसएमई को अर्ध-ईक्विटी के रूप में सुलभ ऋण और नये एमएसएमई की स्थापना और साथ ही, मौजूदा एमएसएमई को विकास के अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से अपेक्षाकृत सुगम शर्तों पर सावधि ऋण उपलब्ध कराया जा सके।

- 'स्टैंड-अप इंडिया' के सुचारु कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिडबी ने www.standupmitra.in नामक वेब-पोर्टल विकसित किया है। इसे आवेदन फॉर्म प्राप्त करने और सूचना प्रदान करने, पंजीकरण करने, पथ-प्रदर्शन के लिए लिंक देने, मदद करने और ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग के लिए तैयार किया गया है। इससे प्रति बैंक शाखा कम से कम एक अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति उधारकर्ता और कम से कम एक महिला उधारकर्ता को पहली बार उद्यम स्थापित करने के लिए ₹10 लाख से ₹1 करोड़ तक का बैंक ऋण देने के इच्छित उद्देश्य की पूर्ति करने में हमारी बैंकिंग व्यवस्था को मदद मिलेगी। इस पोर्टल पर 1.07 लाख से अधिक बैंक शाखाएँ और 17,000 मार्गदर्शक एजेंसियाँ हैं और यह किसी सत्याभासी ऋण-बाज़ार की तरह काम कर

continuously striving to support the Government of India in taking our nation and MSMEs, in particular, to greater heights. In that direction, your Bank has come out with a number of business initiatives as mentioned below:

- Setting up a ₹1,000 crore 'SIDBI Make in India' fund to make MSMEs a world-class manufacturing hub with focus on 25 sectors of the economy. Under this Fund, concessional finance is provided to identified MSME sectors.

- Creating a ₹10,000 crore **'SIDBI Make in India Soft Loan Fund for Micro, Small & Medium Enterprises (SMILE)'** to make available soft loan to MSMEs, in the nature of quasi-equity to meet the required debt-equity ratio and term loan on relatively soft terms for establishment of new MSMEs, as also for pursuing opportunities for growth for existing MSMEs.

- In order to foster smooth implementation of "Stand-Up India" Scheme, SIDBI developed a web-portal *"www.standupmitra.in"* which is designed to obtain application forms, provide information, enable registrations, provide links for handholding, tracking and monitoring. This will enable our banking system to fulfil the intended objective of providing bank loans between ₹10 lakh and ₹1 crore to at least one Scheduled Caste (SC) or Scheduled Tribe (ST) borrower and at least one woman borrower per bank branch for setting up a green-field enterprise. This portal, with more than 1.07 lakh bank branches and 17,000 handholding agencies, is functioning as a virtual loan

रहा है, जहाँ ऋण चाहने वालों के लिए मंजूरी-पूर्व मैच-मेकिंग सेवाएं उपलब्ध हैं।

- अर्थव्यवस्था का इतिहास बताता है कि आर्थिक विकास की कोई भी लहर उठने से पहले स्टार्ट-अप्स के नेतृत्व में व्यावधानिक नवोन्मेष का दौर आता है। भारतीय अर्थव्यवस्था इसी प्रकार की नवोन्मेष-आधारित संरचनागत प्रगति की दहलीज़ पर खड़ी है। भारत सरकार का 'स्टार्ट-अप इंडिया' कार्यक्रम इसे उत्प्रेरित कर रहा है। हमारे एमएसएमई स्टार्ट-अप्स की मदद करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने ₹2,000 करोड़ के इंडिया ऐस्पिरेशन फंड (आईएएफ) की स्थापना की। इसे उद्यम पूँजी निधियों में निवेश के लिए निधियों की निधि के रूप में उपयोग किया जाना है, जो, फलतः इस निधि को एमएसएमई में निवेश करेंगी। यह निवेश सिडबी की वचनबद्धता के दुगने अथवा उद्यम पूँजी निधि की समूह-निधि के 50% तक (जो भी अधिक हो) हो सकता है।

- सिडबी ने www.sidbistartupmitra.in नामक ऑन-लाइन प्लैटफ़ॉर्म भी तैयार किया है, जो स्टार्ट-अप उद्यमियों को विभिन्न हित-धारकों, जैसे संपोषकों, मार्ग-दर्शकों, ऐंजल नेटवर्कों, उद्यम पूँजी निधियों आदि से संपर्क करने में मददगार सिद्ध हो रहा है।

- इसे और आगे ले जाने के उद्देश्य से www.venturefund.sidbi.in नामक एक नई वेबसाइट विकसित की गई, ताकि उद्यम पूँजी निधियों के माध्यम से एमएसएमई को अधीनस्थ ऋण और ईक्विटी सहायता के रूप में प्रत्यक्ष जोखिम पूँजी सहायता प्रदान की जा सके।

- स्टार्ट-अप्स के लिए ₹10,000 करोड़ की समूह निधि (चार वर्ष की अवधि में प्रति वर्ष ₹2,500 करोड़) निर्मित किए जाने के बारे में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 16 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में की गई घोषणा के उपरान्त बजटीय सहायता के रूप में वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान ₹500 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है।

market place offering pre-sanction match-making services for loan seekers.

- Economics history indicates that any new wave of economic growth is preceded by disruptive innovations led by start-ups. Indian economy is poised for such an innovation-based structural progression, triggered by the 'Start-up India' programme of the Government of India. To help our MSME start-ups, your Bank created a ₹2,000 crore India Aspiration Fund (IAF) to be utilized as a Fund of Funds for making investments in Venture Capital Funds (VCFs) which would, in turn, make investments in MSMEs to the extent of twice the commitment of SIDBI or 50% of the corpus of the VCF, whichever is more.

- SIDBI also prepared an on-line platform *"www.sidbistartupmitra.in"*, which enables start-up entrepreneurs to get connected with various stake-holders namely incubators, mentors, angel networks, venture capital funds, etc.

- To take it further, a new website *"www.venturefund.sidbi.in"* was developed for Direct Risk Capital assistance to MSMEs in the form of sub-debt and equity assistance through Venture Capital Funds.

- Subsequent to the announcement by Hon'ble Prime Minister on January 16, 2016 at New Delhi to create a fund corpus of ₹10,000 crore (₹2,500 crore every year for a period of four years) for start-ups, an amount of ₹500 crore has since been received in FY 2016 as budgetary support.

- एमएसएमई मंत्रालय की नवोन्मेषिता, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्द्धन योजना "अ स्कीम फॉर प्रोमोशन ऑफ इनोवेशन, रूरल इंडस्ट्री एंड आंत्रप्रन्योरशिप (ऐस्पायर)" निधि के अंतर्गत ₹60 करोड़ सिडबी को आवंटित व संवितरित किए गए, ताकि ऐसी उद्यम पूँजियों में निवेश के लिए निधि का प्रबन्धन किया जा सके, जिनका बल ग्रामीण क्षेत्रों और कृषि उद्योगों के स्टार्ट-अप्स तथा शुरुआती चरण वाले उद्यमों पर केन्द्रित है।

उपर्युक्त के अलावा आपके बैंक ने इस वर्ष के दौरान कुछ और प्रयास भी किए, जो इस प्रकार हैं:

- एक नए ट्रेड रिसीवेबल्स ई-डिस्काउंटिंग सिस्टम (ट्रेड्स) की स्थापना। यह आपके बैंक और राष्ट्रीय स्टॉक एक्स्चेंज के एनएसई स्ट्रैटजिक इनवेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएसआईसीएल) का संयुक्त उपक्रम है। इसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से 'सिद्धान्ततः' अनुमोदन लिया गया है। ट्रेड्स के ज़रिए एमएसएमई अपनी प्राप्य लिखतों को सिस्टम पर पोस्ट कर पाएँगे और उनका वित्तपोषण करा पाएंगे। इस प्रकार एमएसएमई क्षेत्र की देर से भुगतान मिलने की समस्या का समाधान हो पाएगा।

- एनएसई-एसएमई प्लैटफॉर्म 'इमर्ज' पर अपने एक ग्राहक के सार्वजनिक निर्गम के लिए सह-अग्रणी प्रबन्धक के रूप में काम करते हुए पहली बार व्यापारिक बैंकिंग गतिविधि का प्रारम्भ।

- हेजिंग की लागत में कमी लाने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्थाओं के लिए वैकल्पिक हेजिंग प्रणालियाँ प्रारम्भ।
- एमएफआई, अल्प आस्ति व्यवसाय, नकदी-आधारित व्यवसाय, वाणिज्यिक भूसंपदा व्यवसाय तथा प्रतिभूत व्यवसाय ऋण के लिए नये जोखिम रेटिंग मॉडलों का क्रियान्वयन।

- Under "A Scheme for Promotion of Innovation, Rural Industry and Entrepreneurship (ASPIRE)" Fund of Ministry of MSME, ₹60 crore was allocated and disbursed to SIDBI for managing the fund for investing in VCs with investment focus on start-up and early stage enterprises in the areas of Rural and Agro Industries.

In addition to the above, your Bank also took some more initiatives during the year like:

- Setting up of a new Trade Receivables e-Discounting System (TReDS) as a joint venture between your Bank and the National Stock Exchange's NSE Strategic Investment Corporation Limited (NSICL), after obtaining "in-principle" approval from Reserve Bank of India. TReDS will allow MSMEs to post their receivables on the system and get them financed, thereby addressing the problem of delayed payments of MSME sector.

- Commencing merchant banking activities for the first time by acting as co-lead manager for the public issue of one of its customers on NSE-SME platform "EMERGE",

- Introducing alternate hedging mechanisms for Foreign Currency Lines of Credit to reduce the cost of hedging.
- Implementing new Risk Rating models for MFIs, Asset Light Business, Cash flow based business, Commercial Real Estate business and Secured Business Loan.

ग्राहक संतुष्टि आपके बैंक की प्राथमिकता है। प्रत्यक्ष वित्त ग्राहकों के लिए वर्ष के दौरान 'सिडबी मित्र' नामक मोबाइल ऐप विकसित किया गया। इससे सिडबी के ग्राहकों को उनके खातों से संबंधित सूचना दी जा सकती है, रिलेशनशिप प्रबन्धक से सीधे मोबाइल संदेश भेजे जा सकते हैं और ऋण लेजर, माँग सूचना आदि से संबंधित सेवा-अनुरोध किए जा सकते हैं। ऐप के माध्यम से जनरेट होनेवाले ग्राहकों के संदेशों और अनुरोधों की निगरानी के उद्देश्य से सिडबी अधिकारियों के लिए तथा उपयोगकर्ताओं को रिलेशनशिप प्रबन्धकों द्वारा संदेश भेजने के लिए भी एक इंटरफेस आरंभ किया गया है।

एमएसएमई का क्षमता-विकास सिडबी की परिचालन-व्यवस्था का अंतरंग हिस्सा है। आपके बैंक ने ग्रामीण उद्योगीकरण, उद्यमिता विकास, कौशल उन्नयन, विपणन सहायता, वित्तीय साक्षरता, ऋण सलाह सेवाओं, क्लस्टर विकास आदि के ज़रिए संवर्द्धन और विकास (पीएंडडी) के बहुत-से प्रयास किए हैं। इन संवर्द्धन और विकासपरक प्रयासों से एमएसएमई क्षेत्र के 2.3 लाख से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं और 1.5 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। इनसे 80,000 से अधिक इकाइयों की स्थापना में मदद मिली है, जिनमें से अधिकतर ग्रामीण उद्यम हैं।

आपके बैंक की धारणा है कि एमएसएमई के विकास के बिना भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास नहीं हो सकता। सिडबी द्वारा एमएसएमई को वित्तीय एवं विकासपरक सहायता दी जाती रहेगी, ताकि वे उच्चतर वृद्धि-स्तर हासिल कर सकें। उत्पादों, प्रक्रियाओं तथा प्रदायगी-पद्धति में नवोन्मेषिता के ज़रिए इसकी भूमिका को और प्रभावशाली बनाया जाएगा, ताकि एमएसएमई पारितंत्र के विभिन्न वित्तीयन एवं विकासपरक अन्तरालों का समाधान प्रस्तुत किया जा सके। स्टार्ट-अप्स, नये युग की ज्ञान-आधारित कंपनियों, मूलभूत संरचना, टिकाऊ वित्त, वित्तपोषण

Customer satisfaction is a priority of your Bank. During the year, a mobile app 'SIDBI Mitra' was developed for direct finance customers to facilitate providing information related to accounts of the customers with SIDBI, channel for mobile messaging directly with the Relationship Manager (RM), service requests related to loan ledger, demand advices etc. An interface for SIDBI officers has also been made operational for monitoring the communication and requests from the customers generated through the App and also for sending messages to the users by RMs.

Capacity building of MSMEs is an integral part of SIDBI's operational architecture. Your Bank has made a number of promotional & developmental (P&D) initiatives through rural industrialization, entrepreneurship development, skill upgradation, marketing support, financial literacy, credit advisory services, cluster development and so on. These P&D interventions have benefitted more than 2.3 lakh persons in the MSME sector, created more than 1.5 lakh employments, helped in setting up more than 80,000 units, mostly rural enterprises.

Your Bank recognizes that the growth of MSMEs is indispensible for the growth of Indian economy. To make the MSMEs attain higher growth level, SIDBI would continue to provide financial and developmental support to MSMEs. Its role would be more effective through innovative products, processes and delivery to address various financial and developmental gaps in the MSME eco-system. Greater thrust on start-ups, knowledge-based new age companies, infrastructure, sustainable finance, cluster-

और विकास दोनों के लिए क्लस्टर-केन्द्रित पहलकदमियाँ आपके बैंक के प्रयासों का आधार-स्तंभ बनेंगी, ताकि आनेवाले वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र और अधिक मज़बूत, टिकाऊ, अधिकाधिक समावेशी तथा प्रतिस्पर्द्धी बनकर उभर सके।

centric interventions for both finance and development, etc. would act as guide-posts of your Bank's efforts to make our MSME sector stronger, sustainable, more inclusive and highly competitive in the coming years.

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

(Dr. Kshatrapati Shivaji)
Chairman & Managing Director

निदेशकों की रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2015-16
Directors' Report FY 2015-16

बैंक का निदेशक-मंडल 31 मार्च 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के समग्र व्यवसाय एवं परिचालनों की रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत कर रहा है।

आपके बैंक की स्थापना भारत के एमएसएमई क्षेत्र का संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास करने तथा इसी प्रकार की गतिविधियों में संलग्न संस्थाओं के साथ समन्वय करनेवाली प्रमुख वित्तीय संस्था के रूप में संसद के अधिनियम के तहत 1990 में की गई थी। एमएसएमई को वित्तीय सहायता (क) एमएसएमई को आगे उधार देने के उद्देश्य से बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं को उपलब्ध अप्रत्यक्ष वित्त / पुनर्वित्त और (ख) चुनिंदा क्षेत्रों में प्रत्यक्ष वित्त के रूप में प्रदान की जाती है।

अप्रत्यक्ष ऋण में बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों को पुनर्वित्त सहायता, बैंकों को बिल पुनर्भुनाई सहायता, अल्प वित्त संस्थाओं को सहायता तथा विभिन्न संस्थाओं और एजेंसियों को संसाधन सहायता शामिल है। यह बैंक के कुल ऋण बकाया का लगभग 83% है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अप्रत्यक्ष वित्त में 24% की वृद्धि हुई और वह ₹54,235 करोड़ हो गया, जबकि बैंकों/वित्तीय संस्थाओं को पुनर्वित्त (जोकि कुल अप्रत्यक्ष वित्त का लगभग 86% और कुल ऋण बकाया का लगभग 71% है) में 22% की वृद्धि हुई।

आपके बैंक की प्रत्यक्ष वित्तपोषण-रणनीति जोखिम पूँजी/ ईक्विटी वित्त, टिकाऊ वित्त, प्राप्य वित्त तथा सेवा क्षेत्र वित्त जैसे चुनिंदा वित्तीय अंतरालों के समाधान की दिशा में उन्मुख है। इस प्रकार सिडबी एमएसएमई की विविध और आयामी ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के संबंध

The Board of Directors of the Bank takes pleasure in presenting its Report on the overall business and operations of your Bank for the financial year ended March 31, 2016.

Your Bank was set up in 1990 under an Act of the Parliament as the principal financial institution for the promotion, financing and development of the Micro, Small and Medium Enterprise (MSME) sector in India in addition to co-ordination with institutions engaged in similar activities. Financial support to MSMEs is provided by way of (a) Indirect finance / refinance to banks / Financial Institutions for onward lending to MSMEs and (b) direct finance in the niche areas.

Indirect finance comprises refinancing support to banks, State Financial Corporations (SFCs), Bills Rediscounting support to banks, assistance to Microfinance Institutions (MFIs) and resource support to various institutions and agencies and it constitutes about 83% of total credit outstanding of your Bank. While the indirect finance increased by 24% to ₹54,235 crore, refinance to banks / FIs which constitutes around 86% of total indirect finance and around 71% of total credit outstanding, increased by 22% during the year under review.

The direct finance strategy of your Bank is oriented to address the niche financial gaps like risk capital / equity finance, sustainable finance, receivable finance and service sector finance. In this way, SIDBI is complementing and supplementing the efforts of banks / FIs in

में बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की परिपूर्ति और अनुपूर्ति कर रहा है। सिडबी की व्यवसाय-रणनीति एमएसएमई पारितंत्र के वित्तीय एवं गैर-वित्तीय अंतरालों का समाधान प्रस्तुत करने की है।

I. व्यवसाय-कार्यनिष्पादन

यथा 31 मार्च 2016, आपके बैंक का बकाया संविभाग 18.6% बढ़कर ₹65,632 करोड़ हो गया, जबकि 31 मार्च 2015 को यह ₹55,343 करोड़ रहा था। यथा 31 मार्च 2016 संचयी संवितरण 4.50 लाख करोड़ रहे, जिससे एमएसएमई क्षेत्र के 350 लाख से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हुए।

वर्ष के दौरान आपके बैंक की कुल आय बढ़कर ₹5,784.61 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह ₹5,741.47 करोड़ रही थी। इस अवधि में कुल व्यय ₹3,922.99 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह ₹3,823.24 करोड़ रहा था। वर्ष का कर-पूर्व लाभ ₹1,636.47 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹2,115.24 करोड़ रहा था। वर्ष का (कर-पश्चात् एवं आस्थगित कर समायोजन पश्चात्) निवल लाभ ₹1,177.46 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹1,417.13 करोड़ रहा था। आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए 20% लाभांश घोषित किया है और स्थापना के बाद से निर्बाध रूप से लाभांश भुगतान का रिकॉर्ड जारी रखे हुए है।

II. व्यावसायिक प्रयास

एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और सुदढ़ीकरण के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने बहुत-से महत्त्वपूर्ण व्यावसायिक प्रयास किए। कुछ महत्वपूर्ण प्रयासों का उल्लेख आगे किया जा रहा है:

- भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सिडबी ने ₹1,000 करोड़ की समूह-निधि से 'सिडबी मेक इन इंडिया' निधि

meeting diverse credit needs of MSMEs. The business strategy of SIDBI is to address the financial and non-financial gaps in MSME eco-system.

I. Business Performance

The outstanding portfolio of your Bank increased by 18.6% to ₹65,632 crore as on March 31, 2016 from ₹55,343 crore as on March 31, 2015. The cumulative disbursements as on March 31, 2016 stood at ₹4.50 lakh crore, benefiting more than 350 lakh persons in the MSME sector.

The total income of your Bank during the year increased to ₹5,784.61 crore as compared to ₹5,741.47 crore during the previous year. The total expenditure during the corresponding period was ₹3,922.99 crore as compared to ₹3,823.24 crore during the previous year. The Profit Before Tax for the year was ₹1,636.47 crore, compared to ₹2,115.24 crore in the previous year. The Net Profit (After Tax and Deferred Tax Adjustment) was ₹1177.46 crore as against ₹1,417.13 crore in the previous year. Your Bank continues its uninterrupted dividend payment record since inception and for the FY 2015-16, it paid dividend of 20%.

II. Business Initiatives

During FY 2015-16, your Bank undertook a number of strategic business initiatives to promote and strengthen the MSME sector. Some important initiatives are:

- In order to take forward the Govt. of India's 'Make in India' programme, SIDBI set up 'SIDBI Make in India' fund with a corpus of ₹1,000 crore to make MSMEs a

समूहित की, ताकि एमएसएमई को विश्व-स्तरीय विनिर्माण केन्द्र बनाया जा सके। इस निधि के अंतर्गत अर्थव्यवस्था के 25 चिह्नित क्षेत्रों में एमएसएमई को रियायती वित्त प्रदान किया जाता है।

- सिडबी ने ₹10,000 करोड़ का 'सिडबी मेक इन इंडिया सॉफ्ट लोन फंड फॉर माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेस (स्माइल)' आरंभ किया, ताकि एमएसएमई को अर्ध-ईक्विटी के रूप में सुलभ ऋण प्रदान किया जा सके, जिससे नये एमएसएमई की स्थापना के साथ-साथ मौजूदा एमएसएमई को विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए अपेक्षित ऋण-ईक्विटी अनुपात की पूर्ति हो सके और अपेक्षाकृत उदार शर्तों पर सावधि ऋण मिल सके।

- आपके बैंक ने ₹2,000 करोड़ का इंडिया ऐस्पिरेशन फंड (आईएएफ) स्थापित किया। इसका उपयोग उद्यम पूँजी निधियों में निवेश के लिए निधियों की निधि के रूप में किया जा रहा है। ये निधियाँ एमएसएमई में निवेश करेंगी, जो सिडबी की वचनबद्धता का दुगना अथवा उद्यम पूँजी निधि की समूह-निधि का 50% (जो भी अधिक हो) होगा। यथा 31 मार्च, 2016 आईएएफ के अंतर्गत सिडबी ने 19 उद्यम पूँजी निधियों को ₹607 करोड़ की वचनबद्धता की है।

- भारत सरकार के 'स्टार्ट-अप इंडिया' कार्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिडबी ने www.sidbistartupmitra.in नामक ऑन-लाइन प्लैटफॉर्म तैयार किया है। यह देश भर में कहीं भी स्थित स्टार्ट-अप समुदाय के उद्यमियों को विभिन्न हित-धारकों, जैसे- संपोषकों, मार्गदर्शकों, ऐंजल नेटवर्कों, उद्यम पूँजी निधियों आदि से संपर्क स्थापित करने में मदद करता है। यथा 31 मार्च 2016, लगभग 500 स्टार्ट-अप, 48 संपोषक तथा 50 निवेशकर्ता इस प्लैटफॉर्म पर पंजीकृत हो चुके हैं।

- एमएसएमई को उद्यम पूँजी निधियों के माध्यम से

world-class manufacturing hub. Under the fund, concessional finance is provided to MSMEs in identified 25 sectors of the economy.

- SIDBI launched a ₹10,000 crore 'SIDBI Make in India Soft Loan Fund for Micro, Small & Medium Enterprises (SMILE)' to make available soft loan to MSMEs, in the nature of quasi-equity to meet the required debt-equity ratio and term loan on relatively soft terms for establishment of new MSMEs, as also for pursuing opportunities for growth for existing MSMEs.

- Your Bank constituted a ₹2,000 crore India Aspiration Fund (IAF) which is being utilized as a Fund of Funds for making investments in Venture Capital Funds (VCFs) which would, in turn, make investments in MSMEs to the extent of twice the commitment of SIDBI or 50% of the corpus of the VCF whichever is higher. As on March 31, 2016, SIDBI committed ₹607 crore to 19 VCFs under IAF.

- To promote the "Start-up India' programme of Govt. of India, SIDBI prepared an on-line platform "www.sidbistartupmitra.in", which enables entrepreneurs in the start-up community located anywhere in the country to get connected with various stake-holders, namely, incubators, mentors, angel networks, venture capital funds, etc. Around 500 startups, 48 incubators and 50 investors have already registered on this platform as on March 31, 2016.

- A new website *www.venturefund.sidbi.in*

अधीनस्थ ऋण और ईक्विटी सहायता के रूप में प्रत्यक्ष जोखिम पूँजी सहायता प्रदान करने के लिए www.venturefund.sidbi.in नामक एक नई वेबसाइट विकसित की गई।

- स्टार्ट-अप्स के लिए ₹ 10,000 करोड़ की समूह निधि (चार वर्ष की अवधि तक ₹ 2,500 करोड़ प्रतिवर्ष) स्थापित करने के बारे में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 16 जनवरी 2016 को नई दिल्ली में की गई घोषणा के पश्चात् बजटीय सहायता के रूप में वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹ 500 करोड़ प्राप्त हुए हैं।

- एमएसएमई मंत्रालय की "अ स्कीम फॉर प्रोमोशन ऑफ इनोवेशन, रूरल इंडस्ट्री एंड आंत्रप्रन्योरशिप (ऐस्पायर)" निधि के अंतर्गत सिडबी को ₹ 60 करोड़ आवंटित व संवितरित किए गए, ताकि वह ग्रामीण एवं कृषि उद्योग के क्षेत्रों में स्टार्ट-अप एवं शुरुआती चरण के उद्यमों में निवेश पर केन्द्रित उद्यम पूँजियों में निवेश हेतु निधि का प्रबंधन कर सके।

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने एनएसई-एसएमई प्लैटफॉर्म "इमर्ज" पर अपने एक ग्राहक के सार्वजनिक निर्गम के लिए सह-अग्रणी प्रबन्धक के रूप में काम करते हुए व्यापारिक बैंकिंग गतिविधि प्रारम्भ की।

- हेजिंग की लागत में कमी लाने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा ऋण-व्यवस्थाओं के लिए वैकल्पिक हेजिंग प्रणालियाँ प्रारम्भ की गईं।

- एमएफआई, अल्प आस्ति व्यवसाय, नकदी प्रवाह आधारित व्यवसाय, वाणिज्यिक भूसंपदा व्यवसाय तथा प्रतिभूत व्यवसाय ऋण के लिए नये जोखिम रेटिंग मॉडलों का क्रियान्वयन किया गया।

- कर्नाटक लघु उद्योग संघ, राष्ट्रीय बैंक प्रबन्धन

was developed for Direct Risk Capital assistance to MSMEs in the form of sub-debt and equity assistance through Venture Capital (VC) funds.

- Subsequent to the announcement by Hon'ble Prime Minister on January 16, 2016 at New Delhi to create a fund corpus of ₹ 10,000 crore (₹ 2,500 crore every year for a period of four years) for start-ups, an amount of ₹ 500 crore has since been received in FY 2015-16 as budgetary support.

- Under "A Scheme for Promotion of Innovation, Rural Industry and Entrepreneurship (ASPIRE)" Fund of Ministry of MSME, ₹ 60 crore was allocated and disbursed to SIDBI for managing the fund for investing in VCs with investment focus on start-up and early stage enterprises in the areas of Rural and Agro Industries.

- During the year under review, your Bank commenced its merchant banking activities by acting as co-lead manager for the public issue of one of its customers in NSE-SME platform "EMERGE".

- Alternate Hedging Mechanisms for Foreign Currency Lines of Credit were introduced to reduce the cost of hedging.

- New Risk Rating models for MFIs, Asset Light Business, cash-flow based business, Commercial Real Estate business and Secured Business Loan were implemented.

- New financing channels were created

संस्थान, राइ उद्योग संघ, निकट दिल्ली, कोयम्बत्तूर जिला लघु उद्योग संघ (कोडिसिया) और चैंबर ऑफ स्मॉल इंडस्ट्रीज ऐसोसिएशन (कोसिया) जैसे उद्योग संघों के ज़रिए नए वित्तीयन माध्यमों का निर्माण किया गया।

- नया उद्यम लगाने के लिए प्रति बैंक शाखा अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के कम से कम एक उधारकर्ता और कम से कम एक महिला उधारकर्ता को ₹10 लाख से ₹1 करोड़ तक का बैंक ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 05 अप्रैल 2016 को आरंभ की गई "स्टैंड-अप इंडिया योजना" के सुचारु क्रियान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके बैंक ने www.standupmitra.in नामक वेब-पोर्टल विकसित किया है। इसे भी माननीय प्रधानमंत्री ने उसी दिन आरंभ किया। यह पोर्टल आवेदन भरने और उसे ट्रैक करने तथा ऋण सहायता के लिए शाखा/बैंक चुनने की सुविधा देने वाले ऋण-बाज़ार के रूप में काम करता है। इस पोर्टल पर 1.07 लाख से अधिक बैंक शाखाएं और 17,000 मार्गदर्शक एजेंसियाँ किसी सत्याभासी ऋण बाज़ार की तरह काम कर रही हैं, जो ऋण चाहने वालों के लिए मंजूरी पूर्व मैच-मेकिंग सेवाएँ प्रदान करती हैं।

III. व्यवसाय-परिचालन

III.1. ईक्विटी/जोखिम पूँजी

- आपके बैंक ने 2009 में एमएसएमई जोखिम पूँजी निधि (एमएसएमई-आरसीएफ) के अंतर्गत ₹2,000 करोड़ की वचनबद्ध समूह-निधि से जोखिम पूँजी परिचालनों की शुरुआत की। यह निधि पूरी तरह आहरित हो चुकी है।

through Industry Associations like Karnataka Small Scale Industries Association, National Institute of Bank Management, Rai Industries Association, near Delhi, Coimbatore District Small Scale Industries Association (CODISSIA) & Chamber of Small Industries Association (COSIA).

- In order to foster smooth implementation of "Stand-Up India Scheme" launched by Hon'ble Prime Minister on April 05, 2016 to provide bank loans between ₹10 lakh and ₹1 crore to at least one Scheduled Caste (SC) or Scheduled Tribe (ST) borrower and at least one woman borrower per bank branch for setting up a green-field enterprise, your Bank developed a web-portal *"www.standupmitra.in"* which was also launched by Hon'ble Prime Minister on that day. The portal acts as a loan market place for application filing and tracking as well as providing the facility for choice of branches/ banks for credit assistance. The portal with more than 1.07 lakh bank branches and 17,000 handholding agencies is functioning as a virtual loan market place offering pre-sanction match-making services for loan seekers.

III. Business Operations

III.1. Equity/Risk Capital

- Your Bank started the Risk Capital operations in 2009 under the MSME Risk Capital Fund (MSME-RCF) with a committed corpus of ₹2,000 crore. The Fund has been fully drawn.

- एमएसएमई-आरसीएफ के अलावा स्टार्ट-अप्स और शुरुआती चरण वाले उद्यमों की मदद करने के उद्देश्य से सिडबी सुयोग्य स्टार्ट-अप्स की पहचान करके उनकी सहायता कर रहा है। आपके बैंक ने नैसकॉम तथा इंडियन सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स इंडस्ट्रीज राउंड टेबल (इस्पिरिट) के साथ औपचारिक समझौता ज्ञापन भी निष्पादित किया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 57 स्टार्ट-अप्स को कुल ₹57.48 करोड़ की सहायता मंजूर की जा चुकी है।

- **प्रत्यक्ष जोखिम पूँजी परिचालन**

  प्रत्यक्ष परिचालनों के अंतर्गत, सुस्थापित एमएसएमई इकाइयों (संवृद्धि पूँजी के रूप में) तथा शुरुआती चरण वाले स्टार्ट-अप्स (उनके परिचालनों को स्थिरता प्रदान करने के लिए) दोनों को जोखिम पूँजी प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंत तक जोखिम पूँजी सहायता के अंतर्गत बकाया (सकल) ₹918 करोड़ था।

- **अप्रत्यक्ष जोखिम पूँजी परिचालन**

  आपका बैंक "उद्यम पूँजी निधियों/निजी ईक्विटी निधियों" को भी सहायता प्रदान करता है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के अंत में उद्यम पूँजी/निजी ईक्विटी निधियों को संचयी निवल वचनबद्धता ₹2,311 करोड़ की थी।

III.2. टिकाऊ विकास

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सिडबी ने विभिन्न बहुपक्षीय/द्विपक्षीय एजेंसियों (जैसे जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) चरण I-30 बिलियन जापानी येन, चरण II-30 बिलियन जापानी येन, चरण III-30 बिलियन जापानी येन, एजेंसी फ्रैंकाइस डि डेवलपमेंट (एएफडी), फ्रांस- 50 मिलियन यूरो और क्रेडिटांस्टाल्ट फर वीडरफबउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी- 50 मिलियन यूरो) से प्राप्त लाइन

- Besides MSME-RCF, your Bank is also assisting start-ups and early stage ventures to identify and support deserving start-ups. Your Bank had also entered into formal understanding with NASSCOM and Indian Software Products Industries Round Table (ISPIRT). So far, 57 start-ups have been sanctioned assistance aggregating ₹57.48 crore under the scheme.

- **Direct Risk Capital Operations:**

  Under direct operations, risk capital is offered to both well established MSMEs (as growth capital) and also to early stage start-ups (to stabilize their operations). As at the end of FY 2015-16, the outstanding (gross) under Risk Capital assistance was ₹918 crore.

- **Indirect Risk Capital Operations:**

  Your Bank also extends assistance to "Venture Capital Funds / Private Equity Funds". The cumulative net commitments to VC / PE Funds as at the end of FY 2015-16 stood at ₹2,311 crore.

III.2 Sustainable Development

During the year under review, SIDBI operated focused concessional lending schemes for Energy Efficiency (EE) out of Lines of Credit (LoCs) from various multilateral / bilateral agencies, viz. Japan International Co-operation Agency (JICA) Phase I - JPY 30 billion, Phase - II – JPY 30 billion, Phase - III – JPY 30 billion, Agence Française de Développement (AFD),

ऑफ क्रेडिट के ज़रिए ऊर्जा दक्षता पर केन्द्रित रियायती ऋण योजनाएँ परिचालित कीं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा दक्षता बढ़ाना, CO_2 उत्सर्जन में कमी लाना और कालान्तर में भारतीय एमएसएमई की लाभप्रदता में सुधार लाना है।

स्वच्छतर उत्पादन/पर्यावरण लाइन ऑफ क्रेडिट

एमएसएमई क्षेत्र में उत्पादन के स्वच्छतर विकल्पों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने केएफडब्ल्यू से कुल 53.74 मिलियन यूरो की लाइन ऑफ क्रेडिट के लिए संविदा की है। इन लाइन ऑफ क्रेडिट का मुख्य उद्देश्य स्वच्छतर उत्पादन-निवेशों के ज़रिए उत्सर्जन व प्रदूषण को कम या समाप्त करना है। औद्योगिक समूहों में बड़ी संख्या में एमएसएमई को लाभ पहुँचाने वाले सामूहिक बहिस्राव-शोधन संयंत्र (सीईटीपी), कचरा-शोधन, भण्डारण व निस्तारण सुविधा, कचरा पुनर्चक्रण आदि में किए गए निवेश भी सहायता के लिए पात्र हैं। एकल एमएसएमई के ऐसे निवेश भी इस ऋण-व्यवस्था के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए पात्र हैं जिनसे प्रदूषण नियंत्रण, कचरे में कमी और कच्चे माल की उत्पादकता में सुधार होगा। यथा 31 मार्च 2016, इन लाइन ऑफ क्रेडिट के अन्तर्गत 307 एमएसएमई को कुल ₹355 करोड़ से अधिक की सावधि ऋण सहायता प्रदान की जा चुकी है।

III.3. सेवा क्षेत्र वित्तपोषण

- सेवा क्षेत्र भारत की आर्थिक संवृद्धि का मुख्य नियामक बना हुआ है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में इसने भारतीय अर्थव्यवस्था के सकल मूल्यवर्द्धन में लगभग 53% का योगदान किया। व्यापारिक प्रवाह, विदेशी निवेश अंतःप्रवाह तथा रोजगार की दृष्टी से भी यह क्षेत्र गतिशील है। भारत के सेवा क्षेत्र में कई प्रकार

France – EUR 50 million and Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany – EUR 50 million. The main objective of these schemes is to enhance energy efficiency, reduce CO_2 emissions and improve the profitability of the Indian MSMEs in the long run.

Cleaner Production/Environmental Lines of Credit

Your Bank has contracted LoCs aggregating EUR 53.74 million from KfW, Germany for promoting investment in cleaner production options in the MSME sector. The main objective of these LoCs is to achieve a reduction or avoidance of emission and pollution through cleaner production investments. Investment such as Common Effluent Treatment Plants (CETPs), waste treatment, storage & disposal facilities, waste recycling, etc., benefitting large number of MSMEs in the industrial clusters are also eligible under the assistance. Individual MSMEs going in for investments that will result in the pollution control, waste reduction, improvement in raw material productivity etc., are eligible for coverage under the line. As on March 31, 2016, 307 MSMEs have been assisted with an aggregate term loan of more than ₹355 crore under these LoCs.

III.3 Service Sector Financing

- The services sector remains the key driver of India's economic growth, contributing almost 53% of its gross value added in FY 2015-16. The sector is also vibrant in terms of contribution to trade flows, FDI inflows, and employment. India's services sector covers a wide variety of activities such as

की गतिविधियाँ समाहित हैं, जैसे व्यापार, होटल व रेस्तराँ, परिवहन, भण्डारण और संचार, वित्तपोषण, बीमा, भू-संपदा, व्यवसाय सेवाएँ, समुदाय, समाज एवं वैयक्तिक सेवाएँ तथा निर्माण से जुड़ी सेवाएँ। सेवा क्षेत्र की बढ़ती भूमिका को देखते हुए, आपका बैंक सेवा क्षेत्र को अपने व्यवसाय के प्रमुख क्षेत्रों में से एक मान कर उस पर ध्यान केन्द्रित करता आ रहा है।

trade, hotel and restaurants, transport, storage and communication, financing, insurance, real estate, business services, community, social and personal services, and services associated with construction. In view of the growing role of service sector, your Bank has been focusing on service sector as one of its niche areas in business.

III.4 प्राप्य वित्त

- एमएसएमई को उनकी प्राप्य राशियों की त्वरित वसूली में मदद करने और उसके ज़रिए देर से भुगतान मिलने की समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से आपका बैंक 1991 से प्राप्य वित्त योजना (आरएफएस) परिचालित करता चला आ रहा है। इसके अंतर्गत अच्छे कार्यनिष्पादन वाली क्रेता कंपनियों की सीमाएं निर्धारित की जाती हैं और पुर्जों, हिस्सों, उप-संयोजनों, सेवाओं आदि की आपूर्ति करनेवाली एमएसएमई/सेवा क्षेत्र की पात्र इकाइयों के मीयादी बिलों की भुनाई की जाती है, ताकि उक्त एमएसएमई/सेवा क्षेत्र की इकाइयाँ अपनी बिक्री की राशि शीघ्रतापूर्वक पा सकें। आपका बैंक क्रेता कंपनियों के एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को बीजक भुनाई की सुविधा भी प्रदान करता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वर्तमान प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों को सुदृढ़ बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यथा 31 मार्च 2016, आरएफएस के अन्तर्गत कुल बकाया ₹ 1,596 करोड़ था।

III.4 Receivable Finance

- In order to help the MSMEs for quicker realization of their receivables, thereby addressing the problem of delayed payments, since 1991, your Bank has been operating Receivable Finance Scheme (RFS) under which it fixes limits to well-performing purchaser companies and discounts usance bills of MSMEs / eligible service sector units supplying components, parts, sub-assemblies, services, etc. so that the MSMEs / service sector units realise their sale proceeds quickly. Your Bank also offers invoice discounting facilities to the MSME suppliers of purchaser companies. The focus during the year under review was on strengthening the existing processes and guidelines. As on March 31, 2016, the gross outstanding under RFS was ₹ 1,596 crore.

IV. अल्प वित्त

आपका बैंक अल्प वित्त ऋणों (₹ 50,000 तक) और छूटे हुए मध्य क्षेत्र (₹ 50,000 से ₹ 10,00,000 तक के ऋणों) को गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों/गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-

IV. Microfinance

Your Bank has been providing assistance for financing the micro finance loans (upto ₹ 50,000) and also the Missing Middle Segment (loans in

एमएफआई आदि के माध्यम से सहायता देता रहा है। छूटे हुए मध्य क्षेत्र के उद्यमों के वित्तीयन के लिए एडीबी और केएफडब्ल्यू की ऋण-व्यवस्थाएं परिचालन में हैं।

यथा 31 मार्च 2016 कुल संचयी सहायता {जिसमें ऋण, ईक्विटी और अर्ध-ईक्विटी शामिल है, किन्तु इंडिया माइक्रो फाइनैंस ईक्विटी फंड (आईएमईएफ) और निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि (पीएसआईजी) निधि शामिल नहीं है} ₹10,769.17 करोड़ रही। यथा 31 मार्च 2016 बैंक का कुल अल्पवित्त बकाया 23% बढ़कर ₹2,996 करोड़ हो गया। सिडबी के माध्यम से प्रदत्त सहायता से लगभग 345 लाख गरीब व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। इनमें से ज्यादातर महिलाएँ हैं।

अल्प वित्त में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी

आपके बैंक ने निम्नलिखित समझौते किए

(i) क्रेडिटांस्टाल्ट फर वीडरफबउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी- 3 ऋण-व्यवस्थाओं के लिए (क) भारत में अल्प वित्त उत्पादों को गरीबों, विशेषकर महिलाओं की पहुँच में सुधार लाने के लिए 85 मिलियन यूरो तथा 1.69 मिलियन का वित्तीय योगदान; (ख) भारत में एमएसएमई क्षेत्र के "छूटे हुए मध्य क्षेत्र" की सहायता के लिए 100 मिलियन यूरो तथा 0.50 मिलियन का वित्तीय योगदान और (ग) भारत में एमएसएमई क्षेत्र के "अल्प वित्त एवं सूक्ष्म उद्यम" हेतु 55 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता।

(ii) एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी)- विशिष्ट वित्तीयन कार्यक्रमों के माध्यम से अति महत्त्वपूर्ण "छूटे हुए मध्य क्षेत्र" की सहायतार्थ

the range of ₹50,000 - ₹10,00,000) through NBFCs / NBFC-MFIs, etc. The Lines of Credit (LoCs) from ADB and KfW, Germany for financing Missing Middle enterprises are in operation.

The cumulative assistance (including loans, equity and quasi-equity but excluding India Micro Finance Equity Fund (IMEF) & Poorest States Inclusive Growth (PSIG) Fund) aggregated to ₹10,769.17 crore till March 31, 2016. The gross microfinance outstanding of the Bank increased by 23% to ₹2,996 crore as on March 31, 2016. The assistance through SIDBI has benefited around 345 lakh disadvantaged people, most of them being women.

International Partnership under Micro Finance

- Your Bank had entered into agreement with

  (i) Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany for 3 LoCs (a) EUR 85 million and financial contribution of EUR 1.69 million for improving access to microfinance products in India among the poor, particularly women; (b) EUR 100 million and financial contribution of EUR 0.50 million for assistance for 'Missing Middle' of the MSME sector in India and (c) USD 55 million assistance for 'Microfinance and Micro Enterprise' of the MSME sector in India;

  (ii) Asian Development Bank (ADB) for loan support of USD 50 million for providing SIDBI with long term

सिडबी को दीर्घकालिक निधीयन प्रदान करने के लिए 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता हेतु।

(iii) विश्व बैंक (डब्ल्यूबी)- 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण हेतु। इसमें इंटरनेशनल बैंक फॉर रीकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (आईबीआरडी) से 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर तथा अल्प ऋण संविभाग में सुधार लाने के लिए इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईडीए) से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर एसडीआर भी शामिल है।

V. संवर्द्धनशील एवं विकासपरक (पीएंडडी) सहायता

एमएसएमई क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के अपने प्रयास के क्रम में आपका बैंक "क्रेडिट प्लस" दृष्टिकोण अपनाता है, जिसमें ऋण के साथ-साथ, इस क्षेत्र के संवर्द्धन व विकास के लिए अनुदान सहायता भी प्रदान की जाती है, ताकि यह क्षेत्र मज़बूत, गतिशील और प्रतिस्पर्धी बनकर उभरे। कुछ महत्त्वपूर्ण प्रयास इस प्रकार हैं:

- **एमएसएमई परामर्श:** वाणिज्य बैंकों की योजनाओं की उपलब्धता, सरकारी सब्सिडी/लाभों के बारे में नये/वर्तमान उद्यमियों के मार्गदर्शन ऋण संबंधी सलाह तथा बैंकों की पूछताछ आदि का उत्तर देने के लिए आपके बैंक ने एमएसएमई परामर्श केन्द्र स्थापित किए हैं। एमएसएमई परामर्श केन्द्र उद्योग संघों के साथ मिलकर देश भर के एमएसएमई-समूहों की सेवा कर रहे हैं। इन केन्द्रों पर सिडबी ने ऐसे ज्ञान-सहभागियों की नियुक्ति की है, जो एमएसएमई क्षेत्र का व्यापक अनुभव रखनेवाले सेवा-निवृत्त बैंक अधिकारी हैं। इस काम के लिए इन ज्ञान-सहभागियों को उपयुक्त

funding to support the vital "missing middle" through specific financing programs; and

(iii) World Bank (WB) for loan of USD 300 million, including USD 200 million from International Bank for Reconstruction and Development (IBRD) and SDR equivalent of USD 100 million from International Development Association (IDA) for upscaling the micro credit portfolio.

V. Promotional and Developmental (P&D) Support

In its endeavour towards holistic development of the MSME sector, your Bank adopts a 'Credit Plus' approach wherein, besides credit, your Bank provides grant support for the promotion and development of the sector to make it strong, vibrant and competitive. Some of the important initiatives are given below:

- **MSME Advisory:** Your Bank has set up MSME Advisory Centres (MACs) for guiding new / existing entrepreneurs regarding availability of schemes of commercial banks, government subsidies / benefits, debt counselling, answering queries raised by banks etc. The MACs have been serving MSME clusters across the country in partnership with Industry Associations. For manning the MACs, your Bank has appointed Knowledge Partners (KPs), who are retired bank officials, with vast experience of MSME sector. The KPs have also been suitably trained for the

प्रशिक्षण भी दिया गया है। अब तक इन केन्द्रों से 12,500 से अधिक एमएसएमई लाभान्वित हो चुके हैं।

- **युवा उद्यमिता को बढ़ावा देना:** आपके बैंक ने www.smallB.in नामक वेबसाइट विकसित की है, जो न केवल नये उद्यमियों, बल्कि वर्तमान व्यवसाय बढ़ाने की दृष्टि से मौजूदा उद्यमियों के लिए भी सत्याभासी पथ-प्रदर्शक और मार्गदर्शक मंच का काम करती है। कुछ समय पहले इस वेबसाइट को अंतरराष्ट्रीय एडीएफआईएपी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

- **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों/ शहरी सहकारी बैंकों का क्षमता विकास:** ग्रामीण/अर्ध-शहरी और दूरस्थ इलाकों तक अपनी पहुँच और उपस्थिति के कारण क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक / शहरी सहकारी बैंक सूक्ष्म उद्यमों को ऋण प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012-13 में एक परियोजना आरम्भ की, जो टियर-II बैंकों यानी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों/शहरी सहकारी बैंकों के क्षमता-विकास पर केन्द्रित है और जिसका उद्देश्य सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र को ऋण-प्रवाह में वृद्धि करना है। इस परियोजना के अंतर्गत सिडबी इन बैंकों को क्षमता-निर्माण सहायता प्रदान करता है। इसमें सूक्ष्म उद्यमों को ₹ 50,000/- से ₹ 10,00,000/- तक की सीमा में ऋण-प्रदायगी के लिए सिडबी द्वारा अपनी क्रियाविधि/ सॉफ्टवेयर को साझा करना और इस क्षेत्र में इन बैंकों के स्टाफ को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था करना भी शामिल है। इस क्रियाविधि के बारे में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लगभग 27 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, 10 शहरी सहकारी बैंकों के अध्यक्ष शामिल हो चुके हैं। साथ ही 29 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 5 शहरी सहकारी बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। कतिपय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ विस्तृत प्रशिक्षण-आवश्यकता विश्लेषण

purpose. So far, more than 12,500 MSMEs have benefited through MACs.

- **Promoting youth entrepreneurship:** Your Bank developed a website "www.smallB.in", which is a virtual mentor and handholding forum for new entrepreneurs and even for the existing entrepreneurs to grow their existing business. The website had bagged the International ADFIAP Awards in the past.

- **Capacity Building of Regional Rural Banks (RRBs) / Urban Co-operative Banks (UCBs):** RRBs / UCBs play an important role in providing credit to micro enterprises due to their proximity and presence in the rural / semi urban and remote areas. Your Bank initiated a project in FY 2012-13 focused at capacity building of Tier-II banks viz. RRBs / UCBs with an objective to enhance the credit flow to micro enterprise sector. Under the project, SIDBI extends capacity building support to these banks, which includes SIDBI sharing its methodology / software for lending micro enterprise loans in the range of ₹ 50,000/- to ₹ 10,00,000/- and arranging for training of staff of these banks in this area. Besides organising sensitization programmes on this methodology covering chairmen of about 27 RRBs and 10 UCBs, MoUs with 29 RRBs and 5 UCBs have been signed. After a detailed training need analysis with few RRBs, a comprehensive

के उपरान्त 2 दिवसीय वीडियो आधारित व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करके उसका प्रायोगिक परीक्षण किया गया है। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर "प्रशिक्षक-प्रशिक्षण" कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे 42 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों/शहरी सहकारी बैंकों के 430 पदाधिकारी लाभान्वित हुए।

- **सूक्ष्म उद्यम प्रवर्तन कार्यक्रम (एमईपीपी)** : सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम (एमईपीपी) का लक्ष्य चिह्नित क्रियान्वयन एजेंसियों के माध्यम से व्यापक उद्यम सहायता सेवाएं प्रदान करते हुए ऐसे व्यवहार्य सूक्ष्म उद्यमों का प्रवर्तन करना है, जिनसे ग्रामीण भारत में रोजगार पैदा हो सकें। अब तक 26 राज्यों के 126 जिलों में एमईपीपी का क्रियान्वयन हो चुका है। संचयी रूप से लगभग 42,000 उद्यम स्थापित हुए हैं।

- **उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)**: आपका बैंक उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान करता है। इनका उद्देश्य खास तौर से दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में समाज के कम सुविधा-संपन्न वर्गों, जैसे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों को लक्ष्य करते हुए प्रेरित उद्यमियों का संवर्ग विकसित करना और रोजगार के अवसर जुटाने में सक्षम स्वरोजगार-परक उद्यमों का प्रवर्तन करने के साथ-साथ उद्यमियों का एक वर्ग निर्मित व विकसित करना है। यथा 31 मार्च 2016, बैंक ने कुल 3,191 ईडीपी के लिए सहायता दी है, जिससे विभिन्न लक्ष्य समूहों के 79,500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। संचयी रूप से लगभग 39,500 प्रतिभागियों ने या तो अपनी इकाइयाँ लगा ली हैं अथवा इस क्षेत्र में लाभप्रद रूप में रोजगार हासिल कर चुके हैं।

- **कौशल विकास कार्यक्रम (स्टुप/सिमैप)**: एमएसएमई उद्यमियों की तकनीकी और प्रबन्धकीय क्षमताओं

2-day video based training module has been developed and pilot tested. Based on the training module, 'Training of Trainers' programmes have been conducted benefiting about 430 officials of 42 RRBs / UCBs.

- **Micro Enterprise Promotion Programme (MEPP):** Micro Enterprise Promotion Programme (MEPP) aims at promoting viable micro enterprises leading to employment generation in rural India by providing comprehensive enterprise support services through identified implementing agencies. MEPP has so far been implemented in 126 districts in 26 states. Cumulatively, about 42,000 enterprises have been set up.

- **Entrepreneurship Development Programmes (EDPs):** Your Bank's support to EDPs aims at building and nurturing a reservoir of entrepreneurs, while creating a cadre of motivated entrepreneurs and promotion of self-employed ventures capable of generating employment opportunities, especially in far-flung and rural areas targeting less privileged sections of the society like women, minorities and SCs/STs. As on March 31, 2016, a total of 3,191 EDPs had been supported by the Bank, benefiting more than 79,500 participants in various target groups. Cumulatively, about 39,500 participants have either set up their own units or have been gainfully employed in the sector.

- **Skill Development Programmes (STUPs / SIMAPs):** With a view to strengthening the technical and managerial capacities of the

को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आपका बैंक प्रतिष्ठित प्रबन्ध/प्रौद्योगिकी संस्थानों को सहायता देता है, जिससे कि वे "कौशल-सह-प्रौद्योगिकी उन्नयन कार्यक्रम (स्टुप)" तथा "लघु उद्योग प्रबन्ध सहायक कार्यक्रम (सिमैप)" जैसे सुव्यवस्थित प्रबन्ध/कौशल विकास कार्यक्रम संचालित कर सकें।

- अपनी स्थापना के समय से सिडबी ने 1,560 स्टुप आयोजित किए हैं, जिससे लगभग 32,750 प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। इन्हें केन्द्रीय प्लास्टिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पादप संस्थान (सिमैप) तथा अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी/प्रबन्ध संस्थानों के माध्यम से आयोजित किया गया। साथ ही, सर्वोच्च स्तर के राष्ट्र एवं राज्य-स्तरीय संस्थानों जैसे कानपुर/खड़गपुर/मुम्बई/चेन्नै स्थित आईआईटी, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, मणिपाल इंस्टीट्यूट, बेंगलूरु द्वारा 302 सिमैप आयोजित किए गए हैं जिनसे लगभग 9,100 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। इन कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में युवा प्रतिभावान छात्रों को लाभ पहुँचा और अधिकतर प्रतिभागी एमएसएमई क्षेत्र में काम कर रहे हैं।
- **क्लस्टर विकासः** आपके बैंक के क्लस्टर विकास दृष्टिकोण में व्यवसाय विकास सेवाएँ, प्रबन्धन पद्धतियाँ, विपणन संबंध स्थापित करना, उत्पाद/ डिजाइन विकास, विभिन्न तकनीकी कार्यों में कौशल उन्नयन आदि समाहित है। अभी तक सिडबी ने भारत भर के विभिन्न क्लस्टरों में 90 से अधिक क्लस्टर विकास कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की है, जिससे एमएसएमई/शिल्पकारों/उद्यमियों को लाभ पहुँचा है।

MSME entrepreneurs, your Bank supports reputed management / technology institutions to offer certain structured management / skill development programmes, viz. "Skill-cum-Technology Upgradation Programme" (STUP) and "Small Industries Management Assistants Programme" (SIMAP).

- Since its inception, SIDBI has supported 1,560 STUPs benefiting about 32,750 participants conducted by specialised institutions viz., Central Institute of Plastic Engineering & Technology (CIPET), Central Institute of Medicinal & Aromatic Plants (CIMAP) and other reputed technical / management institutions. Further, 302 SIMAPs have been conducted by top rung national and state level institutions such as IITs at Kanpur / Kharagpur / Mumbai / Chennai, XLRI, Jamshedpur, Manipal Institute, Bengaluru benefiting about 9,100 participants. These programmes have benefited a large number of young bright students and most of the participants have joined the MSME sector.
- **Cluster Development:** The cluster development approach of your Bank includes business development services, management practices, establishment of marketing linkages, product / design development, skill up-gradation in different technical trades, etc. SIDBI has so far supported more than 90 Cluster Development Programmes (CDPs) in various clusters all over India, which have benefitted MSMEs / artisans / entrepreneurs.

- **विपणन गतिविधियाँः** एमएसएमई क्षेत्र में विपणन संबंधी समस्याओं के निराकरण की ज़रूरत है। इसे देखते हुए आपका बैंक इस क्षेत्र में विपणन के अवसर तलाशने और उन्हें मज़बूत करने में भी जुटा है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने 67 महत्त्वपूर्ण प्रदर्शनियों/सेमिनारों/कार्यक्रमों के लिए सहायता दी, जिससे 12,000 से अधिक एमएसएमई उद्यमी लाभान्वित हुए।

VI. संसाधन प्रबन्ध

आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹22,664 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कुल ₹53,807 करोड़ के संसाधन जुटाए।

VII. सिडबी ऋण लिखतों की रेटिंग

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान क्रेडिट एनैलिसिस एंड रिसर्च लि. (केयर) ने सिडबी के बकाया ऋण निर्गमों- ₹23,686.60 करोड़ के अप्रतिभूत बॉण्डों, ₹30,000 करोड़ की आरआईडीएफ जमा, ₹3,000 करोड़ के सावधि जमा कार्यक्रम के संबंध में "केयर एएए" (ट्रिपल ए) रेटिंग की पुनः पुष्टि की और ₹18,000 करोड़ के सीपी/सीडी कार्यक्रम के लिए "केयर ए1+ (ए वन प्लस)/ केयर एएए (ट्रिपल ए)" रेटिंग दी और साथ ही, केयर एएए(आईएस) (ट्रिपल ए) [इशुअर रेटिंग] की इशुअर रेटिंग भी दी। इसी प्रकार क्रिसिल ने भी ₹2,380 करोड़ के बकाया बॉण्डों के संबंध में "क्रिसिल एएए/स्थिर" रेटिंग जारी रखी। उपर्युक्त रेटिंग वाली लिखतों को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाला माना जाता है, जिनमें नगण्य निवेश जोखिम होता है।

VIII. मानव संसाधन

यथा 31 मार्च 2016, आपके बैंक में 1060 सक्रिय पूर्ण-कालिक स्टाफ-सदस्य कार्यरत थे, जिनमें से 908 अधिकारी,

- **Marketing Activities:** Having realised the need to address the marketing problems of MSME sector, your Bank is also engaged in creating and strengthening marketing initiatives for the sector. During FY 2016, the Bank supported 67 important exhibitions / seminars / events benefitting more than 12,000 MSME entrepreneurs.

VI. Resources Management

Resources aggregating ₹53,807 crore were raised by your Bank during FY 2015-16 as against ₹22,664 crore during FY 2014-15.

VII. Rating of SIDBI Debt Instruments

During FY 2015-16, Credit Analysis and Research Ltd. (CARE) reaffirmed 'CARE AAA' (Triple A) rating in respect of outstanding debt issues of SIDBI viz., Unsecured Bonds of ₹23,686.60 crore, RIDF Deposits of ₹30,000 crore, Fixed Deposit Programme of ₹3,000 crore and 'CARE A1+ (A One Plus)/ CARE AAA (Triple A)' rating for the CP / CD Programme of ₹18000 crore and also assigned Issuer Rating of CARE AAA(Is)(Triple A [(Issuer Rating)]. Similarly, CRISIL also retained 'CRISIL AAA/ Stable' rating in respect of outstanding bonds of ₹2,380 crore. Instruments carrying the above ratings are considered to be of the best quality, carrying negligible investment risk.

VIII. Human Resources

As on March 31, 2016, your Bank had on its rolls 1060 active full time staff comprising 908

95 श्रेणी III के स्टाफ और 57 अधीस्थ स्टाफ-सदस्य हैं। कुल स्टाफ में से 186 अनुसूचित जाति, 74 अनुसूचित जनजाति तथा 171 अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित हैं। स्टाफ में 8 भूतपूर्व सैनिक, 29 दिव्यांग श्रेणी तथा 1 भूतपूर्व सैनिक व दिव्यांग श्रेणी, दोनों से संबंधित है। महिला कर्मचारियों की संख्या 234 है।

IX. सहायक/सहयोगी संस्थाएं

IX.1. सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड (एसवीसीएल) की स्थापना 1999 में निवेश प्रबन्धन कंपनी के रूप में उद्यम पूँजी निधियों के प्रबन्धन के उद्देश्य से की गई। शुरुआत से ही एसवीसीएल ने विविध क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता-युक्त, विकास-उन्मुख एमएसएमई को संवृद्धि पूँजी देना जारी रखा है। वर्तमान में ₹100 करोड़ की प्रतिबद्ध समूह निधि वाले एसवीसीएल नेशनल वेंचर फंड फॉर सॉफ्टवेयर एंड इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री (एनएफएसआईटी), ₹500 करोड़ की प्रतिबद्ध समूह निधि वाले एसएमई ग्रोथ फंड (एसजीएफ), 421.30 करोड़ की आहरण-योग्य समूह-निधि वाले इंडिया ऑपर्चुनिटीज फंड (आईओएफ), ₹440 करोड़ की प्रतिबद्ध समूह निधि वाली समृद्धि निधि (एसएफ), ₹40.83 करोड़ के टेक्स फंड (टीएफ), ₹200 करोड़ की लक्षित समूह-निधि वाले पश्चिम बंगाल एमएसएमई वीसी फंड (डब्ल्यूबी फंड) और ₹200 करोड़ की लक्षित समूह-निधि वाले महाराष्ट्र स्टेट सोशल वेंचर फंड (एमएस फंड) के लिए निवेश प्रबन्धक के रूप में काम कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान एसवीसीएल ने ₹39.78 करोड़ के आस्ति आधार पर ₹6.58 करोड़ का लाभ अर्जित किया।

officers, 95 Class III staff and 57 Subordinate staff. Of the total staff, 186 belong to Scheduled Castes (SCs), 74 to Scheduled Tribes (STs) and 171 to Other Backward Classes (OBCs). The staff strength included 8 ex-servicemen, 29 Persons with Disabilities (PwD) categories and 1 in both ex-servicemen and Persons with Disabilities (PwD) categories. The strength of women employees is 234.

IX. Subsidiaries / Associates

IX.1 SIDBI Venture Capital Limited (SVCL) was established in 1999 as an Investment Management Company for managing Venture Capital Funds (VCFs). Since inception, SVCL has continued to provide growth capital to high-quality, growth-oriented MSMEs across diversified sectors. SVCL, at present, is acting as the Investment Manager for National Venture Fund for Software and Information Technology Industry (NFSIT) with a committed corpus of ₹100 crore, SME Growth Fund (SGF) with a committed corpus of ₹500 crore, India Opportunities Fund (IOF) with a drawable corpus of ₹421.30 crore, Samridhi Fund (SF) with a committed corpus of ₹440 crore, TEX Fund (TF) of ₹40.83 crore, West Bengal MSME VC Fund (WB Fund) with a targeted corpus of ₹200 crore and Maharashtra State Social Venture Fund (MS Fund) with a targeted corpus of ₹200 crore. SVCL made a profit of ₹6.58 crore on an asset base of ₹39.78 crore during FY 2015-16.

IX.2 माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसीः मुद्रा की स्थापना 08 अप्रैल 2015 को आपके बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था के रूप में देश के "वित्त-वंचित" सूक्ष्म उद्यमों के वित्तपोषण के उद्देश्य से की गई है। मुद्रा उन बैंकों, अल्प वित्त संस्थाओं (एमएफआई) तथा अन्य ऋणदात्री संस्थाओं को पुनर्वित्त प्रदान करता है, जो विनिर्माण, व्यापार और सेवा गतिविधियों में संलग्न सूक्ष्म/लघु व्यवसाय इकाइयों को उधार देने का कारोबार करती हैं। इस प्रकार 'मुद्रा' अन्तिम छोर पर स्थित वित्तीय संस्थाओं को पुनर्वित्त तथा अन्य विकास-सहायता देकर उन्हें सुदृढ़ बनाता है और उनकी पहुँच का विस्तार करता है। इसके फलस्वरूप देश-पर्यन्त विद्यमान सूक्ष्म व्यवसायों को मदद मिलती है। मुद्रा के अधिदेश में सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र को एक व्यवहार्य आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना भी समाहित है। मार्च 2016 के अन्त तक मुद्रा ने 22 अल्प वित्त संस्थाओं, 3 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के 17 बैंकों और 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ₹3,783.20 करोड़ मंजूर किए हैं। इसमें से ₹3,337.20 करोड़ का संवितरण 31 मार्च 2016 तक किया जा चुका है।

IX.3 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट की स्थापना 2000 में भारत सरकार और सिडबी ने की, ताकि यह सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए ऋण गारंटी योजना (सीजीएस) संचालित कर सके। इस योजना में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई ₹100 लाख तक की उन ऋण सुविधाओं के लिए गारंटी दी जाती है, जिनके लिए संपार्श्विक प्रतिभूति और/अथवा तृतीय पक्ष गारंटी नहीं ली गई है। ट्रस्ट ने 31 मार्च 2016 तक संचयी रूप से ₹1.1 लाख करोड़ की राशि के लिए 23.3 लाख गारंटियाँ अनुमोदित की हैं।

IX.2 Micro Units Development & Refinance Agency: MUDRA has been set up on April 08, 2015 as a wholly owned subsidiary of your Bank for 'funding the unfunded' micro enterprises in the country. MUDRA refinances banks, Micro Finance Institutions (MFIs) and other lending institutions, which are in the business of lending to micro / small business entities, engaged in manufacturing, trading and services activities. Thus, MUDRA strengthens the Last Mile Financial Institutions by extending refinance and other development support to expand their outreach. This in turn helps micro businesses across the length and breadth of the country. MUDRA's mandate also includes developing the micro enterprise sector into a viable economic sector. As at the end of March 2016, MUDRA had sanctioned ₹3,783.20 crore to 22 MFIs, 3 NBFCs, 17 PSBs and 3 RRBs. Out of the same, ₹3,337.20 crore was disbursed as on March 31, 2016.

IX.3 Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE) was set up in 2000 by Government of India and SIDBI to operate the Credit Guarantee Scheme (CGS) for Micro and Small Enterprises (MSEs) which guarantees credit facilities upto ₹100 lakh extended by Member Lending Institutions (MLIs) in respect of those loans, which are not backed by collateral security and / or third party guarantees. The cumulative guarantees approved by the Trust till March 31, 2016 stood at 23.3 lakh for an amount of ₹1.1 lakh crore.

IX.4 स्मेरा रेटिंग लि.: सिडबी ने इन एंड ब्रैडस्ट्रीट (डीएंडबी) और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के कई बैंकों के साथ मिलकर सितंबर 2005 में स्मेरा रेटिंग्स लि. (स्मेरा) की स्थापना की। यह एमएसएमई के लिए समर्पित निष्पक्ष रेटिंग एजेंसी है, जो एमएसएमई को व्यापक, पारदर्शी रेटिंग देती है। अपने निगमित होने से 31 मार्च 2016 तक स्मेरा ने संचयी रूप से 37,554 एमएसएमई इकाइयों को रेटिंग प्रदान की है। ये इकाइयाँ विभिन्न श्रेणियों, उद्योगों और राज्यों में फैली हुई हैं। स्मेरा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों पर विशेष ध्यान देता रहा है। समस्त रेटिंग में इन उद्यमों की संख्या क्रमशः 77 और 21% है।

IX.5 इंडिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (आइसार्क) : इंडिया एसएमई ऐसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आइसार्क) का निगमन 11 अप्रैल 2008 को हुआ और इसने 15 अप्रैल 2009 से व्यावसायिक परिचालन आरंभ किया। इसका मुख्य उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुए उक्त आस्तियों का अभिग्रहण करना और अपनी नवोन्मेषी प्रणालियों के माध्यम से उनका समाधान प्रस्तुत करना है। यथा 31 मार्च 2016, आइसार्क के प्रबन्धनाधीन ₹380.86 करोड़ की आस्तियाँ हैं (प्रबन्धनाधीन सकल आस्तियाँ- ₹467.14 करोड़), जो बकाया सिक्युरिटी रिस्पिटस (एसआर) और तुलनपत्र आस्तियों से संबंधित हैं।

IX.6 इंडिया एसएमई टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेडः यह ऊर्जा दक्षता और माँग प्रबन्धन, नवीकरणीय ऊर्जा, एमएसएमई क्लस्टर विकास एवं मूल्यांकन अध्ययन, क्षमता-विकास, जागरूकता विकास, कौशल विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए अपने विशेषज्ञ-दल की मदद से प्रौद्योगिकी-सलाह और परामर्श सेवाएँ

IX.4 SMERA Ratings Ltd.: SIDBI, alongwith Dun & Bradstreet (D&B) and several public and private sector banks, set up the SMERA Ratings Ltd. (SMERA) in September 2005, as an MSME dedicated third-party rating agency to provide comprehensive, transparent ratings to MSMEs. Cumulatively, since its incorporation, SMERA has assigned ratings to 37,554 MSME units up to March 31, 2016 spread across various categories, industries and states. SMERA has been providing special attention to micro and small enterprises which accounted for 77% and 21%, respectively, of its total ratings.

IX.5 India SME Asset Reconstruction Company Ltd.: India SME Asset Reconstruction Company Limited (ISARC) was incorporated on April 11, 2008 and commenced its business operations on April 15, 2009 with the principal objective to acquire non-performing assets (NPAs) and to resolve them through its innovative mechanism with a special focus on the NPAs of MSME sector. As of March 31, 2016, ISARC has assets under management (AUM) of ₹380.86 crore (Gross AUM – ₹467.14 crore) representing outstanding Security Receipts (SRs) and balance sheet assets.

IX.6 India SME Technology Services Limited: It offers technology advisory and consultancy services for projects related to energy efficiency and demand management, renewable energy, MSME cluster development and evaluation studies, capacity building, awareness creation, skill development with the help of

प्रदान करता है। इस दल को ऊर्जा दक्षता, एमएसएमई क्षेत्र, बैंकिंग परियोजना वित्त, नवीकरणीय ऊर्जा और परियोजना प्रबंधन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। आईएसटीएसएल प्रौद्योगिकी के विकल्पों से संबंधित सूचनाएँ देने, मैच-मेकिंग, वित्त-समूहन और व्यवसाय समन्वयन तथा सेमिनार/बैठकों के आयोजन व विपणन सहायता जैसी सेवाएं भी प्रदान करता है।

its team of experts having extensive experinece in energy efficiency, MSME sector, banking, project finance, renwable energy & project management. ISTSL also provides services such as providing information on technology options, match making, finance syndication and business collaborations and organizing seminars/ meets and providing market support.

X. पुरस्कार और सम्मान

आपके बैंक को वित्तीय समावेशन में वर्ग के अन्तर्गत उत्कृष्ट विकास परियोजना के अन्तर्गत 'मुद्रा' के लिए एडीएफआईएपी पुरस्कार 2016 प्राप्त हुआ है। अल्प वित्त के क्षेत्र में दो दशक से अधिक समय से किए जा रहे अग्रणी और पोषणकारी कार्यों के लिए इसे ऐक्सेस असिस्ट से 'माइक्रोफाइनेन्स इंडिया- कंट्रीब्यूशन टु द सेक्टर बाय ऐन एनैबलिंग इंस्टीट्यूशन' वर्ग के अन्तर्गत 'माइक्रोफाइनेन्स इंडिया अवार्ड्स-2015' भी प्राप्त हुआ है, जो 8 दिसम्बर 2015 को नयी दिल्ली में प्रदान किया गया।

आपके बैंक को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2015 के अंतर्गत वित्तीय संस्था वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), भारत सरकार की ओर से 14 दिसंबर 2015 को नई दिल्ली में दिया गया। साथ ही, इसने समग्रतः सर्वश्रेष्ठ आईटी प्रोजेक्ट वर्ग में क्रेडिट अप्राइजल एंड रेटिंग टूल (कार्ट) के लिए पीसीक्वेस्ट द्वारा प्रदत्त 'सर्वश्रेष्ठ आईटी क्रियान्वयन पुरस्कार 2016' भी प्राप्त किया। यह पुरस्कार 12 मार्च 2016 को हैदराबाद में दिया गया।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक को लगातार तीसरे वर्ष बैंकिंग क्षेत्र वर्ग का सर्वश्रेष्ठ द्वितीय पुरस्कार 'सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार' भी प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार

X. Awards and Recognitions

Your Bank has received ADFIAP Award 2016 under the Outstanding Development Project under financial inclusion category for MUDRA. It also bagged "Microfinance India Awards – 2015" organized by Access Assist under the "Microfinance India - Contribution to the Sector by an Enabling Institution" category on December 8, 2015 in New Delhi in recognition of the pioneering and nurturing work done by your Bank for more than two decades for the microfinance sector.

Your Bank was conferred the first prize in the National Energy Conservation Award 2015 under Financial Institutions category by Bureau of Energy Efficiency (BEE), Govt. of India on December 14, 2015 at New Delhi. It also won 'Best IT Implementation Award 2016' by PCQuest for Credit Appraisal and Rating Tool (CART) in Overall Best IT Project category on March 12, 2016 at Hyderabad

During FY 2015-16, your Bank received the "Vigilance Excellence Award" - 2nd best in the Banking Sector category - instituted by

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेस, हैदराबाद द्वारा दिया जाता है।

उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार की अखिल भारतीय राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत आपके बैंक को लगातार तीसरी बार द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

मानव संसाधन वर्टिकल, सिडबी को उसके प्रशिक्षण कक्ष के प्रबन्धन के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन प्राप्त हुआ, जो यूनाइटेड किंगडम ऐक्रेडिटेशन सर्विस (यूकेएएस) से मान्यताप्राप्त एजेंसी- इंटरटेक सर्टिफिक्रेशन लिमिटेड द्वारा प्रदान किया गया।

XI. आभार-ज्ञापन

भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त मूल्यवान सहायता के लिए निदेशक-मंडल धन्यवाद ज्ञापित करता है। साथ ही, विश्व बैंक समूह; जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका); डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी), यू.के.; क्रेडिटांस्टाल्ट फर वीडरफबउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी; दि ड्युश जेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनाल ज़ुसमेनारबीट (जीआईजेड), जर्मनी; इंटरनेशनल फंड फॉर ऐग्रीकल्चरण डेवलपमेंट (आईएफएडी), रोम; फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी (एएफडी) फ्रांस, एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी); भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड (एलआईसी) से प्राप्त अनवरत संसाधन सहायता और तकनीकी सहयोग के लिए भी निदेशक-मंडल उनका कृतज्ञता-ज्ञापन करता है। बैंकों, राज्य स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों तथा एमएसएमई क्षेत्र के संवर्द्धन और विकास में लगे अन्य हितधारकों से प्राप्त सहयोग के लिए निदेशक-मंडल उनकी भी सराहना करता है।

"Institute of Public Enterprises, Hyderabad", for the third consecutive year.

Your Bank was awarded the second prize for the consecutive third time by Govt. of India under All India Rajbhasha Kirti Puraskar Scheme for outstanding performance in Official Language Implementation.

The Human Resources Vertical, SIDBI was conferred with ISO 9001:2008 certification for management of its Training Cell by Intertek Certification Limited, an agency accredited by United Kingdom Accreditation Service (UKAS).

XI. Acknowledgements

The Board acknowledges the valuable support received from the Government of India and the Reserve Bank of India. The Board is also thankful to the World Bank Group; Japan International Cooperation Agency (JICA); Department for International Development (DFID), U. K.; Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany; The Deutsche Gesellschaft fur Internationale Zusammenarbeit (GIZ), Germany; International Fund for Agricultural Development (IFAD), Rome; French Development Agency (AfD), France, Asian Development Bank (ADB) and Life Insurance Corporation of India Ltd. (LIC) for their continued resource support and technical co-operation. The Board places on record its appreciation for the co-operation extended to SIDBI by banks, state level institutions, industry associations and other stakeholders engaged in the promotion and development of the MSME sector.

बैंक अपने सभी ग्राहकों व निवेशकों को भी धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में उनसे सहयोग तथा अनवरत सहायता की आकांक्षा रखता है। बैंक को उच्चतर विकास-पथ पर आगे बढ़ाने में वर्ष-पर्यन्त लगातार सुदृढ़तापूर्वक अपनी प्रतिबद्धता, ईमानदारी और समर्पण-भावना से जुटे रहनेवाले सिडबी के प्रत्येक स्तर के स्टाफ-सदस्यों की सेवाओं के लिए निदेशक मंडल उनकी प्रशंसा करता है।

The Bank also thanks all its customers and investors for their co-operation and looks forward to the continued support in the years to come. The Board recognizes and places on record its appreciation for the services of SIDBI staff, who, at all levels, showed strong and continued commitment, integrity and dedication to take the Bank on to a higher growth trajectory during the year.

(डॉ. क्षत्रपति शिवाजी)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

(Dr. Kshatrapati Shivaji)
Chairman & Managing Director

1

अर्थव्यवस्था और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम - कार्यनिष्पादन एवं दृष्टिकोण

Economy and Micro, Small and Medium Enterprises – Performance and Outlook

17 मार्च, 2016 को नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने 'www.sidbistartupmitra.in' पोर्टल का शुभारंभ करते हुए।

Hon'ble President Shri Pranab Mukherjee launching 'www.sidbistartupmitra.in' portal on March 17, 2016 in New Delhi.

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट 2016 के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2015 में 3.1% की वृद्धि दर्ज की और अनुमान है कि आगामी वर्षों में इसकी वृद्धि दर में और मजबूती आएगी। दुनिया भर में बाजार की धारणाओं में सुधार हो रहा है, जो सभी देशों में, विशेषकर तेल-आयातक देशों में माँग और आपूर्ति संभावनाओं को बढ़ाने के लिए किए गए अतिसक्रिय नीतिगत प्रयासों से प्रेरित हैं। ये प्रयास इसलिए किए गए हैं क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के लंबी अवधि तक रहने का अनुमान है। इससे वित्तीय बाजारों का विश्वास बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। तदनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2016 में 3.2% की दर से तथा 2017 में 3.5% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो कि मुख्यतः उभरते हुए बाजारों तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से संचालित होगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में धीमी गति से बहाली के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक चमकते हुए बिंदु की तरह उभरी, क्योंकि उसके सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2015-16 में 7.6% की जोरदार वृद्धि हुई और वह चीन को पीछे छोड़कर विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन गई। इस तीव्र वृद्धि को कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्रों की बेहतर वृद्धि तथा विनिर्माण क्षेत्र की सशक्त वृद्धि से बल मिला। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था में कई अनुकूल कारक नजर आ रहे हैं, जैसे - विवेकपूर्ण राजकोषीय नीति संबंधी उपाय, रुकी हुई परियोजनाओं का फिर से गति पकड़ना, समायोजी मौद्रिक नीति के साथ मुद्रा स्फीति का लक्षित स्तर से कम रहना, निजी उपभोग व्यय में वृद्धि आदि।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र

आर्थिक वृद्धि में योगदान, रोजगार सृजन, उच्चतर पूंजी उत्पादकता, और आर्थिक संकट के दौर में भी दर्शाई गई समुत्थानशीलता एवं वृद्धि संभावना के नाते भारत का सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र भारत के सामाजिक-आर्थिक तंत्र का एक मजबूत स्तंभ है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अनुमानों के अनुसार, इस क्षेत्र

The global economy, according to IMF's World Economic Outlook report, 2016, recorded a growth of 3.1% in 2015 which is projected to grow stronger in coming years. The world is witnessing improvements in market sentiments, fostered by more pro-active policy actions to lift demand and supply potential across the countries, especially in oil-importing countries as crude prices are envisaged to remain subdued for longer period. This could also help boost financial markets confidence. Accordingly, the global growth in 2016 is projected to grow at 3.2% and further increase to 3.5% in 2017, driven primarily by emerging markets and developing economies.

Amidst the slow recovery of global economy, Indian economy emerged as the bright spot by registering a robust GDP growth of 7.6% in FY 2015-16, thus becoming the fastest growing major economy in the world outpacing China. Such higher growth was buoyed by an increased growth in agriculture and allied sectors and a stronger growth in manufacturing. Indian economy is currently witnessing a number of favourable factors such as prudent fiscal policy measures, reignition of stalled projects, inflation under targeted level with an accommodating monetary policy, increase in private consumption expenditure, etc.

Micro, Small and Medium Enterprises Sector

The Micro, Small & Medium Enterprises (MSME) sector in India is a strong pillar of socio-economic fabric of India through its contribution towards economic growth, employment generation, higher capital productivity, demonstrated resilience and growth potential even during periods of

में लगभग 50 मिलियन इकाइयाँ हैं और यह लगभग 111 मिलियन व्यक्तियो को रोजगार प्रदान करता है और इस मामले में यह कृषि के बाद दूसरे स्थान पर है (तालिका 1.1)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 1 रोजगार पैदा करने के लिए मात्र ₹5.3 लाख की जरूरत होती है, जबकि संगठित क्षेत्र में इसके लिए ₹6.7 लाख की जरूरत होती है। यह क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 37.5%, विनिर्माण उत्पाद में 37% तथा समग्र निर्यात में 40% का

economic crisis. According to the estimates of the Ministry of MSME, Government of India, the sector comprises about 50 million units providing around 111 million jobs – the second largest after agriculture (Table 1.1). It just requires investment of ₹5.3 lakh to create one employment in MSME sector, whereas in the organized sector, the investment requirement is ₹6.7 lakh for the same. The sector also

तालिका 1.1 : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र – उल्लेखनीय तथ्य
Table 1.1 : MSME Sector – Principal Characteristics

1. 2014-15 में उद्यमों की संख्या (लाख) No. of Enterprises in 2014-15 (lakh)	511
क. पंजीकृत इकाइयों का प्रतिशत हिस्सा / a. Percentage share of Registered Units*	29
ख. गैर-पंजीकृत इकाइयों का प्रतिशत हिस्सा / b. Percentage share of Un-registered units*	71
ग. सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग) का प्रतिशत हिस्सा c. Percentage share of Socially Backward Classes (SCs/STs/OBCs)*	51
घ. ग्रामीण इकाइयों का हिस्सा / d. Percentage share of Rural Units*	55
ङ महिला उद्यमों का प्रतिशत हिस्सा / e. Percentage share of women enterprises*	7.4
2. 2014-15 में रोजगार (लाख) / Employment in 2014-15 (lakh)	1171
3. प्रति उद्यम औसत रोजगार (सं.) / Average Employment per Enterprise (No.)	2.3
4. प्रति रोजगार निवेश (₹ लाख) / Investment per employment (₹ Lakh)	5.3
5. क. ऋण प्राप्त करने वाले उद्यमों का प्रतिशत / a. Percentage of Enterprises availing loans	7.3
(i) संस्थागत स्रोतों से / (i) From Institutional Sources	5.2
(ii) गैर-संस्थागत स्रोतों से / (ii) From Non-institutional sources	2.1
5. ख. ऋण-रहित / स्ववित्तपोषित उद्यमों का प्रतिशत b. Percentage of Enterprises without loans / self-finance	92.7
6. 2012-13 में सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिशत हिस्सा / Percentage share of GDP in 2012-13	37.5
7. 2012-13 में विनिर्माण उत्पाद में प्रतिशत हिस्सा Percentage share in Manufacturing Output in 2012-13	37.3
8. 2012-13 में निर्यात में प्रतिशत हिस्सा / Percentage share in exports in 2012-13	40.0

* 2006-07 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम गणना आधारित / As per 2006-07 MSME Census.

टिप्पणी : जब तक अन्यथा उल्लेख न हो, चुने हुए आँकड़े 2006-07 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम गणना से संबंधित हैं।
Note: Unless otherwise stated, the select data pertain to 2006-07 MSME Census.

योगदान भी करता है। 2007-08 और 2012-13 की अवधि के दौरान, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 8.4% की दर से वृद्धि हुई, जो इसी अवधि में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.1% की तुलना में अधिक है।

उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में उद्यमों की संख्या में 2008-15 के दौरान दर्ज हुई औसत वृद्धि दर 4.4% थी; फलस्वरूप इनकी कुल संख्या 51.1 मिलियन हो गई, जो 6000 से अधिक उत्पाद बनाते हैं (तालिका 1.2)।

contributes 37.5% of India's GDP, 37% of manufacturing output and 40% of overall exports. During the period 2007-08 and 2012-13, the MSME sector grew faster at 8.4% than GDP at 7.1%.

It may be noted that the number of enterprises in MSME sector recorded an average growth rate of 4.4% during 2008-15 (Table 1.2) to reach to 51.1 million enterprises producing more than 6000 products.

तालिका 1.2: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का कार्यनिष्पादन, रोजगार तथा निवेश
Table 1.2: Performance of MSME, Employment and Investments

वर्ष **Year**	**कुल परिचालनरत उद्यम** (लाख में) **Total Working Enterprises** (in Lakh)	**रोजगार** (लाख में) **Employment** (in Lakh)
2006-07	361.76	805.23
2007-08#	377.36	842.00
2008-09#	393.70	880.84
2009-10#	410.80	921.79
2010-11#	428.73	965.15
2011-12#	447.64	1,011.69
2012-13#	447.54	1,061.40
2013-14#	488.46	1,114.29
2014-15#	510.57	1,171.32

- अनुमानित / Projected.

टिप्पणीः 1. थोक/ खुदरा व्यापार, कानूनी शिक्षा तथा सामाजिक सेवाएँ, होटल एवं रेस्टोरेंट, परिवहन और भंडारण एवं मालगोदाम (कोल्ड स्टोरेज को छोड़कर) गतिविधियों सहित, जिनके लिए आँकड़ें प्राप्त किए गए। आर्थिक गणना 2005, केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

Notes: 1. Including activities of wholesale/retail trade, legal, education & social services, hotel & restaurants, transports and storage & warehousing (except cold storage) for which data were extracted Economic Census 2005, Central Statistics Office, MOSPI.

2. थोक/ खुदरा व्यापार, कानूनी शिक्षा तथा सामाजिक सेवाएँ, होटल एवं रेस्टोरेंट, परिवहन और भंडारण एवं मालगोदाम (कोल्ड स्टोरेज को छोड़कर) गतिविधियों के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र के नमूना सर्वेक्षण से प्राप्त प्रति उद्यम मूल्य के आधार पर अनुमानित, जिन्हे चौथी अखिल भारतीय गैर पंजीकृत क्षेत्र की एमएसएमई, अपंजीकृत क्षेत्र गणना से बाहर रखा गया था।

2. Estimated on the basis of per enterprises value obtained from sample survey of unregistered sector for activities wholesale/retail trade, legal, education & social services, hotel & restaurants, transports and storage & warehousing(except cold storage) which were excluded from Fourth All India Census of MSME, unregistered sector.

2008-15 के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में रोजगार वृद्धि दर 4.8% रही, जिसमें सर्वोच्च वृद्धि दर 2014-15 के दौरान रही, जो 5% थी।

तालिका 1.3 में यह भी द्रष्टव्य है कि कुल सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम का हिस्सा घटता जा रहा है: 2006-07 में यह 7.7% था, जो 2012-13 में 7% रह गया। इसके अतिरिक्त, कुल विनिर्माण में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विनिर्माण का हिस्सा भी कम हुआ है और उसी अवधि मे यह 42% से घटकर 37.3% हो गया है। पर साथ ही, कुल सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का हिस्सा 2006-07 के 35.1% से बढ़कर 2012-13 में 37.5% हो गया है।

ऋण उपलब्धता की स्थिति

- कुल बकाया ऋण में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र का हिस्सा पिछले दशक में बढ़ता आ रहा है। तालिका 1.4 से द्रष्टव्य है कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में सूक्ष्म

The MSME sector registered an employment growth rate of 4.8% during 2008-15, peaking to 5% in 2014-15.

It may also be observed from Table 1.3 that the share of manufacturing sector MSME in total GDP had been declining: from 7.7% in 2006-07 to 7% in 2012-13. Also, the share of MSME manufacturing in total manufacturing had also declined from 42% to 37.3% during the same period. At the same time, the share of services sector MSME in total GDP had increased from 35.1% in 2006-07 to 37.5% in 2012-13.

Status of Credit Availability

- The MSE sector's share in total credit outstanding has been increasing over the last decade. It may be noted from Table 1.4

तालिका 1.3: सकल घरेलू उत्पाद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के उत्पाद का योगदान
Table 1.3: Contribution of MSME Output in GDP

वर्ष Year	कुल सकल घरेलू उत्पाद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र का हिस्सा (%) Share of MSME Sector in total GDP (%)			कुल विनिर्माण उत्पाद में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विनिर्माण उत्पाद का हिस्सा Share of MSME Manufacturing Output in total Manufacturing Output (%)
	विनिर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम Manufacturing Sector MSME	सेवा क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम Services Sector MSME	कुल Total	
2006-07	7.7	27.4	35.1	42.0
2007-08	7.8	27.6	35.4	42.0
2008-09	7.5	28.6	36.1	40.8
2009-10	7.5	28.6	36.1	39.6
2010-11	7.4	29.3	36.7	38.5
2011-12	7.3	30.7	38.0	37.5
2012-13	7.0	30.5	37.5	37.3

तालिका 1.4: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों पर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के बकाया ऋण संबंधी आँकड़े
Table 1.4: MSME Credit Outstanding Data by Scheduled Commercial Banks

(₹ लाख करोड़ / lakh crore)

वित्तीय वर्ष (अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार) Financial Year (Last Reporting Friday)	सूक्ष्म Micro	लघु Small	सूक्ष्म एवं लघु MSE	मध्यम Medium	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम MSME	कुल प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण का हिस्सा प्रतिशत में MSE credit as % of total priority sector lending	एएनबीसी में सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण का हिस्सा प्रतिशत में MSE credit as % of ANBC
मार्च 2008 March 2008	0.79	1.34	2.14	उन NA	उन NA	30.34	7.80
मार्च 2009 March 2009	0.99	1.57	2.56	उन NA	उन NA	31.14	11.30
मार्च 2010 March 2010#	1.50	2.13	3.62	उन NA	उन NA	31.82	13.40
मार्च 2011 March 2011	2.01 (34.0)	2.78 (30.5)	4.79 (32.3)	1.29	6.08	35.74	15.00
मार्च 2012 March 2012	2.18 (8.6)	3.10 (11.5)	5.28 (10.3)	1.54 (19.1)	6.81 (12.1)	35.25	16.50
31 मार्च 2013 March 31, 2013	2.81 (29.2)	4.06 (31.0)	6.87 (30.2)	1.82 (18.4)	8.69 (27.6)	40.56	14.80
31 मार्च 2014 March 31, 2014	3.55 (26.2)	4.96 (22.3)	8.51 (23.9)	1.89 (3.9)	10.40 (19.7)	39.15	15.70
31 मार्च 2015 March 31, 2015	4.24 (19.4)	5.37 (8.3)	9.61 (12.9)	2.10 (11.1)	11.71 (12.6)	40.41	17.80
18 मार्च 2016@ March 18, 2016@ [20 मार्च 2015] [March 20, 2015]	उन NA	उन NA	8.5 (5.9) [8.0]	उन NA	उन NA	42.10	NA

छोटे कोष्ठक में दिए गए आँकड़े प्रतिशत वृद्धि दरें हैं।
Figures in parentheses are percentage growth rates.

\# 2010 से खुदरा व्यापार के आँकड़े सेवा क्षेत्र में शामिल हैं।
Retail trade data included in services sector since 2010.

@ 18 मार्च 2016 के आँकड़े पिछले आकंड़ों, जो 31 मार्च के आँकड़े हैं, के साथ कड़ाई से तुलनीय नहीं हैं। अतः तुलना के प्रयोजन से 20 मार्च 2015 के आँकड़े भी बड़े कोष्ठक में दिए गए हैं।
March 18, 2016 data not strictly comparable with earlier data which are March 31 data. Hence, for comparison purpose, March 20, 2015 data are also given in the square bracket.

स्रोत : भारतीय रिजर्व बैंक।
Sources : Reserve Bank of India.

एवं लघु उद्यम क्षेत्र का हिस्सा 2007-08 के 30.3% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2015-16 में 42.1% हो गया और कुल ऋण (एएनबीसी)1 में 7.8% से बढ़कर 2014-15 में 17.8% हो गया। 2011-12 से वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान इसने 17.7% की औसत वृद्धि दर दर्ज की, जो इसी अवधि की गैर-खाद्य बकाया ऋण वृद्धि की तुलना में बेहतर थी। तथापि, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऋण वृद्धि दर में पिछले तीन वर्ष से गिरावट आ रही है और यह वित्तीय वर्ष 2012-13 के 30.2% से घटकर वित्तीय वर्ष 2013-14 में 23.9%, वित्तीय वर्ष 2014-15 में 12.9% तथा वित्तीय वर्ष 2015-16 में 5.9% रह गई।

- यदि मध्यम उद्यम क्षेत्र को भी शामिल किया जाए, जो कि अब प्राथमिकता क्षेत्र ऋण का भाग है, तो हम पाते हैं कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में मध्यम उद्यम क्षेत्र को कुल ऋण का 17.9% प्राप्त हुआ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की बकाया ऋण वृद्धि में गिरावट की प्रवृत्ति प्रकट हो रही है और यह मार्च 2013 के 27.6% से घटकर मार्च 2015 में 12.6% रह गई।

नीतियाँ और उपाय

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए तथा ऋण प्रवाह में वृद्धि करने के लिए, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने कई नीतिगत उपाय किए हैं। प्रमुख नए प्रयासों का विवरण नीचे दिया गया है :

❖ माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी (मुद्रा) की स्थापना 8 अप्रैल 2015 को सिडबी के पूर्ण

1 प्राथमिकता क्षेत्र उधार के उद्देश्य से, ए एन बी सी से आशय है - भारत में बकाया बैंक ऋण (जैसेकि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(2) के अंतर्गत (यथा 31 मार्च विशेष वितरणी) फॉर्म 'ए' की मद सं.vi में विनिर्दिष्ट है) घटा भारतीय रिज़र्व बैंक तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं से पुनर्भुनाईकृत बिल, जमा अनुमति-प्राप्त परिपक्वता तक धारित गैर-एस एल आर निवेश, जमा अन्य वर्गों के ऐसे निवेश, जो प्राथमिकता क्षेत्र उधार का हिस्सा माने जाने के लिए पात्र हैं (जैसे-प्रतिभूतीकृत आस्तियों में निवेश)..

that the share of MSE sector in priority sector lending increased from 30.3% in 2007-08 to 42.1 % in FY 2015-16 and in total credit (ANBC)[1], increased from 7.8% to 17.8% in FY 2014-15. It recorded an average growth rate of 17.7% during FY 2011-12 to FY 2015-16, which was higher than the non-food credit outstanding growth during the similar period. However, the MSE credit growth rate has been decelerating since last 3 years from 30.2% in FY 2012-13 to 23.9% in 2013-14, 12.9% in FY 2014-15 and 5.9% in FY 2015-16.

Note: Outstanding figures are net of prudential write-off and NPA provision.

प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं को पुनर्वित्त

सिडबी अधिनियम, 1989 की धारा 13(1)(i) के अनुसार, सिडबी राज्य वित्तीय निगमों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, राज्य लघु उद्योग निगमों, अनुसूचित बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों अथवा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित इस प्रकार की अन्य वित्तीय संस्थाओं को उनके द्वारा सूक्ष्म व लघु उद्यमों को मंजूर किए गए ऋणों व अग्रिमों के प्रति पुनर्वित्त उपलब्ध कराता है। पुनर्वित्त सहायता सिडबी की निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है :

i. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम पुनर्वित्त योजना (एमएसईआरएस - सामान्य निधि)

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम पुनर्वित्त योजना (एमएसईआरएस) के अंतर्गत अनुसूचित बैंकों (राज्य सहकारी बैंकों, शहरी सहकारी बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, विदेशी बैंकों आदि सहित), चुनिंदा वित्तीय संस्थानों को सहायता दी जाती है, जो कि उनके द्वारा एमएसई क्षेत्र की इकाइयों को दिए गए ऋणों व अग्रिमों से संबंधित बकाया संविभाग के तुल्य राशि होती है बशर्ते इस संविभाग के लिए किसी अन्य संस्थान से कोई वित्तीय सहायता या सिडबी से पुनर्वित्त न लिया गया हो । पुनर्वित्त सामान्यतः छह माह से पांच वर्षों की अवधि हेतु दिया जाता है । वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान, 17 सार्वजनिक / निजी क्षेत्र के बैंकों को ₹ 35,730 करोड़ की राशि संवितरित की गई ।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्षेत्र हेतु पुनर्वित्त योजना -V (आरएमएसई-V)

सिडबी की पुनर्वित्त क्षमता में और वृद्धि करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के बजट के ज़रिए आवंटन को बढ़ाकर ₹ 10,000 करोड़ प्रतिवर्ष कर दिया। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारतीय

Refinance to Primary Lending Institutions

In terms of Section 13(1)(i) of SIDBI Act, 1989, SIDBI provides refinance to State Financial Corporation, State Industrial Development Corporations, State Small Industries Corporations, Scheduled banks, State Cooperative Banks or such other financial institutions approved by the Board against the loans and advances granted to industrial concerns in Micro and Small Enterprises (MSEs). Refinance is being channeled through the following schemes of SIDBI:

i. Micro and Small Enterprises Refinance Scheme (MSERS) to Banks (General Fund)

MSERS is offered to Scheduled Banks (including State Co-operative Banks, Urban Co-operative Banks, Private Sector Banks, Foreign Banks etc.), select Financial Institutions for the amount equivalent to the outstanding portfolio relating to loans and advances to units in MSE sector against which no financial support has been sought from any other institution or refinance from SIDBI. The refinance is generally extended for six months to five years. During FY 2015-16, a sum of ₹ 35,730 crore was disbursed to 17 Public / Private Sector Banks.

Refinance Scheme for Micro and Small Enterprises Sector – V (RMSE - V)

In order to enhance the refinance capability of SIDBI, the Government of India, through Budget for FY 2013-14 had increased the allocation to ₹ 10,000 crore per year. Accordingly, Reserve Bank of India had

रिज़र्व बैंक ने एमएसई (पुनर्वित्त) निधि के अन्तर्गत सिडबी को ₹10,000 करोड़ की समूह निधि आवंटित की। आवंटित की गई ₹10,000 करोड़ की समूह निधि में से सिडबी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹4,899 करोड़ बैंकों के माध्यम से संवितरित किए, जिन्होंने आधार दर पर आगे सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को उधार दिया । यथा 31 मार्च, 2016 तक इस निधि का कुल उपयोग ₹7,856 करोड़ रहा।

ii. राज्य वित्तीय निगमों को ऋण सीमा

योजना के अंतर्गत, सिडबी राज्य वित्तीय निगमों द्वारा मंजूर उन सावधि ऋणों के प्रति पुनर्वित्त मंजूर करता है, जो कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के औद्योगिक उद्यमों को एमएसएमई क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाएं लगाने तथा उनके विस्तार, आधुनिकीकरण एवं विविधीकरण हेतु दिए गए हों । वार्षिक व्यवसाय योजना एवं संसाधन पूर्वानुमान (बीपीआरएफ) के आधार पर, राज्य वित्तीय निगमों को प्रतिवर्ष पुनर्वित्त सीमाएं मंजूर की जाती हैं । वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, 6 मानक राज्य वित्तीय निगमों को ₹96.94 करोड़ की पुनर्वित्त सीमा मंजूर की गई, जो हैं आंध्रप्रदेश राज्य वित्तीय निगम, दिल्ली वित्तीय निगम, केरल वित्तीय निगम, मध्यप्रदेश वित्तीय निगम, तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड एवं पश्चिम बंगाल वित्तीय निगम । उक्त में से, ₹78.65 करोड़ की राशि 3 राज्य वित्तीय निगमों को संवितरित की गई, जो हैं आंध्रप्रदेश राज्य वित्तीय निगम, मध्यप्रदेश वित्तीय निगम एवं तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड।

allocated a corpus of ₹10,000 crore to SIDBI under the MSE (Refinance) Fund FY 2013-14. Out of the corpus of ₹10,000 crore allocated, SIDBI disbursed ₹4,899 crore during FY 2015-16 to micro and small enterprises through banks which had lent to MSEs at base-rate. The total utilization of the Fund as on March 31, 2016 stood at ₹7,856 crore.

ii. Line of Credit to State Financial Corporation (SFCs)

Under the scheme, SIDBI sanctions refinance against term loans sanctioned by the SFCs to industrial concerns in Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) sector for setting up of industrial projects in MSME sector and also for their expansion, modernisation and diversification. Based on the annual Business Plan and Resources Forecast (BPRF), refinance limits are sanctioned to SFCs annually. During FY 2015-16, refinance limit of ₹96.94 crore was sanctioned to 6 SFCs in standard category viz., Andhra Pradesh State Financial Corporation (APSFC), Delhi Financial Corporation (DFC), Kerala Financial Corporation (KFC), Madhya Pradesh Financial Corporation (MPFC), Tamilnadu Industrial Investment Corporation Ltd. (TIIC) and West Bengal Financial Corporation (WBFC). Out of the above, an amount of ₹78.65 crore was disbursed to 3 SFCs, viz. APSFC, MPFC & TIIC.

राज्य वित्तीय निगमों संबंधी पहलें

- **राज्य वित्तीय निगमों के निरीक्षण**

  राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 यथासंशोधित एसएफसी (संशोधन) अधिनियम, 2000 की धारा 37-ए के प्रावधानों के अनुसरण में, सिडबी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 8 राज्य वित्तीय निगमों का वार्षिक समग्र निरीक्षण संपन्न किया, जो हैं आंध्रप्रदेश राज्य वित्तीय निगम, दिल्ली वित्तीय निगम, केरल वित्तीय निगम, कर्नाटक राज्य वित्तीय निगम, मध्यप्रदेश वित्तीय निगम, राजस्थान वित्तीय निगम, तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड एवं पश्चिम बंगाल वित्तीय निगम । 8 राज्य वित्तीय निगमों का सीमित कवरेज निरीक्षण किया गया जो है: असम वित्तीय निगम, बिहार राज्य वित्तीय निगम, गुजरात राज्य वित्तीय निगम, हरियाणा वित्तीय निगम, हिमाचल प्रदेश वित्तीय निगम, जम्मू काश्मीर राज्य वित्तीय निगम, ओडिशा राज्य वित्तीय निगम तथा पंजाब राज्य वित्तीय निगम।

- **विनियामक निदेश**

  सिडबी ने भारतीय रिज़र्व बैंक की विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन के भाग के रूप में विभिन्न पहलें की हैं । राज्य वित्तीय निगमों को अद्यतन आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण मानदंडों व केवाईसी / एएमएल मानकों के दिशानिर्देश जारी किए गए हैं तथा उनके अनुपालन की निगरानी की जा रही है ।

संस्थाओं को संसाधन सहायता

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को निधियों के वितरण हेतु तथा इस क्षेत्र को सेवा करने के अपने अधिदेश के अनुसार सिडबी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तपोषण करता रहा है, जिनमें आस्ति वित्त कंपनियां तथा ऋण कंपनियां दोनों शामिल हैं । वर्ष के दौरान आठ नए एनबीएफसी ग्राहकों को कुल ₹ 1,825 करोड़ की संसाधन सहायता मंजूर की गईं । संसाधन सहायता के अंतर्गत वर्ष के दौरान कुल मंजूरियां तथा संवितरण क्रमशः ₹ 4,480 करोड़ तथा ₹ 3,138 करोड़ रहे तथा यथा 31 मार्च, 2016, ऐसी संस्थाओं को संसाधन सहायता के अन्तर्गत बकाया राशि 40% वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 5,678 करोड़ रही ।

Initiatives relating to SFCs

- **Inspection of State Financial Corporations**

  In accordance with the provisions of Section 37-A of State Financial Corporations Act, 1951 as amended by SFC (Amendment) Act, 2000, SIDBI carried out the annual comprehensive inspections of 8 SFCs viz., APSFC, DFC, KFC, KSFC, MPFC, RFC, TIIC & WBFC and limited coverage inspection of 8 SFCs viz., AFC, BSFC, GSFC, HFC, HPFC, JKSFC, OSFC & PFC during FY 2015-16.

- **Regulatory Directives**

  SIDBI has taken various initiatives as part of compliance to RBI regulatory requirements. Up-to-date Income Recognition and Asset Classification (IRAC) norms and guidelines of KYC/AML norms have been issued to SFCs and compliance thereof is being monitored.

Resource Support to Institutions

SIDBI has been financing NBFCs, both Asset Finance Companies (AFCs) and Loan Companies (LC) for channelizing funds to Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs) in accordance with the policy approved by Bank's Board and as a part of its mandate to serve MSME sector. Eight new NBFC customers were sanctioned resource support for an aggregate amount of ₹ 1,825 crore during the year. The total sanctions and disbursements under resource support during the year was ₹ 4,480 crore and ₹ 3,138 crore, respectively and the outstanding as on March 31, 2016 stood at ₹ 5,678 crore registering 40% growth.

अल्प वित्त

सिडबी अल्प वित्त (₹ 50,000 तक के ऋणों) एवं छूट गए मध्य वर्ग (₹ 50,000- ₹ 10,00,000 के मध्य के ऋण) के वित्तपोषण हेतु एनबीएफसी / एनबीएफसी- अल्प वित्त संस्थाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा रहा है । छूट गए मध्य वर्ग के वित्तपोषण हेतु एशियाई विकास बैंक और केएफडब्ल्यू के साथ ऋण उद्यमो के सीमाएं परिचालनरत हैं ।

31 मार्च, 2016 तक सिडबी की अल्प वित्त पहलों के अंतर्गत संचयी मंजूरी राशि (ऋणों, ईक्विटी एवं अर्द्ध ईक्विटी सहित, किंतु भारत अल्पवित्त ईक्विटी निधि (आईएमईएफ) व निर्धनतम राज्य समावेशी संवृद्धि कार्यक्रम (पीएसआईजी) को छोड़कर ₹ 12,254 करोड़ रही, जबकि संचयी संवितरण ₹ 10,769 करोड़ रहे । बैंक की अल्पवित्त बकाया राशि (सकल) 23% बढ़कर ₹ 2,996 करोड़ हो गई । सिडबी से सहायता प्राप्त और 31 मार्च, 2016 को बैंक के साथ बकाया ऋण वाली अल्प वित्त संस्थाओं की संख्या 98 रही । सिडबी के माध्यम से सहायता ने लगभग 345 लाख सुविधारहित लोगों को लाभ पहुंचाया है, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं । सिडबी के अल्पवित्त सहायता संबंधी तुलनात्मक परिचालनगत आंकड़े तालिका 3.4 में दिए गए हैं ।

III. प्रत्यक्ष वित्तपोषण

क. जोखिम पूंजी सहायता :

- संवृद्धि पूंजी की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अंतरालों की पूर्ति करने के उद्देश्य से, सिडबी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की संवृद्धि जरूरतों की पूर्ति हेतु उन्हें जोखिम पूंजी सहायता उपलब्ध कराता रहा है । इनमें शामिल हैं - पूंजीगत व्यय हेतु वित्त के स्रोतों में अंतरालों का निधीयन, अमूर्त आवश्यकताएं जैसे अनुसंधान व विकास

Micro Finance

SIDBI has been providing assistance for financing the micro finance loans (upto ₹ 50,000) and also the Missing Middle segment (loans in the range of ₹ 50,000 - ₹ 10,00,000) through NBFCs / NBFC-MFIs, etc. The Lines of Credit (LoCs) from ADB and KfW, Germany for financing Missing Middle enterprises are in operation.

The cumulative assistance (including loans, equity and quasi-equity but excluding India Micro Finance Equity Fund (IMEF) & Poorest States Inclusive Growth (PSIG) Fund) sanctioned under SIDBI's micro finance initiatives upto March 31, 2016 aggregated ₹ 12,254 crore, while cumulative disbursements aggregated ₹ 10,769 crore. The microfinance outstanding (gross) of the Bank increased by 23% to ₹ 2,996 crore. The number of MFIs assisted by SIDBI and having loan outstanding with the Bank as on March 31, 2016 stood at 98. The assistance through SIDBI has benefited around 345 lakh (approx.) disadvantaged people, most of them being women. The comparative operational highlights of SIDBI's Micro Finance Support are given in the following Table 3.4.

III. Direct Financing

A. Risk Capital Assistance:

- In order to address the gap in meeting growth capital requirements, SIDBI has been providing risk capital assistance to MSMEs for meeting funding gaps in the means of finance for capital expenditure, intangible requirements like expenditure for R&D, marketing / brand building,

तालिका 3.4 : अल्प ऋण योजना तथा ईक्विटी/अर्ध ईक्विटी सहायता के अन्तर्गत सहायता

Table 3.4 : Assistance under Micro Credit Loans and Equity / Quasi Equity Assistance

(₹ करोड़ / crore)

क्र. Sl. No.	विवरण / Particulars	वित्तीय वर्ष FY 2014-15		वित्तीय वर्ष FY 2015-16		संचयी Cumulative
		संवितरण Disb.	बकाया Outstanding as on March 31	संवितरण Disb.	बकाया Outstanding as on March 31	संवितरण Disb.
1	अल्प वित्त संस्थाओं को सावधि ऋण Term Loans to MFIs	941.97	1,532.09	1,200.88	1,988.04	9,836.43
2	निजी वित्त संस्थाओं/ गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को 'वंचित मध्यम वर्ग' संबंधी सहायता Missing Middle Assistance to PFIs / NBFCs	210.00	267.37	100.00	283.34	446.14
3	अल्पवित्त संस्थाओं को दीर्घावधि ऋण Long dated Loans to MFIs	92.00	92.00	52.75	144.75	144.75
4	एमईएल-प्रत्यक्ष उधार MEL – Direct Lending	0.00	0.77	0.00	0.67	12.25
5	रूपान्तरण ऋण (टीएल)/ रूपान्तरण के लिए समूह-निधि सहायता Transformation Loan (TL) / Corpus support for transformation	0.00	1.85	0.00	1.85	19.05
6	अधीनस्थ ऋण / Subordinate Debt.	0.00	100.00	0.00	100.00	175
7	ईक्विटी सहायता / Equity Support	0.00	84.89	50.00	134.73	135.55
8	विकल्पतः परिवर्तनीय संचयी अधिमान्य शेयर / Optionally Convertible Cumulative Preference Shares	0.00	247.46	0.00	233.88	0.00
9	अनिवार्यतः परिवर्तनीय अधिमान्य शेयर Compulsory Convertible Preference Shares	0.00	109.20	0.00	109.20	0.00
	योग / Total	**1,243.97**	**2,435.63**	**1,403.63**	**2,996.46**	**10,769.17**

टिप्पणी : आंकड़े सकल हैं और इनमें ईक्विटी / अर्ध-ईक्विटी निवेश शामिल हैं ।

Note: Data are gross and include equity / quasi-equity investment.

हेतु व्यय, विपणन / ब्रांड सृजन, तकनीकी जानकारी, ऊर्जा दक्षता, गुणवत्ता नियंत्रण, कार्यशील पूंजी मार्जिन आदि, जिनमें सामान्यतः बैंक ऋण उपलब्ध नहीं होते हैं, क्योंकि ये निवेश कोई संपत्ति सृजित नहीं करते।

- सिडबी ने 2009 में एमएसएमई जोखिम पूंजी निधि के अंतर्गत जोखिम पूंजी परिचालन शुरू किए, जिनकी प्रतिबद्ध समूह निधि ₹2,000 करोड़ थी । इस निधि का पूर्ण उपयोग कर लिया गया है ।
- वित्त वर्ष 2015-16 के अंत तक, जोखिम पूंजी सहायता के अंतर्गत बकाया (सकल) ₹918 करोड़ रहे ।

निधियों की निधि संबंधी परिचालन :

बैंक गत एक दशक से सेबी में पंजीकृत उद्यम निधियों / वैकल्पिक निवेश निधियों में योगदान कर रहा है । वित्त वर्ष 2015-16 के अंत तक उद्यम पूंजी/ पीई निधियों में संचयी निवल वचनबद्धताएं ₹2,311 करोड़ रहीं ।

टाइफैक - सिडबी प्रौद्योगिकी नवोन्मेषन कार्यक्रम (सृजन योजना)

सिडबी ने प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं आकलन परिषद (टाइफैक) के साथ प्रौद्योगिकी नवोन्मेष कार्यक्रम (सृजन योजना) के क्रियान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है । इस योजना में ₹1 करोड़ तक के विकासपरक ऋण 5% से अनधिक की रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिनका उद्देश्य नई प्रौद्योगिकी/ प्रक्रिया / उत्पाद के विकास / नवोन्मेषन तथा इसके व्यवसायीकरण को प्रोत्साहन व बढ़ावा देना होता है । टाइफैक द्वारा इस योजना के अंतर्गत ₹30 करोड़ की परिक्रामी नवोन्मेष

technical knowhow, energy efficiency, quality control, WC margin, etc. where bank loans are generally not available as such investments are non-asset creating.

- SIDBI started the Risk Capital operations in 2009 under the MSME Risk Capital Fund (MSME- RCF) with a committed corpus of ₹2,000 crore. The Fund has been fully committed.
- As at the end of FY 2015-16, the outstanding (gross) under Risk Capital assistance was ₹918 crore.

Fund of Fund operations:

The Bank has been contributing to SEBI registered venture funds/ Alternative Investment Funds [AIFs] for more than a decade now. The cumulative net commitments to VC / PE Funds as at the end of FY 2015-16 stood at ₹2,311 crore.

TIFAC-SIDBI Technology Innovation Programme (Srijan Scheme)

SIDBI has executed a Memorandum of Understanding (MoU) with Technology Information, Forecasting and Assessment Council (TIFAC) for implementing the Technology Innovation Programme (Srijan Scheme). The Scheme provides developmental loan upto ₹1 crore at concessional interest rate of not more than 5% to encourage / promote development / innovate new technology / process / product and its commercialization. A revolving innovation fund of ₹30 crore was created by TIFAC under the scheme.

निधि सृजित की गई थी । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ₹2.63 करोड़ के तीन नवोन्मेषी प्रस्ताव मंजूर किए गए, जिससे इस योजना के अंतर्गत कुल सहायता राशि ₹13.56 करोड़ तक हो गई ।

During the year under review, three innovative proposals of ₹2.63 crore were sanctioned, aggregating the total assistance to ₹13.56 crore under the scheme.

ख. टिकाऊ वित्त

स्वच्छ उत्पादन तथा ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों / उत्पादन प्रक्रियाओं में निवेश को प्रोत्साहन देने हेतु सिडबी, 2003 से अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे जाइका, जापान, एएफडी एवं केएफडब्ल्यू, जर्मनी के साथ हुई द्विपक्षीय ऋण व्यवस्थाओं के अंतर्गत संकेंद्रित ऋण योजनाएं परिचालित करता आ रहा है । इन संकेंद्रित योजनाओं का द्विआयामी दृष्टिकोण रहता है, अर्थात हरित ऊर्जा दक्ष निवेशों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रियायती ऋण तथा विभिन्न सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में जानकारी का प्रसार ।

B. Sustainable Finance

Since 2003, SIDBI has been operating focused lending schemes for promoting investment in clean production and energy efficient technologies / production processes under bilateral lines of credit from international agencies such as JICA, Japan, AFD, France and KfW, Germany. These focused schemes have two pronged approach, i.e. concessional lending to encourage investment in green, energy efficient investments and information dissemination to various MSME sectors.

ऊर्जा दक्षता ऋण व्यवस्थाएं

सिडबी ने विभिन्न बहुपक्षीय / द्विपक्षीय एजेंसियों से प्राप्त ऋण व्यवस्थाओं से संकेंद्रित रियायती ऋण योजनाएं

Energy Efficiency Lines of credit

SIDBI operated focused concessional lending schemes for Energy Efficiency (EE) out of Lines

सिडबी को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2015 के अंतर्गत वित्तीय संस्था वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
SIDBI bagged first prize in the National Energy Conservation Award 2015 under Financial Institutions category.

परिचालित की हैं । ये ऋण व्यवस्थाएं हैं : जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) चरण I - 30 बिलियन जापानी येन, चरण II - 30 बिलियन जापानी येन, चरण III - 30 बिलियन जापानी येन, एजेंसी फ्रेंक्रेस डि डेवलपमेंट (एएफडी), फ्रांस - 50 मिलियन यूरो तथा क्रेडिटान्सटाल्ट फुर वीडरॉफबाउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी - 50 मिलियन यूरो। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा दक्षता बढ़ाना, कार्बन डाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन कम करना तथा दीर्घावधि में भारतीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की लाभप्रदता बढ़ाना है ।

स्वच्छतर उत्पादन / पर्यावरण संबंधी ऋण व्यवस्था

सिडबी ने केएफडब्ल्यू से कुल 53.74 मिलियन यूरो की ऋण व्यवस्था की संविदा की है, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र में स्वच्छ उत्पादन विकल्पों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए है । उक्त ऋण व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य स्वच्छतर उत्पादन निवेशों के माध्यम से उत्सर्जन व प्रदूषण में कमी लाना या उसे रोकना है । उद्योग समूहों में स्थित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बड़ी संख्या में लाभान्वित करने वाले सामूहिक बहिस्स्राव शोधन संयंत्रों, कचरा शोधन, भंडारण व निपटान सुविधाओं, अपशिष्ट पुनःचक्रण आदि में निवेश भी उक्त सहायता हेतु पात्र है । एकल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, जो ऐसा निवेश करने जा रहे हों, जिसके फलस्वरूप प्रदूषण नियंत्रित होगा, अपशिष्ट घटेगा, कच्चे माल की उत्पादकता में सुधार होगा आदि, उक्त ऋण व्यवस्था के अंतर्गत शामिल किए जाने हेतु पात्र हैं । 31 मार्च, 2016 तक, 307 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को कुल ₹355 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है ।

विश्वबैंक-जीईएफ परियोजना - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में ऊर्जा दक्षता का वित्तपोषण

सिडबी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ मिलकर ग्लोबल एनवॉयरमेंट फैसिलिटी (जीईएफ) द्वारा वित्तपोषित विश्व बैंक परियोजना

of Credit (LoCs) from various multilateral / bilateral agencies, viz. Japan International Cooperation Agency (JICA) Phase I - JPY 30 billion, Phase - II – JPY 30 billion, Phase - III – JPY 30 billion, Agence Française de Développement (AFD), France – EUR 50 million and Kreditanstalt fur Wiederaufbau (KfW), Germany – EUR 50 million. The main objective of these schemes is to enhance energy efficiency, reduce CO_2 emissions and improve the profitability of the Indian MSMEs in the long run.

Cleaner Production/Environmental Lines of credit

SIDBI has contracted LoCs aggregating EUR 53.74 million from KfW, Germany for promoting investment in cleaner production options in the MSME sector. The main objective of these LoCs is to achieve a reduction or avoidance of emission and pollution through cleaner production investments. Investment such as Common Effluent Treatment Plants (CETPs), waste treatment, storage & disposal facilities, waste recycling, etc., benefitting large number of MSMEs in the industrial clusters are also eligible under the assistance. Individual MSMEs going in for investments that will result in the pollution control, waste reduction, improvement in raw material productivity etc., are eligible for coverage under the line. As on March 31, 2016, 307 MSMEs were assisted with an aggregate term loan of more than ₹355 crore under these LoCs.

WB-GEF Project – Financing Energy Efficiency in MSMEs

SIDBI, along with Bureau of Energy Efficiency (BEE) is executing a Global Environmental

"एमएसएमई में ऊर्जा दक्षता का वित्तपोषण" का निष्पादन 2010 से पांच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समूहों में कर रहा है । ये समूह हैं : कोल्हापुर - ढलाईघर, तिरुनेलवेली - चूना भट्ठा, अंकलेश्वर - रसायन, पुणे - गढ़ाई, फरीदाबाद - मिश्रित समूह । यह परियोजना वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान पांच अन्य एमएसएमई मिश्रित उद्यम समूहों में विस्तारित की गई है जो हैं : दिल्ली एनसीआर, लुधियाना, वाराणसी, ठाणे और देहरादून । परियोजना का उद्देश्य लक्षित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समूहों में ऊर्जा दक्षता निवेशों की मांग बढ़ाना और वाणिज्यिक वित्त तक पहुंचने की उनकी क्षमता में वृद्धि करना है । परियोजना के मुख्य लाभार्थी हैं : साझेदार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, जो स्वच्छ और सुकर विनिर्माण अवसरों सहित ऊर्जा दक्षता निवेशों / सुधारों के अन्य संभावित लाभ प्राप्त करेंगे ; बैंक / वित्तीय संस्थाएं, जो बढ़े हुए व्यवसाय अवसरों से लाभान्वित होंगे ; ऊर्जा व्यवसायिक और स्थानीय सेवा प्रदाता, जो अपनी सेवाओं की बढ़ी हुई मांग से लाभान्वित होंगे ; और उद्योग संघ जो अपने उद्योग समूहों में ऊर्जा दक्षता संबंधी गतिविधियां चलाने में समर्थ होंगे । उक्त परियोजना का मुख्य प्रदायन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को तकनीकी सहयोग प्रदान करना है, जिसके परिणामस्वरूप 500 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों द्वारा ऊर्जा संरक्षण उपाय कार्यान्वित करने के लिए निवेश उत्प्रेरित होगा । परियोजना का लक्ष्य कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में 1.5 मिलियन टन तक की कमी लाना भी है ।

परियोजना के परिणाम अब तक संतोषजनक रहे हैं । आरंभिक पांच उद्योग समूहों की समूह रूपरेखा रिपोर्टें तैयार की गई हैं तथा इनके व्यापक प्रसार हेतु इन्हें सिडबी की वेबसाइट पर लगाया गया है । परियोजना अधीन दस उद्योग समूहों में 1200 से अधिक वॉक थ्रू ऑडिट किए गए, 700 विस्तृत ऊर्जा ऑडिट संचालित किए गए और 696 निवेश ग्रेड विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (आईजीडीपीआर) तैयार की गई हैं । 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों ने चिह्नित ऊर्जा संरक्षण उपायों को कार्यान्वित करना आरंभ कर दिया है । 500 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में एक तृतीय पक्ष मापन एवं

Facility (GEF) funded World Bank project, viz. "Financing Energy Efficiency at MSMEs" in five MSME clusters viz., Kolhapur- foundry, Tirunelveli- Limekilns, Ankleshwar- chemicals, Pune- forging and Faridabad- mixed cluster since October 2010. Further, the project has been expanded to include five more MSME mixed clusters viz., Delhi NCR, Ludhiana, Varanasi, Thane and Dehradun during FY 2015-16. The objective of the project is "To increase demand for energy efficiency investments in the target MSME clusters and to build their capacity to access commercial finance". The key beneficiaries of the project include participating MSMEs who will realize the potential benefits from EE investments/improvements including clean & lean manufacturing opportunities; Banks / FIs from increased business opportunities; energy professionals & Local Service Providers (LSPs) from increased demand for their services and Industry Associations enabling them to carry out EE related activities in their clusters. The main deliverable of the project is to provide technical support to MSMEs resulting in catalyzing investments for implementing Energy Conservation Measures in 500 MSMEs. The project also aimed at emission reduction to the tune of 1.5 million tonnes of CO_2.

The outcome of the Project has so far been satisfactory. Cluster Profile Reports of the initial five clusters have been developed and uploaded on the SIDBI website for its wider dissemination. More than 1200 walk-through audits were undertaken, 700 detailed energy audits conducted and 696 Investment Grade Detailed Project Report (IGDPRs) prepared in the ten clusters under the project. More than 600 MSMEs have started implementing energy conservation measures in these clusters. A third party measurement & verification has been

सत्यापन भी संचालित किया गया, जिसने उत्कृष्ट परिणाम दर्शाए हैं । इस परियोजना ने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में 1.5 मिलियन टन तक की कमी लाने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है ।

साथ ही, इस परियोजना के अंतर्गत, ऊर्जा दक्षता संबंधी विभिन्न विषयों पर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्योग संघों एवं अन्य विभिन्न मुख्य भागीदारों हेतु 85 से अधिक क्षमता निर्माण एवं जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए हैं, जिससे 4,200 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए । इसके अतिरिक्त, 36 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए, जिनमें विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं/एनबीएफसी/ राज्य वित्तीय निगमों /सनदी लेखाकारों / वित्तीय व्यवसायिकों से लगभग 1,100 प्रतिभागियों को ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण के संबंध में जागरूक बनाया गया / प्रशिक्षित किया गया । सिडबी ने 14 प्रदर्शनियां और परिचयात्मक दौरे भी संचालित किए, ताकि लक्षित उद्यम समूहों में ऊर्जा दक्षता आपूर्तिकर्ताओं / विक्रेताओं / सेवा प्रदाताओं / ईएससीओ को आकर्षित किया जा सके और 200 से अधिक विक्रेता कंपनियों ने इनमें हिस्सा लिया ।

सिडबी ने अपनी विश्व बैंक-जीईएफ परियोजना के अंतर्गत एक नया "अंतर्निहित हरित मानदंडों सहित समेकित ऋण श्रेणी निर्धारण मॉडल" विकसित कर उसका प्रायोगिक परीक्षण किया है । भारत सरकार द्वारा यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत इंटेंडेड नेशनली डिटरमाइन्ड कॉट्रिब्यूशंस (आईएनडीसी) संबंधी दस्तावेज में भी इस परियोजना का उल्लेख किया गया है ।

4ई (एंड टु एंड एनर्जी एफिशिएंसी) समाधान

सिडबी ने "विश्व पर्यावरण दिवस" पर एंड टु एंड एनर्जी समाधान (4 ई समाधान) नामक उत्पाद का शुभारम्भ किया है। 4 ई समाधान उचित मूल्य पर, सेवा की गुणवत्ता के आश्वासन के साथ, तकनीकी परामर्शदाता/ऊर्जा सेवा कंपनियों की सेवा का उपयोग करते हुए ऊर्जा सेवा में सुधार लाने में एमएसएमई ग्राहकों को तकनीकी सहायता प्रदान करता है। 4 ई समाधान का क्रियान्वयन सिडबी की सहयोगी संस्था इंडिया एसएमई

conducted in more than 500 MSMEs which has indicated excellent results. The project has achieved its objective of emission reduction of almost 1.5 million tonnes of CO_2.

Further, under the project, more than 85 Capacity Building and Awareness Programs have been conducted for MSMEs, Industries Associations and various other key stakeholders on various topics related to energy efficiency which has outreached more than 4,200 participants. Besides, 36 Training Programs were conducted under which around 1,100 participants from banks/FIs/NBFCs/SFCs/CAs/ financial professionals etc were sensitized / trained on Energy Efficiency financing. SIDBI also conducted 14 exhibitions along with exposure visits to attract EE equipment suppliers/vendors/service providers/ESCOs in the targeted clusters and more than 200 vendor companies had participated.

A new "Integrated Credit Rating Model with Embedded Green Parameters" has been developed and pilot tested by SIDBI under its WB-GEF Project. The Project has also been mentioned in the Government of India's document on Intended Nationally Determined Contributions (INDCs) submitted to UNFCCC.

The 4E (End-to-End Energy Efficiency) Solutions

SIDBI has launched the End-to-End Energy Efficiency Solutions (4E solutions) Product on the "World Environment Day". The 4E solution provides technical support to MSME clients to improve their energy savings by availing the services of Technical Consultant / Energy Services Companies (ESCOs) at a reasonable cost with assurance on the quality of services.

टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड (आईएसटीएसएल) द्वारा विशेषज्ञ ऊर्जा प्रोफेशनल्स की सेवाएँ लेकर किया जा रहा है। यथातिथि 4 ई समाधान कार्यक्रम से 100 से अधिक एमएसएमई लाभान्वित हो चुके हैं। इसके फलस्वरूप लगभग 11,500 टन कार्बन डाइ ऑक्साइड ग्रीन हाउस गैस-उत्सर्जन में कमी आई है।

इसके अलावा, एमएसएमई को उपलब्ध ऐसी ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए रियायती ब्याज दरों पर उदार शर्तों पर ऋण प्रदान करने के लिए एक चक्रीय निधि (4 ई वित्तीयन योजना) निर्मित की गई है। इस चक्रीय निधि में विश्व बैंक से 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जीईएफ अनुदान और सिडबी की सामान्य निधि से 28:72 के अनुपात में अंशदान शामिल है।

ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ)

ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ) युनाइटेड नेशन्स फ्रेम्मवर्क कन्वेंशन फॉर क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के तत्वावधान में गठित एक नई निधि है। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को सहायता देकर निम्न उत्सर्जन तथा जलवायु-अनुकूल विकास की ओर अग्रसर हो रहे विकास-पथ के बदलते परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा देना है, ताकि वे अपने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को सीमित अथवा कम कर पाएँ और जलवायु-परिवर्तन के प्रभावों से अनुकूलन कर सकें। विकसित देशों ने 2020 तक जीसीएफ के लिए 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष संग्रहीत करने का वचन दिया है। यह निधि जीसीएफ द्वारा विकासशील देशों को अनुदान, रियायती उधार और अन्य तरीकों से प्रदान की जाएगी, ताकि जलवायु-परिवर्तन का समाधान हो और उससे अनुकूलन के कार्यों में मदद की जा सके। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने ग्रीन क्लाइमेट फंड से मान्यता के लिए सिडबी को राष्ट्रीय कार्यान्वयन संस्था नामित किया है। सिडबी ग्रीन क्लाइमेट फंड से मान्यता लेने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। मान्यता मिलने के बाद बैंक जीसीएफ

The 4E Solution is being implemented by India SME Technology Services Limited (ISTSL), an associate institution of SIDBI by utilizing the services of specialized energy professionals. As on date, more than 100 MSMEs have benefitted so far from the 4E Solution programme which has resulted in GHG emissions reduction of approx 11,500 tons of CO_2.

Further, a Revolving Fund (4E Financing Scheme) has been created to provide loans to MSMEs for such energy efficiency projects at concessional interest rates and soft terms. The Revolving Fund shall include GEF Grant of USD 3 million from World Bank and contribution from SIDBI out of its general fund in the ratio of (28:72).

Green Climate Fund (GCF)

Green Climate Fund (GCF) is a new fund created within the framework of the United Nations Framework Convention for Climate Change (UNFCCC) to promote a paradigm shift towards low-emission and climate-resilient development pathways by providing support to developing countries to limit or reduce their greenhouse gas emissions and to adapt to the impacts of climate change. The developed countries have committed to mobilize USD 100 billion per annum by 2020 for GCF. These funds shall be provided by GCF to developing countries in the form of grants, concessional lending and through other modalities to enable and support climate change mitigation and adaptation actions. Ministry of Environment, Forests & Climate Change (MoEFCC), Government of India has nominated SIDBI as National Implementing Entity (NIE) for accreditation with Green Climate Fund (GCF). SIDBI is in the process of accreditation with Green Climate Fund (GCF). Once accredited, the

से सीधे अनुदान और सुलभ ऋण लेने के लिए पात्र हो जाएगा, जबकि वर्तमान में ये विश्व बैंक जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त होते हैं।

ग. सेवा क्षेत्र वित्तीयन

- सेवा क्षेत्र भारत की आर्थिक संवृद्धि का मुख्य कारक बना हुआ है। इस क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में अर्थव्यवस्था के सकल मूल्यवर्द्धन में लगभग 53% का योगदान किया, निवल विदेशी मुद्रा अर्जित की और देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया। राष्ट्रीय एवं राज्यों की आय, व्यापारिक अंतर्प्रवाह, विदेशी मुद्रा निवेश अंतर्प्रवाह तथा रोज़गार में योगदान की दृष्टि से यह क्षेत्र सबसे अधिक गतिशील रहा। भारत के सेवा क्षेत्र में कई प्रकार की गतिविधियाँ आती हैं, जैसे- व्यापार, होटल और रेस्तराँ, परिवहन, भण्डारण और संचार, वित्तपोषण, बीमा, भू-संपदा, व्यवसाय सेवाएँ, समुदाय, समाज एवं वैयक्तिक सेवाएँ तथा निर्माण से जुड़ी सेवाएँ। सेवा क्षेत्र की बढ़ती हुई भूमिका को देखते हुए सिडबी सेवा क्षेत्र को अपने व्यवसाय का विशिष्ट क्षेत्र मानकर उस पर ध्यान केन्द्रित करता आया है।

घ. प्राप्य वित्त योजना

- प्राप्य वित्त योजना वर्ष 1991 में आरंभ की गई। यह बैंक की अग्रणी योजनाओं में से एक है। एमएसएमई को उनकी प्राप्य राशियों की शीघ्र वसूली में मदद करने के उद्देश्य से सिडबी अच्छे कार्य-निष्पादन वाली क्रेता कंपनियों की सीमाएँ निर्धारित करता है और पुर्जे, हिस्से, उप-संयोजन, सेवाएँ आदि की आपूर्ति करनेवाली एमएसएमई/सेवा क्षेत्र की पात्र इकाइयों के मीयादी बिलों की भुनाई करता है, ताकि उन एमएसएमई/सेवा-क्षेत्र इकाइयों को अपनी बिक्री-राशि शीघ्रता से मिल जाए। सिडबी क्रेता कंपनियों के एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को बीजक भुनाई सुविधा भी प्रदान करता है। इस वर्ष मौजूदा प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केन्द्रित किया गया।

Bank will be eligible for grant and soft loans directly from GCF instead of being routed through multilateral agencies like World Bank at as present.

C. Service Sector Financing

- The services sector remains the key driver of India's economic growth, contributing almost 53% of its gross value added in FY 2015-16. The sector also remained the most vibrant in terms of contribution to trade flows, FDI inflows and employment. India's services sector covers a wide variety of activities such as trade, hotel and restaurants, transport, storage, communication, financing, insurance, real estate, business services, community, social & personal services and services associated with construction. In view of the growing role of service sector, SIDBI has been focusing on service sector as one of its niche areas in business.

D. Receivable Finance Scheme

- Receivable Finance Scheme (RFS), launched in the year 1991, is one of the pioneer schemes of the Bank. In order to help the MSMEs for quicker realization of their receivables, SIDBI fixes limits to well-performing purchaser companies and discounts usance bills of MSMEs / eligible service sector units supplying components, parts, sub-assemblies, services, etc. so that the MSME / service sector units realise their sale proceeds quickly. SIDBI also offers invoice discounting facilities to the MSME suppliers of purchaser companies. The focus this year has been on strengthening the existing processes and guidelines.

IV. गैर-निधि-आधारित सुविधाएँ

पारंपरिक बैंकिंग ढाँचे के भीतर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को प्रदान की जानेवाली सेवाओं के साथ-साथ बैंक एमएसएमई को बहुत सी गैर-निधि आधारित सेवाएँ भी प्रदान करता है, जैसे- साख-पत्र (विदेशी और अंतर्देशीय, दोनों), गारंटी आदि। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान उपलब्ध गैर-निधि-आधारित सुविधाओं का सार-संक्षेप तालिका 3.5 में दिया गया है।

V. सिडबी- सरकारी योजनाओं की नोडल एजेंसी के रूप में

- आधुनिक/ऊर्जा-बचतकारी प्रौद्योगिकियाँ अपनाने के लिए एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्र के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, जैसे- ऋण-आधारित पूँजी सब्सिडी योजना (सीएलसीएसएस) [एमएसएमई मंत्रालय], कपड़ा उद्योग हेतु प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टफ्स) [कपड़ा मंत्रालय], चमड़ा क्षेत्र एकीकृत विकास योजना (आईडीएलएसएस)[वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय], खाद्य प्रसंस्करण उद्योग प्रौद्योगिकी उन्नयन/स्थापना/

IV. Non-Fund Based Facility

The Bank also provides various non-fund based services like Letters of Credit (both foreign and inland) to MSMEs, Guarantees, etc., to micro & small enterprises in addition to services provided within the traditional banking framework. Summary of businesses under non-fund based facility during FY 2015-16 is provided in Table 3.5.

V. SIDBI as Nodal Agency for Government Schemes

- SIDBI plays Nodal Agency role in implementation of various schemes undertaken by the Government of India (GoI) for MSME sector viz., Credit Linked Capital Subsidy Scheme (CLCSS) [Ministry of MSME], Technology Upgradation Fund Scheme for Textile Industry(TUFS) [Ministry of Textiles], Integrated Development of Leather Sector Scheme(IDLSS) [Ministry of Commerce & Industry], Scheme of Technology Upgradation/Setting up/Modernization/

तालिका 3.5: गैर-निधि आधारित व्यवसाय
Table 3.5: Non-Fund Based Business

(₹ करोड़ / crore)

विवरण / Particulars	वित्तीय वर्ष / FY 2014-15		वित्तीय वर्ष / FY 2015-16	
	सं. Number	बकाया Outstanding as on March 31	Number	बकाया Outstanding as on March 31
विदेशी साख-पत्र / Foreign Letter of Credit	60	81.06	43	62.53
अंतर्देशीय साख-पत्र / Inland Letter of Credit	1	0.65	2	2.36
गारंटी योजना / Gurantee Scheme	235	55.42	236	60.31
योग / Total	296	137.13	281	125.20

आधुनिकीकरण/विस्तार योजना (एफपीटफ्स) [खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय] और प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता उन्नयन (टेकअप) योजना [एमएसएमई मंत्रालय] के क्रियान्वयन के लिए सिडबी नोडल एजेंसी की भूमिका निभाता है।

- समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सिडबी से प्रत्यक्षतः सहायता-प्राप्त 431 पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के कुल ₹ 23.57 करोड़ के दावों को सीएलसीएसएस के अन्तर्गत निपटाया गया। साथ ही, सह-योजित प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं से संबंधित 2350 एमएसई के ₹ 154.54 करोड़ के सब्सिडी-दावों का निपटान भी किया गया। अक्तूबर 2000 में इस योजना के आरम्भ होने से अब तक संचयी रूप से ₹ 1,289.42 करोड़ के पूंजी सब्सिडी के 21,521दावों का निपटान किया जा चुका है।

- इसी प्रकार, टफ्स के अन्तर्गत सिडबी से प्रत्यक्ष सहायता-प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में 346 सब्सिडी दावों (ब्याज प्रोत्साहन सब्सिडी और पूँजी/मार्जिन राशि सब्सिडी, दोनों) के प्रति ₹ 10.15 करोड़ और सह-योजित प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा एमएसई को उपलब्ध सहायता के संबंध में 990 सब्सिडी-दावों के प्रति कुल ₹ 23.93 करोड़ का निपटान किया गया। अप्रैल 1999 में टफ्स के आरम्भ किए जाने से अब तक संचयी रूप से ₹ 736.42 करोड़ के पूँजी सब्सिडी और ब्याज प्रोत्साहन दावों का निपटान किया जा चुका है।

- आईडीएलएसएस का शुभारम्भ 2005 में किया गया। तब से मार्च 2016 तक इसके अन्तर्गत कुल ₹ 291.81 करोड़ के 1759 दावों का निपटान किया गया है। एफपीटफ्स योजना का अप्रैल 2007 में विकेन्द्रीकरण होने के बाद से इसके अन्तर्गत मंत्रालय से 58 प्रस्तावों (जिनमें 92 किस्तें शामिल हैं) के संबंध में ₹ 14.03 करोड़ की अनुदान-सहायता की संस्तुति की गई है। इसके प्रति सिडबी से

Expansion of Food Processing Industries (FPTUFS) [Ministry of Food Processing Industries] and Technology and Quality Upgradation (TEQUP) Scheme [Ministry of MSME] to encourage MSMEs in adopting modern/energy efficient technologies.

- During the year under review, capital subsidy claims of 431 eligible Micro and Small Enterprises (MSEs) directly assisted by SIDBI aggregating ₹ 23.57 crore were settled under CLCSS. Further, subsidy claims of 2350 MSEs amounting to ₹ 154.54 crore in respect of co-opted Primary Lending Institutions(PLIs) were also settled. Since the launch of the Scheme in October 2000, 21,521 capital subsidy claims aggregating ₹ 1,289.42 crore (cumulative) were settled.

- Similarly, under TUFS, 346 subsidy claims (both interest incentive subsidy and capital/margin money subsidy) for SIDBI's directly assisted cases amounting to ₹ 10.15 crore and 990 subsidy claims aggregating to ₹ 23.93 crore were settled in respect of the co-opted PLIs for their assistance to MSEs. Since the launch of the TUFS in April 1999, capital subsidy and interest incentive claims for an amount of ₹ 736.42 crore (cumulative) have been settled.

- Under IDLSS, which was launched in November 2005, 1759 claims aggregating ₹ 291.81 crore were settled till March 2016. Under FPTUFS, subsequent to decentralization of the Scheme from April 2007, 58 cases (involving 92 installments) have been recommended to the Ministry, for grant-in-aid amounting to ₹ 14.03 crore

सहायता-प्राप्त 82 दावों के संबंध में कुल ₹ 12.92 करोड़ की सब्सिडी जारी की गई है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 10 दावों के संबंध में ₹ 1.52 करोड़ का निपटान किया गया।

- जहाँ तक टेकअप का संबंध है, मार्च 2016 तक 82 दावों के संबंध में पात्र सब्सिडी के प्रति ₹ 6.25 करोड़ का संवितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 55 दावों के संबंध में ₹ 4.05 करोड़ का निपटान किया गया।

- **डेटी, भारत सरकार को परामर्श सेवाएं**

  संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज (एमएसआईपीएस) के अन्तर्गत प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग (डीईआईटीवाई), संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समझौता किया है। इस योजना के अन्तर्गत भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग से संबंधित परियोजनाओं में किए गए निवेश के लिए इकाइयों को प्रोत्साहन/सब्सिडी प्रदान कर रही है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों का तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन डेटी की ओर से सिडबी द्वारा किया जा रहा है, जिससे कि परियोजना की व्यवहार्यता का पता लगाया जा सके और योजना के अन्तर्गत पूँजी सब्सिडी की पात्र राशि का निर्धारण किया जा सके। समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान सिडबी ने ₹ 3300 करोड़ के 16 आवेदनों का मूल्यांकन किया, जिससे ₹ 3.50 करोड़ की शुल्क-आधारित आय हुई।

VI. जोखिम प्रबंधन

- सिडबी ने एक व्यापक जोखिम प्रबन्धन प्रणाली कायम की है, जो इसके व्यवसाय तथा अन्य परिचालनों से उत्पन्न होने वाले विभिन्न जोखिमों के प्रति संवेदनशील तथा अनुक्रियाशील है। बैंक के जोखिम प्रबन्धन

against which subsidy aggregating ₹ 12.92 crore has been released in respect of 82 claims, assisted by SIDBI. During FY 2015-16, ₹ 1.52 crore was settled in respect of 10 claims.

- Regarding TEQUP, 82 claims involving ₹ 6.25 crore of eligible subsidy were disbursed till March 2016. During FY 2015-16, ₹ 4.05 crore was settled in respect of 55 claims.

- **Consulting Services to DEITY, GoI**

  The Bank has entered into agreement with Department of Electronics and Information and Technology [DEITY], Ministry of Communications and IT, Government of India for appraising of proposals under Modified Special Incentive Package Scheme [MSIPS]. Under the Scheme, GoI is providing incentive/subsidy to units for investment made in projects related to electronics industry. SIDBI on behalf of DEITY, is carrying out technical and financial appraisal of the proposals submitted by the applicant to determine feasibility of the project and amount eligible for capital subsidy under the scheme. During the financial year under review, 16 applications amounting to projects worth ₹ 3,300 crore were appraised by SIDBI which generated fee based income of ₹ 3.50 crore.

VI. Risk Management

- SIDBI has put in place a comprehensive Risk Management System which is sensitive and responsive to various risks emanating from its business and other operations. The framework for risk

सम्बन्धी तन्त्र में नीतियाँ, संगठनात्मक संरचना, प्रणाली तथा पद्धतियाँ हैं, ताकि बैंक के विभिन्न जोखिमों का निर्धारण, मूल्यांकन/ आकलन, शमन और निगरानी हो सके। बैंक ने उद्यम जोखिम प्रबन्धन (ईआरएम) नीति बनाई है, जिसकी समीक्षा वार्षिक रूप से की जाती है। ईआरएम नीति एक सर्वव्यापी दस्तावेज़ है, जिसमें बैंक द्वारा जोखिम प्रबन्धन से सम्बन्धित सामान्य/ साधारण आयामों का समावेश है। यह सहायक नीतिगत दस्तावेजों, जैसे ऋण नीति, ऋण वसूली नीति, निवेश नीति, आस्ति-देयता प्रबन्धन (एएलएम) नीति, परिचालनगत जोखिम प्रबन्धन (ओआरएम), व्यवसाय सातत्य प्रबन्धन (बीसीएम) नीति, सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा नीति, शक्तियों के प्रत्यायोजन आदि से सम्बद्ध है। विभिन्न नीतियों के अन्तर्गत समाहित ऋण, विपणन एवं परिचालनगत जोखिमों के अलावा अन्य जोखिमों, जैसे बैंकिंग खाता-बहियों में अवशेष जोखिम ऋण, ऋण संकेन्द्रण, ब्याज दर जोखिम, विधिक, प्रतिष्ठा आदि सम्बन्धी जोखिमों का समाधान आन्तरिक पूँजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति में किया गया है।

- बैंक के ऋण एवं राजकोषीय परिचालनों से सम्बन्धित जोखिमों की लगातार निगरानी, मूल्यांकन एवं प्रबन्धन निदेशक मण्डल की जोखिम प्रबन्धन समिति के समग्र पर्यवेक्षण एवं मार्ग-दर्शन में किया जाता है। इनमें तुलन-पत्रेतर मदें भी शामिल हैं। हालांकि यह बैंक के लिए अनिवार्य नहीं है, फिर भी बेसल II मानदण्डों के अनुपालन के लिए सन्नद्ध रहने के स्वतःस्फूर्त उपाय के तौर पर बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबन्धन प्रणाली [आईआरएमएस] स्थापित की है। इसमें ऋण जोखिम प्रबन्धन [सीआरएम], बाज़ार जोखिम प्रबन्धन, ओआरएम और आईसीएएपी शामिल हैं। बैंक ने व्यापक परिचालन जोखिम मूल्यांकक (सीओआरई)

management in the Bank encompasses policies, organization structure, system and practices of identification, assessment, measurement, mitigation and monitoring of various risks of the Bank. The Bank has in place Enterprise Risk Management [ERM] Policy which is reviewed annually. The ERM Policy is an umbrella document that covers the general/ common aspects pertaining to risk management by the Bank and links to the subsidiary policy documents, viz., Loan Policy, Loan Recovery Policy, Investment Policy, Asset – Liability Management [ALM] Policy, Operational Risk Management [ORM] Policy, Business Continuity Management [BCM] Policy, IT Security Policy, Delegation of Powers, etc. Besides the credit, market and operational risks covered in various policies, the other risks, viz., residual credit, credit concentration, interest rate risks in banking book, legal, reputation, etc., are addressed in the Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) Policy.

- The risks associated with the Bank's lending and treasury operations, including off-balance sheet items, are constantly monitored, measured and managed under the overall supervision and guidance of Risk Management Committee (RiMC) of the Board. Though not enjoined upon the Bank, as a proactive measure to be in preparedness of compliance to Basel II norms, the Bank has put in place Integrated Risk Management System [IRMS], which includes policies and systems for Credit Risk Management [CRM], Market Risk Management, ORM and ICAAP. The Bank has implemented

प्रणाली कार्यान्वित की है, जिस हानि डेटा की प्राप्ति, मुख्य जोखिम संकेतक (केआरआई) तथा जोखिम एवं नियन्त्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बैंक ने व्यवसाय सातत्य प्रबन्धन (बीसीएम) नीति भी कार्यान्वित की है। इसे आपदा-काल में महत्त्वपूर्ण व्यवसाय-परिचालनों में सातत्य सुनिश्चित करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। इरादा यह है कि बैंक व्यवसाय सातत्य की एक ऐसी रणनीति व ढाँचा तैयार करे जो सशक्त होने के साथ-साथ आघात सहने में सक्षम हो, ताकि महत्त्वपूर्ण परिचालनों में रुकावट को प्रबन्धन के लिए स्वीकार्य न्यूनतम स्तर पर रोका जा सके।

VII. गैर-निष्पादक आस्ति प्रबन्धन

- बैंक की आस्ति-गुणवत्ता में समग्र रूप से सुधार करने के उद्देश्य से गैर-निष्पादक आस्तियों के वर्तमान स्तर में कमी लाने, खातों के फिसलकर गैर-निष्पादक आस्ति श्रेणी में जाने से बचाने तथा वसूली के उपयुक्त साधनों का समुचित इस्तेमाल करके गैर-निष्पादक आस्तियों से अधिकतम वसूली करने को प्राथमिकता दी जाती है। भारत सरकार के निदेशानुसार ₹3 करोड़ अथवा उससे अधिक के मूलधन बकाया वाले गैर-निष्पादक आस्ति वाले मामलों की समीक्षा के लिए निदेशक-मण्डल स्तर की 'वसूली समीक्षा समिति' भी गठित की गई है। साथ ही, एक अन्य त्वरित निपटान समिति भी गठित की गई है, जो ₹1 करोड़ और उससे अधिक बकाया मूलधन राशियों वाले एनपीए मामलों और दबावग्रस्त आस्तियों की समीक्षा करती है। गैर-निष्पादक आस्ति खातों और चिंताजनक खातों की निगरानी के लिए परिचालन कार्यालय में आन्तरिक चूक समीक्षा समिति (डीआरसी) की नियमित बैठकों की पद्धति भी निगरानी का कारगर साधन सिद्ध हुई है। प्रत्यक्ष सहायता संविभाग के अन्तर्गत गैर-निष्पादक आस्तियों का स्तर

Comprehensive Operational Risk Evaluator (CORE) system which is used for Loss Data Capture, Key Risk Indicator (KRI), and Risk and Control Self Assessment (RCSA). The Bank has also implemented BCM Policy, which is designed to ensure continuity of critical business operations during disasters. The intention is to ensure that the Bank is able to minimize the disruption to critical operations at a level which is acceptable to Management by putting in place a robust and resilient business continuity strategy and framework.

VII. NPA Management

- In order to improve the overall quality of assets of the Bank, the NPA management strategy of the Bank is to reduce the present level of Non-Performing Assets (NPAs), prevent further slippages and to maximise recovery out of NPAs through appropriate recovery tools. As per the directives of Government of India, a Board level 'Recovery Review Committee' has been constituted to review all individual NPA cases having principal outstanding of ₹3 crore and above. Further, another Committee called Fast Track Committee has been constituted to review all the NPA cases and Stressed Assets having principal outstanding of ₹1 crore and above. The system of regular meeting of in-house Default Review Committee (DRC) at the Operating Offices is also helping to monitor the NPA accounts and accounts causing concern has become an effective monitoring tool. The level of Gross NPAs under direct assistance portfolio (after Prudential Write-Off (PWO)), stood at

(विवेकानुसार बट्टे खाते डालने के बाद) यथा 31 मार्च 2016 ₹ 688 करोड़ रहा । निवल गैर-निष्पादक आस्तियाँ (प्रावधानीकरण के बाद) ₹ 346 करोड़ रहीं।

- **उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी):** बैंक विशेष रूप से दूर-दराज़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, अल्पसंख्यकों तथा अनुसूचित जाति व जनजाति जैसे समाज के दुर्बल वर्गों में उत्साही उद्यमियों का संवर्ग तैयार करने तथा रोज़गार के अवसर पैदा करने में सक्षम स्वरोज़गार धारक उद्यमों के संवर्धन के साथ-साथ, बड़ी संख्या में उद्यमी तैयार करने और उन्हें विकसित करने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को सहायता प्रदान करता है। बैंक ने 31 मार्च, 2016 तक, विभिन्न लक्ष्य-समूहों के लिए कुल 3191 उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की है, जिनसे 79,500 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए। संचयी रूप में, अब तक लगभग 39,500 प्रतिभागियों ने इस क्षेत्र में या तो अपनी इकाइयाँ स्थापित की हैं या लाभप्रद रोज़गार प्राप्त किया है। वित्त वर्ष 2016 के दौरान, कुल 94 उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की गई, जिनमें 2500 से अधिक प्रतिभागियों ने लाभ प्राप्त किया।

- **Micro Enterprise Promotion Programme (MEPP):** Micro Enterprise Promotion Programme (MEPP) aims at promoting viable micro enterprises leading to employment generation in rural India by providing comprehensive enterprise support services through identified implementing agencies. MEPP has so far been implemented in 126 districts in 26 states. Cumulatively, about 42,000 enterprises have been set up. During FY 2015-16, 3 new MEPPs were launched i.e. one each at Varanasi district in U.P., Kamrup district in Assam and Jahanabad district in Bihar. Further, 2 more MEPPs have been sanctioned during FY 2015-16, one each at Jhansi district in U.P. and Khowai district in Tripura.

- **Entrepreneurship Development Programmes (EDPs):** The Bank's support to EDPs aims at building and nurturing a reservoir of entrepreneurs, while creating a cadre of motivated entrepreneurs and promotion of self-employed ventures capable of generating employment opportunities, especially in far-flung and rural areas targeting less privileged sections of the society like women, minorities and SC / ST. As on March 31, 2016, a total of 3,191 EDPs had been supported by the Bank, benefitting more than 79,500 participants in various target groups. Cumulatively, about 39,500 participants have either set up their own units or have been gainfully employed in the sector. During FY 2016, 94 EDPs were supported benefitting over 2500 participants.

- **कौशल विकास कार्यक्रम (स्टुप/सीमैप) :** एमएसएमई उद्यमियों की तकनीकी एवं प्रबंधकीय क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दृष्टि से, बैंक प्रतिष्ठित प्रबंध/प्रौद्योगिकी संस्थानों को सहायता प्रदान करता है ताकि वे कतिपय संरचित प्रबंध/कौशल विकास कार्यक्रम, जैसे- *"कौशल-सह-प्रौद्योगिकी उन्नयन कार्यक्रम" (स्टुप)* तथा *"लघु उद्योग प्रबंध सहायक कार्यक्रम" (सीमैप)* संचालित कर सकें।

  सिडबी ने अपने आरम्भ से विशेषज्ञतापूर्ण संस्थानों जैसेः केन्द्रीय प्लास्टिक एवं प्रौद्योगिकी संस्थान(सिपैट), केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) और अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी / प्रबन्धन संस्थानों द्वारा आयोजित 1560 स्टुप

- **Skill Development Programmes (STUPs / SIMAPs):** With a view to strengthening the technical and managerial capacities of the MSME workers and entrepreneurs, the Bank supports reputed management / technology institutions to offer certain structured management / skill development programmes, viz. "Skill-cum-Technology Upgradation Programme" (STUP) and "Small Industries Management Assistants Programme" (SIMAP).

  Since its inception, SIDBI has supported 1,560 STUPs benefitting about 32,750 participants conducted by specialised institutions viz., Central Institute of Plastic Engineering & Technology (CIPET), Central Institute of Medicinal & Aromatic Plants (CIMAP) and other reputed

कार्यक्रमों के लिए सहायता प्रदान की, जिससे लगभग 32,750 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त, प्रमुख राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों जैसेः आईआईटी कानपुर / खड़गपुर / मुम्बई / चेन्नै / एक्सएलआरआई, जमशेदपुर, मणिपाल संस्थान, बैंगलोर द्वारा 302 सीमैप कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे 9100 प्रतिभागियों को लाभ पहुँचा। इन कार्यक्रमों से काफी बड़ी संख्या में युवा प्रतिभावान विद्यार्थियों को लाभ पहुँचा तथा उनमें से अधिकतर प्रतिभागियों ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

- **उद्यम-समूहों का विकासः** 30 समूहों पर एक आंतरिक अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर, सिडबी ने 5 प्रमुख अंतरालों को चिह्नित किया है जो कि सभी समूहों में आम तौर पर पाए गए हैं और वे हैं (क) कौशल विकास अंतराल, (ख) इन्फ्रास्ट्रक्चर अंतराल (ग) ज्ञान अंतराल, (घ) ऋण अंतराल और (ङ) नीति पत्तपोषण। तदनुसार, सिडबी ने अपने समूह विकास दृष्टिकोण में बदलाव किया है और अब प्रौद्योगिकी केंद्रित कार्यक्रम के स्थान पर समावेशी उद्यम समूह दृष्टिकोण अपनाया है जिसमे प्रबंधकीय पद्धतियाँ, बाजार संबंधी व्यवस्थाओं की स्थापना, उत्पाद / डिजाइन विकास, विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में कौशल उन्नयन आदि शामिल है। इन गतिविधियों से लगभग 12,000 एमएसएमई / दस्तकार / उद्यमी लाभान्वित हुए हैं।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने अपने समूह स्तर प्रयास कार्यक्रम के अंतर्गत 9 एमएसएमई क्लस्टरों में प्रयास शुरू किया है, जो विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों अर्थात् (i) अगरतला, (ii) भागलपुर, (iii) कोयंबत्तूर, (iv) हैदराबाद, (v) जामनगर, (vi) कोलकाता, (vii) लुधियाना (vii) पानीपत (ix) राजकोट में फैले हुए हैं। क्लिप के माध्यम से सिडबी ने प्रदर्शनात्मक प्रभाव के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी

technical / management institutions. Further, 302 SIMAPs have been conducted by top rung national and state level institutions such as IITs at Kanpur / Kharagpur / Mumbai / Chennai, XLRI, Jamshedpur, Manipal Institute, Bangalore benefitting about 9,100 participants. These programmes have benefited a large number of young bright students and most of the participants have joined the MSME sector.

- **Cluster Development:** Based on the findings of an internal study on 30 clusters, SIDBI has identified 5 major gaps which are common to most of the clusters (a) Skill Development Gap, (b) Infrastructure Gap, (c) Knowledge Gap, (d) Credit Gap and (e) Policy Advocacy. Accordingly, the cluster development approach of SIDBI is re-oriented from technology centric methodology to comprehensive cluster development approach which includes business development services, management practices, establishment of marketing linkages, product / design development, skill up-gradation in different technical trades, etc., which have benefitted about 12,000 MSMEs / artisans / entrepreneurs.

During FY 2015-16, the Bank initiated interventions in 9 MSME clusters, spread across various geographical regions namely (i) Agartala (ii) Bhagalpur (iii) Coimbatore (iv) Hyderabad (v) Jamnagar (vi) Kolkata (vii) Ludhiana (viii) Panipat and (ix) Rajkot under its Cluster Level Intervention Programme (CLIP). Through CLIP, SIDBI has intervened by providing skill upgradation training programmes on

पर कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, ब्रांडिंग, ऊर्जा दक्षता, विभिन्न वित्तीय योजनाओं पर जागरूकता, गुणवत्ता प्रमाणीकरण पर कार्यशाला, बौद्धिक संपदा अधिकार, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा समूह में स्थित एमएसएमई इकाइयों के लिए नमूना आधार पर प्रदूषण नियंत्रण के उपायों के रूप में ऊर्जा आडिट का आयोजन भी किया है।

सिडबी ने अब तक पूरे भारत में विभिन्न समूहों में 90 क्लस्टर विकास कार्यक्रम से अधिक को सहायता प्रदान की है ।

- **अल्पसंख्यक वर्गों का विकासः** सच्चर समिति की सिफारिशों के अनुरूप, शाखा कार्यालयों को सूचित किया गया है कि विभिन्न संवर्द्धनशील एवं विकासपरक गतिविधियों के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदायों से अधिकतम संख्या में प्रतिभागी शामिल किए जाएँ। संचयी रूप से, अब तक विभिन्न विकासपरक गतिविधियों से अल्पसंख्यक समुदायों के लगभग 7650 व्यक्ति प्रत्यक्षतः लाभान्वित हुए हैं, इनमें वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान लगभग 42 विकासपरक गतिविधियों के अन्तर्गत लाभान्वित 450 प्रतिभागी भी शामिल हैं।

- **विपणन गतिविधियाँः** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र की विपणन संबंधी समस्याओं के निराकरण की जरूरत को अनुभव करते हुए सिडबी इस क्षेत्र के विपणन संबंधी प्रयासों के सृजन और उन्हें सुदृढ़ करने में भी संलग्न है। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक ने 67 महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों / सेमिनारों / गतिविधियों को सहायता प्रदान की, जिससे 12000 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमी लाभान्वित हुए।

- **नवोन्मेष और संपोषण को बढ़ावा** : देश भर में ज़मीनी स्तर की नवोन्मेषी गतिविधियों का पता लगाने और उन्हें वाणिज्यिक स्वरूप प्रदान करने की

modern technology, branding, energy efficiency, awareness on different financial schemes, workshop on quality certification, Intellectual Property Rights, occupational health and safety etc including conducting energy audits for MSME units located in the above clusters on sample basis to raise awareness on energy efficiency and pollution control measures and also as a part of demonstrative effect.

SIDBI has so far supported more than 90 Cluster Development Programmes (CDPs) in various clusters all over India.

- **Minority Group Development:** As per the recommendations of Sachar Committee, the field offices have been advised to cover maximum number of participants from minority communities under various P&D activities. Cumulatively, about 7,650 persons from minority communities have been directly benefited from various developmental activities so far including about 450 participants out of 42 developmental programmes during FY 2015-16.

- **Marketing Activities:** Having realised the need to address the marketing problems of MSME sector, SIDBI is also engaged in creating and strengthening marketing initiatives for the sector. During FY 2015-16, the Bank supported 67 important exhibitions / seminars / events benefitting more than 12,000 MSME entrepreneurs.

- **Promoting Innovation and Incubation:** With a view to identifying and commercialising grassroots innovations all over the country, the Bank had supported

दृष्टि से, सिडबी ने अत्यंत लघु उद्यम नवोन्मेष निधि(एमबीआईएफ) स्थापित करने के लिए 2003 में राष्ट्रीय नवोन्मेष कोष, अहमदाबाद को समूह-निधि के रूप में ₹ 400 लाख तथा प्रशासनिक अनुदान के रूप में ₹ 100 लाख की सहायता दी है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने आरंभिक निधि की अवधि (उसपर उपत्रित राशि सहित) अक्तूबर 2018 तक के लिए बढ़ा दी है। इस निधि की कुल राशि ₹ 850 लाख है। उक्त निधि ने 31 मार्च, 2016 तक 194 नवोन्मेषों के लिए सहायता दी है। उक्त वृद्धि के बाद दूसरे चरण का कार्य शुरू हो चुका है और समुचित सावधानी से मंगाए गए प्रस्ताव प्रगति पर हैं। इसके अलावा, सफल उद्यमियों को बढ़ावा देने तथा लघु उद्यमों के ज्ञान व प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों में उद्योग विकसित करने की दृष्टि से, सिडबी ने 2002 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में सिडबी नवोन्मेष एवं संपोषण केंद्र की स्थापना के लिए सहायता दी थी। सिडबी नवोन्मेष एवं संपोषण केंद्र ने अब तक नवीनतम प्रौद्योगिकियों वाले विभिन्न क्षेत्रों में 62 स्टार्ट-अप उद्यमों का संवर्द्धन किया है, जिनमें से 38 उद्यम सफलतापूर्वक विकसित हो चुके हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सिडबी ने एक अन्य नवोन्मेष एवं संपोषण केंद्र की स्थापना के लिए कलिंग इंस्टीच्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालजी, भुवनेश्वर ओड़िशा को सहायता प्रदान की है।

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र हेतु सिडबी की सहायता:** बैंक अल्पवित्त, ग्रामीण उद्योगीकरण, हस्तशिल्प समूह विकास, उद्यमिता विकास, विपणन सहायता, आदि के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष एवं केंद्रित रूप से ध्यान देता है। इस संबंध में, प्रमुख गतिविधियों का विवरण निम्नवत् है :

  - पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड (नेडफी) के साथ मार्च 2012 में एक समझौता ज्ञापन

the National Innovation Foundation, Ahmedabad by way of corpus support of ₹ 400 lakh and administrative grant of ₹ 100 lakh to set up Micro Venture Innovation Fund (MVIF) in 2003. During FY 2015-16, the Bank has rolled over the initial fund and the accretions thereon aggregating to ₹ 850 lakh, till October 2018. As on March 31, 2016, the fund has supported about 194 innovations. After the above roll-over, the work on phase 2 has already been initiated and proposals invited with due diligence in progress. Further, with a view to foster successful entrepreneurs and develop industry in the knowledge and technology based areas in the small enterprises, SIDBI had supported setting up of SIDBI Innovation and Incubation Centre (SIIC) at Indian Institute of Technology, Kanpur in January 2002. SIIC has so far incubated 62 start-ups in diverse areas of state-of-the-art technologies out of which 38 have already been graduated. The Bank has also supported another incubation centre at Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT) at Bhubaneswar, Odisha during the year under review.

- **SIDBI's support for North Eastern Region:** The Bank accords special and focused attention to the development of North Eastern Region (NER) in terms of micro finance, rural industrialisation, handicraft cluster development, entrepreneurship development, marketing support, etc. The highlights of programmes supported in NER are as under :

  - An MoU was executed with NEDFi in March 2012 for providing various

निष्पादित किया गया था, जिसका लक्ष्य सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम वित्त, अल्पवित्त सहित विभिन्न वित्तीय एवं विकासपरक सेवाएँ उपलब्ध कराना एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र में विविध संवर्द्धनशील एवं विकासपरक गतिविधियाँ संचालित करना था। इस व्यवस्था के अंतर्गत ऋण परामर्श केंद्र /व्यवसाय सुगमता केंद्र भी खोले गए हैं। वर्तमान में, पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस प्रकार के 8 केन्द्र कार्य कर रहे हैं। इन व्यवसाय सुगमता केंद्रों में शिलांग (मेघालय), सिलचर (असम), आइजॉल (मिजोरम), गंगटोक (सिक्किम), अगरतला (त्रिपुरा), कोहिमा (नागालैंड), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) एवं इंफाल (मणिपुर) शामिल हैं। उपर्युक्त व्यवसाय सुगमता केंद्रों के अलावा गुवाहाटी में नेडफी के कार्यालय में 'उद्यमी कोष्ठ'' भी स्थापित किया गया है।

financial and developmental services including MSME Finance, Micro finance and also for undertaking various P & D activities in NER. Under this arrangement, Credit Counseling Centres / Business Facilitation Centres (BFCs) were also opened. Presently, there are 8 (eight) such centres operational in NER. The BFCs include Shillong (Meghalaya), Silchar (Assam), Aizawl (Mizoram), Gangtok (Sikkim), Agartala (Tripura), Kohima (Nagaland), Itanagar (Arunachal Pradesh) and Imphal (Manipur). Apart from above BFCs, an Entrepreneurs' Corner has been set up in NEDFi Office at Guwahati.

- बैंक ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 377 से अधिक उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को सहायता प्रदान की है, जिसमें 15,556 से अधिक उदीयमान उद्यमी लाभान्वित हुए हैं, 104 कौशल विकास कार्यक्रम(व्यावसायिक) आयोजित किए गए, जिससे 2983 से अधिक व्यक्तियों को लाभ पहुँचा और लगभग 115 प्रदर्शनियाँ / सेमिनार/कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें 15,287 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

- The Bank has supported more than 377 EDPs in NER benefitting over 15,556 budding entrepreneurs, 104 skill development programmes (vocational) benefitting over 2983 persons and almost 115 exhibitions / seminars / workshops benefitting over 15,287 participants.

- बैंक ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में 49 उद्यम-समूह विकास कार्यक्रमों को सहायता दी है, जिनमें बाँस चटाई की बुनाई, कार्पेट बुनाई, हस्तशिल्प, हथकरघा बुनाई, पॉटरी, मधुमक्खी पालन, मछलियों के लिए खाद्य उत्पाद बनाना आदि गतिविधियाँ शामिल हैं। इन उद्यम-समूह विकास प्रयासों से लगभग 7,000 कारीगर लाभान्वित हुए हैं।

- 49 Cluster Development Programmes (CDPs) in different states of NER covering activities like bamboo mat weaving, carpet weaving, handicrafts, handloom weaving, pottery, bee keeping, making fish feed products, etc. have been supported by SIDBI benefitting around 7,000 artisans.

- बैंक ने समग्र पूर्वोत्तर क्षेत्र में अब तक लगभग 156 कौशल-सह-प्रौद्योगिकी उन्नयन कार्यक्रम (स्टुप) /कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिससे समग्र उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के 4867 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं।

- बैंक के सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम के अंतर्गत, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अब तक 24 जिलों को शामिल किया जा चुका है, जिसमें वित्तवर्ष 2016 में असम के कामरूप ज़िले में शुरू किया गया सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रम भी समाहित है। इन सूक्ष्म उद्यम संवर्द्धन कार्यक्रमों के अन्तर्गत लगभग 2460 इकाइयों का संवर्द्धन किया गया है।

- The Bank has so far conducted about 156 Skill cum Technology Upgradation Programmes (STUPs) benefitting over 4,867 participants in the entire NER.

- Under the Bank's Micro Enterprises Promotion Programme (MEPP), 24 districts in NER have been covered so far including the MEPP launched for Kamrup district in Assam in FY 2016. These MEPPs have resulted in promotion of about 2,460 units.

5

सिडबी की सहायता का प्रभाव

Impact of SIDBI's Assistance

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, वाराणसी में ई-रिक्शा का शुभारंभ करते हुए।

Shri Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister launching e-rickshaws at Varanasi.

माननीय कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम - श्री कलराज मिश्र, लखनऊ में ई-रिक्शा का शुभारंभ करते हुए।

Shri Kalraj Mishra, Hon'ble Cabinet Minister, Min. of Micro, Small & Medium Enterprises launching e-rickshaws at Lucknow.

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में सिडबी हमेशा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए प्रयास करता है। इसके प्रयासों और कार्यों ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चक्रों पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र पर प्रभाव डाला है।

आर्थिक प्रभाव

- मार्च 2016 की समाप्ति तक रू 4.50 लाख करोड़ की सिडबी की संचयी वित्तीय सहायता से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में 350 लाख व्यक्तियों से अधिक को लाभ पहुंचा है।
- कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों, जैसे पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर), और राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि जैसे राज्यों में अनेक स्थानीय अल्प वित्त संस्थानों को सहायता प्रदान की गयी और उन्हें सुदृढ़ किया गया, जिससे निर्धनों, अधिकतर महिलाओं को, सूक्ष्म वित्त संस्थानों से अल्प ऋण प्राप्त करने में सहायता हुई। इससे इन असेवित और अल्पसेवित क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन का कार्यक्षेत्र भी बढ़ा।

पर्यावरणीय प्रभाव

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के पर्यावरण-अनुकूलन विकास की आवश्यकता को पहचानते हुए, सिडबी की कारोबारी रणनीति इस क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता (ईई) तथा स्वच्छतर उत्पादन(सीपी) को बढ़ावा देने की रही है। सिडबी के इन टिकाऊ प्रयासों का प्रभाव नीचे वर्णित है:

- सिडबी से सहायता प्राप्त 6100 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा 1100 मिलियन किलो वाट घंटे की विद्युत की बचत हुई और कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन में 950 किलो टन की कमी आई, जिन्होंने 31 मार्च 2016 को ऊर्जा दक्षता तथा स्वच्छतर उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ₹ 5,830 करोड़ से अधिक की कुल सहायता प्राप्त की थी ।

SIDBI, as the principal financial institution for MSMEs, always strives for promotion, financing and development of the MSME sector. Its initiatives and actions have impacted the MSME sector in its economic, social and environmental spheres.

Economic Impact

- More than 350 lakh persons in the MSME sector have been benefitted from SIDBI's cumulative financial assistance of ₹ 4.50 lakh crore as at the end of March 2016.
- Many local MFIs were supported and strengthened in underserved areas, viz. North Eastern Region (NER), and in States like Rajasthan, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Bihar, West Bengal, Jharkhand, Odisha, Chhattisgarh, etc., which helped the poor, mostly women to access micro credit from MFIs. It also widened the arena of financial inclusion in these unserved and underserved areas.

Environmental Impact

Recognizing the need for environmentally friendly development of MSME sector, SIDBI's business strategy is to promote energy efficiency [EE] and cleaner production (CP) in the MSME sector. The impact of SIDBI's sustainable initiatives is mentioned below:

- Savings of 1,100 Million Kilo Watt Hour (MkWh) of electricity and a reduction of 950 kilo tons (kT) of CO_2 annually by SIDBI-assisted 6,100 MSMEs which availed, as on March 31, 2016, an aggregate assistance of more than ₹ 5,830 crore for promoting Energy Efficiency & Cleaner Production.

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के साथ मिलकर सिडबी द्वारा 10 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम समूहों में विश्व बैंक परियोजना अर्थात "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों में ऊर्जा दक्षता वित्तपोषण" के अंतर्गत 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों ने अपनी इकाइयों में ऊर्जा दक्षता उपायों को कार्यान्वित किया। इससे 1.5 मिलियन टन की कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन की कमी आई।

- परियोजना के अंतर्गत ऊर्जा दक्षता से संबन्धित विभिन्न अन्य विषयों पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्योग संघों और विभिन्न अन्य मुख्य स्टेकहोल्डरों के लिए 85 क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो 1100 बैंकिंग / वित्तीय व्यवसायियों सहित 4200 से अधिक प्रतिभागियों तक पहुंचे।

- अनुमान है कि ऊर्जा दक्षता हेतु आंशिक जोखिम सहभागिता सुविधा परियोजना के अंतर्गत 500 से अधिक एस्को कार्यान्वित ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं को क्रेडिट गारंटी प्रदान की जाएगी। इससे 127 मिलियन अमेरिकी डालर का वित्तपोषण जुटेगा। इसके अतिरिक्त, यह आशा भी की जाती है कि इस परियोजना के परिणामस्वरूप 1,000 जीडब्ल्यूएच की महत्वपूर्ण ऊर्जा बचत होगी तथा कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन में 0.734 मिलियन टन की कमी होगी।

सामाजिक प्रभाव

- सिडबी द्वारा कराए गए विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया है कि सिडबी की अल्पवित्त सहायता ने निर्धनों को वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने में सहायता की है। जीवनयापन के वैकल्पिक अतिरिक्त अवसरों का सृजन करके उनके जीवन की गुणवत्ता सुधारी है, शोषण करने वाले अनौपचारिक ऋण-स्रोतों पर उनकी निर्भरता को घटाया है, पारिवारिक और व्यवसायिक निर्णय लेने में भागीदारी को बढ़ाया है, वित्तीय मामलों की जानकारी में वृद्धि की है, सामाजिक सुरक्षा परिसंपत्ति की स्थिति में सुधार किया है और उनके स्वास्थ्य व शैक्षिक मानदंडों में भी सुधार किया है।

- Under the World-Bank project, viz. "Financing Energy Efficiency at MSMEs" in 10 MSME clusters, by SIDBI along with Bureau of Energy Efficiency (BEE), more than 600 MSMEs implemented energy efficiency measures in their units. It has also resulted in emission reduction of about 1.5 million tonnes of CO_2.

- Under the project, more than 85 Capacity Building and Awareness Programs have been conducted for MSMEs, Industries Associations and various other key stakeholders on various topics related to energy efficiency which has outreached to more than 4200 participants, including 1100 banking / financial professionals.

- The Partial Risk Sharing Facility for Energy Efficiency (PRSF) project is expected to provide credit guarantee to more than 500 ESCO implemented EE projects which would mobilize financing to the tune of USD 127 million. Further, the project is also expected to result in significant energy savings to the tune of 1000 GWh and CO_2 emission reduction to the tune of 0.734 million tons.

Social Impact

- It has been observed from the various studies conducted by SIDBI that microfinance has helped the poor in accessing financial services, improving the quality of their life through creation of alternative additional livelihood opportunities, reducing their dependence on the exploitative informal sources of credit, increased participation in family and business decision making, enhanced knowledge on financial matters, improved social security, asset status and improvement in health and education parameters.

- एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) - जेएफपीआर की महिला सशक्तीकरण हेतु सूक्ष्म उद्यमिता सहायता नामक परियोजना के अंतर्गत सूक्ष्म-उद्यमी महिलाओं के प्रशिक्षण के उपरांत अंतर्दृष्टि विकास परामर्श समूह (आईडीसीजी) ने अंतिम-रेखा सर्वेक्षण किया है, जिसमें निम्नलिखित परिवर्तनों की जानकारी दी गई है:
  - 90% महिला सूक्ष्म उद्यमियों ने अपने व्यवसाय के योगदान से पारिवारिक आय में वृद्धि रिपोर्ट की है।
  - उनमें से 80% ने पारिवारिक निर्णय-प्रक्रिया में बढ़ी हुई भागीदारी की सूचना दी।
  - उनमें से 75% ने अपने व्यवसाय संबंधी निर्णयों की भागीदारी में वृद्धि रिपोर्ट की है।
  - उनमें से 75% ने सामाजिक सुरक्षा और परिसंपत्ति स्थिति में सुधार अनुभव किया है।
  - 65% ने महिला सूक्ष्म उद्यमियों की गतिशीलता में सुधार रिपोर्ट किया है।
  - 77% महिलाएं रू 50,000 या अधिक के ऋण आसानी से प्राप्त कर सकीं।

  महिला सूक्ष्म-उद्यमियों ने भी ऊर्जावान सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा प्रस्तुत की;
  - 92% विवाहित हैं और लगभग 72% एकल परिवारों में रहती हैं।
  - 11% अशिक्षित हैं जबकि 26% ने हाई-स्कूल तक शिक्षा पूरी की है।
  - 69% अपने व्यवसाय की मालिक हैं और 23% घरेलू आय में अपना योगदान देती हैं।
  - ज्ञान भागीदारों द्वारा प्रबंधित सिडबी के एमएसएमई सलाहकार केन्द्र से सरकारी योजनाओं और क्रेडिट लिंकेज के बारे में जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता से अब तक 12500 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयाँ लाभान्वित हुई हैं।
  - सिडबी के संवर्धनशील एवं विकासगत सहायता से 80,000 से अधिक उद्यमों की स्थापना हुई जिसके फलस्वरूप 1.5 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के 2.3 लाख से अधिक लोगों को लाभ पहुंचा है।

- Under the ADB-JFPR Project of Supporting Micro entrepreneurship for Women's Empowerment, Insight Development Consulting Group (IDCG) conducted end-line survey after training of women micro-entrepreneurs who reported the following changes:
  - 90% of women micro entrepreneurs reported increased family income from contribution of their business;
  - 80% of them reported increased participation in family decision making;
  - 75% of them reported increased participation in decisions regarding their business;
  - 75% of them felt improved social security and asset status;
  - 65% reported improved mobility of women micro entrepreneurs;
  - 77% of women could access easier credit of ₹ 50,000 or more;

  The women micro-entrepreneurs also presented a vibrant social-economic profile;
  - 92% are married and nearly 72% live in nuclear families.
  - 11% are illiterate while 26% have completed high-school.
  - 69% own their businesses and 23% contribute all the household income.
  - More than 12,500 MSMEs had benefitted in terms of financial literacy, awareness about Government schemes and credit linkages through SIDBI's MSME Advisory Centres, manned by Knowledge Partners.
  - SIDBI's promotional and developmental support helped in setting up of about 80,000 enterprises, providing employment to about 1.5 lakh people and benefitting more than 2.3 lakh people in the MSME sector.

6

प्रबन्धन एवं निगमित अभिशासन

Management and Corporate Governance

भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से लगातार तीसरी बार बैंक श्रेणी में 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार योजना' के तहत पुरस्कार प्राप्त करते हुए डॉ क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सिडबी।

Dr. Kshatrapati Shivaji, CMD, SIDBI receiving the second prize under 'Rajbhasha Keerti Puraskar Yojana' in the banks' category for a consecutive third time from Shri Pranab Mukherjee, Hon'ble President of India.

सिडबी ने "भारतीय रिजर्व बैंक राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता" में क्षेत्र "क" और "ख" के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार और 'ग' के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री रघुराम राजन से डॉ क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सिडबी पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

SIDBI also bagged two consolation prizes for regions "A" and "B" and a second prize for region "C" in RBI- Rajbhasha Shield Competition. Dr. Kshatrapati Shivaji, CMD, SIDBI receiving the prizes from Shri Raghuram Rajan, RBI Governor.

SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

सिडबी उत्तम नैगम अभिशासन पद्धतियों का पक्षधर तो रहा ही है, साथ ही, एमएसएमई क्षेत्र तथा अपने कामकाज से जुड़ी संस्थाओं में भी इन पद्धतियों को लागू करने के प्रयत्न करता रहा है। एमएसएमई पारितंत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली शीर्ष संस्था होने के नाते यह एमएसएमई क्षेत्र की मुख्य प्राथमिकताओं और अत्यावश्यक ज़रूरतों पर ध्यान देता रहा है। आगे के परिच्छेदों में सिडबी की उत्तम अभिशासन प्रणाली के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई है:

निदेशक मंडल/निदेशक-मंडल की समितियाँ

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम 1989 में पन्द्रह सदस्यों के निदेशक मंडल का प्रावधान है। इनमें से आठ निदेशक केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त/नामित किए जाते हैं, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक (सीएमडी), दो पूर्णकालिक निदेशक, सरकार के दो पदाधिकारी तथा (राज्य वित्तीय निगम के एक विशेषज्ञ सहित) तीन ऐसे विशेषज्ञ शामिल हैं, (जिन्हें विशेष ज्ञान प्राप्त हो अथवा जो बैंक के लिए उपयोगी मामलों में व्यावसायिक अनुभव रखते हों)। शेष सात निदेशकों में से तीन की नियुक्ति आईडीबीआई, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों तथा केन्द्र सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाली अन्य बड़ी शेयरधारक संस्थाओं द्वारा की जाती है। बाकी चार निदेशकों को सार्वजनिक शेयरधारकों द्वारा चुना जाता है अथवा जब तक चुने हुए निदेशक प्रभार न ग्रहण कर लें तब तक वैकल्पिक रूप से निदेशक मंडल उन्हें सहयोजित कर सकता है। वर्तमान में निदेशक मंडल ने दो निदेशकों को सहयोजित किया है। यथा 31 मार्च 2016, निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक तथा दो पूर्ण-कालिक निदेशकों सहित, ग्यारह निदेशक शामिल हैं।

सिडबी अधिनियम 1989 की धारा 6(1)(ख) में विहित शक्तियों का उपयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने अपनी 22 जनवरी 2016 की अधिसूचना के ज़रिए श्री अजय कुमार कपूर तथा श्री मनोज मित्तल को सिडबी का उप प्रबन्ध

SIDBI has been professing good corporate governance practices as well as attempting to replicate them in the MSME sector and the institutions it deals with. Being the apex institution for addressing the needs of the MSME eco-system, the Bank has been attending to the key priorities and pressing requirements in the MSME sector. The highlights of SIDBI's good corporate governance system are enumerated in the following paragraphs:

Board of Directors / Committees of the Board

The Small Industries Development Bank of India Act, 1989 provides for a fifteen-member Board of Directors. Out of these, eight Directors are appointed / nominated by the Central Government comprising Chairman and Managing Director (CMD), two Whole Time Directors, two Government officials and three experts (including one from State Financial Corporation) having special knowledge of or professional experience in matters useful to the Bank. Out of the remaining seven Directors, one each is nominated by three largest shareholders amongst IDBI, Public Sector Banks, Insurance Companies and other institutions owned or controlled by the Central Government and other four are to be elected by the public shareholders or alternatively, can be co-opted by the Board until assumption of charge by the elected Directors. The Board has co-opted two Directors for the time being. The Board, as on March 31, 2016, comprised eleven Directors, including CMD and two Whole Time Directors.

In exercise of the powers conferred by Section 6(1)(b) of the SIDBI Act, 1989, the Central Government, vide its notifications dated January 22, 2016, appointed Shri Ajay Kumar Kapur and

निदेशक नियुक्त किया। सर्वश्री अजय कुमार कपूर तथा मनोज मित्तल ने 22 जनवरी 2016 को उप प्रबन्ध निदेशक का प्रभार ग्रहण किया।

सिडबी अधिनियम की धारा 6(1)(ग) के अंतर्गत भारत सरकार ने अपनी 17 अप्रैल, 2015 की अधिसूचना के ज़रिए विकास आयुक्त (एमएसएमई) को 8 अप्रैल, 2015 से सिडबी के निदेशक मंडल में निदेशक नामित किया। तदनुसार श्री अमरेन्द्र सिन्हा, अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई) 8 अप्रैल 2015 को निदेशक मंडल में शामिल हुए। तदनन्तर 01 अक्तूबर 2015 को अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई) का प्रभार लेने के पश्चात् श्री सुरेन्द्र नाथ त्रिपाठी को श्री अमरेन्द्र सिन्हा के स्थान पर बैंक के निदेशक मंडल में शामिल किया गया।

सिडबी अधिनियम, 1989 की धारा 6(1)(ग) में विहित शक्तियों का उपयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने अपनी 1 जनवरी 2016 की अधिसूचना के ज़रिए श्री आलोक टंडन के स्थान पर तत्काल प्रभाव से श्री पंकज जैन, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय को निदेशक नामित किया।

केन्द्र सरकार ने सिडबी अधिनियम, 1089 की धारा 6(1)(ङ) के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अपनी 15 सितंबर 2014 की अधिसूचना के ज़रिए प्रबन्ध निदेशक, मध्य प्रदेश वित्तीय निगम (एमपीएफसी) को सिडबी के निदेशक-मंडल में निदेशक नामित किया। श्रीमती स्मिता भारद्वाज ने 10 अगस्त 2015 को प्रबन्ध निदेशक, एमपीएफसी का प्रभार सँभाला, जिनको श्री के.सी. गुप्ता के स्थान पर बैंक के निदेशक-मंडल में शामिल किया गया।

अपने नामांकन की अवधि पूरी होने के पश्चात् श्री अनिल अग्रवाल 14 जून 2015 को निदेशक पद से सेवा-निवृत्त हुए।

Shri Manoj Mittal as Deputy Managing Directors (DMDs) of SIDBI. S/Shri Ajay Kumar Kapur and Manoj Mittal took charge as DMDs on January 22, 2016.

The Government of India, vide its notification dated April 17, 2015, nominated the Development Commissioner (MSME) as a Director on the Board of SIDBI w.e.f. April 8, 2015 under Section 6(1)(c) of the SIDBI Act. Accordingly, Shri Amarendra Sinha, Additional Secretary & DC (MSME) joined the Board w.e.f. April 8, 2015. Subsequently, Shri Surendra Nath Tripathi, on taking charge as Additional Secretary & DC (MSME) on October 1, 2015, was inducted on the Board of the Bank in place of Shri Amarendra Sinha.

In exercise of the powers conferred by Section 6(1)(c) of the SIDBI Act, 1989 the Central Government, vide its notification dated January 1, 2016, nominated Shri Pankaj Jain, Joint Secretary, Department of Financial Services, Ministry of Finance, as a Director with immediate effect vice Shri Alok Tandon.

The Central Government, vide its notification dated September 15, 2014, nominated the Managing Director (MD), Madhya Pradesh Financial Corporation (MPFC), as a Director on the Board of SIDBI, in exercise of the powers conferred by Section 6(1)(e) of the SIDBI Act, 1989. Smt. Smita Bharadwaj, on taking charge as MD, MPFC on August 10, 2015, was inducted on the Board of the Bank in place of Shri K.C. Gupta.

Further, upon completing the tenure of his nomination, Shri Anil Agrawal retired from the directorship w.e.f. June 14, 2015.

सिडबी के निदेशक-मंडल से अवकाश प्राप्त करने वाले निदेशकों के मूल्यवान योगदान के लिए निदेशक-मंडल उनकी भूरिशः प्रशंसा की।

विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से निदेशक-मंडल ने दस समितियाँ गठित की हैं, जो इस प्रकार हैं- कार्यपालक समिति (ईसी), लेखा-परीक्षा समिति (एसी), जोखिम प्रबन्ध समिति (आरआईएमसी), बड़ी राशि की धोखाधड़ी की निगरानी हेतु विशेष समिति (एससीएमएलवीएफ), सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति (आईटीएससी), ग्राहक सेवा समिति (सीएससी), मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी), वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी), इरादतन चूककर्ता एवं असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूडीएंडएनसीबी) और पारिश्रमिक समिति।

एक निश्चित सीमा से अधिक के ऋण-प्रस्तावों से संबंधित मंजूरी तथा ऐसे अन्य परिचालन-मामलों पर कार्यपालक समिति विचार करती है। लेखा-परीक्षा समिति लेखा-परीक्षा वर्टिकल के कामकाज के पर्यवेक्षण तथा उसकी प्रमुख टिप्पणियों की समीक्षा के साथ-साथ बैंक के लेखे को अन्तिम रूप देने तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की निरीक्षण रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों संबंधी मामलों में मार्गदर्शन भी देती है। आरआईएमसी बैंक के एकीकृत जोखिम प्रबन्धन के लिए नीति एवं रणनीति तैयार करती है।

एक करोड़ और उससे अधिक राशि वाली धोखाधड़ी की निगरानी पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशानुसार एससीएमएलवीएफ गठित की गई है। आईटीएससी बैंक के सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी कार्यों, खास तौर से सूचना प्रौद्योगिकी के लक्ष्य, नीति और रणनीति के बारे में निर्देश देती है, ताकि इसके व्यावसायिक उद्देश्यों से अनुरूपता बनी रहे। इसके अलावा यह समिति बैंक को दीर्घकालिक सूचना प्रौद्योगिकी योजना तैयार करने में भी मार्गदर्शन देती है और सूचना प्रौद्योगिकी के कार्यान्वयन व प्रबन्धन का पर्यवेक्षण करती है।

The Board placed on record its high sense of appreciation of the valuable contributions made by the Directors who retired from the Board of SIDBI.

With the objective of giving focussed attention to various important issues, the Board has constituted ten Committees viz., Executive Committee (EC), Audit Committee (AC), Risk Management Committee (RiMC), Special Committee to Monitor Large Value Frauds (SCMLVF), Information Technology Strategy Committee (ITSC), Customer Service Committee (CSC), HR Steering Committee (HRSC), Recovery Review Committee (RRC), Review Committee on Wilful Defaulters & Non Co-operative Borrowers (RCWD&NCB) and Remuneration Committee.

Sanctions relating to credit proposals above a threshold limit and other such operational matters are considered by the EC. The AC, in addition to overseeing the functioning of the Audit Vertical and reviewing its major observations, also provides guidance in matters relating to finalisation of accounts of the Bank and observations made in RBI Inspection report. The RiMC lays down policy and strategy for Integrated Risk Management of the Bank.

With a view to providing focused attention on monitoring of frauds involving an amount of rupees one crore and above, SCMLVF has been constituted in terms of the guidelines of Reserve Bank of India. The ITSC gives direction to the Bank's IT function, especially with regard to IT vision, policy and strategy so as to align with its business objectives. In addition, the Committee also guides the Bank in framing its long term IT plan and provides oversight of IT implementation and management.

नैगम अभिशासन ढाँचे को सुदृढ़ करने और बैंक द्वारा प्रदान की जा रही ग्राहक-सेवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार लाते रहने के उद्देश्य से आन्तरिक रूप से नीतियाँ बनाने और उनके अनुपालन का मूल्यांकन करने में बैंक को सक्षम बनाने के लिए निदेशक मंडल ने सीएससी गठित की है। मानव संसाधन के मामले में निदेशक मंडल को मार्गदर्शन तथा सुझाव/संस्तुतियाँ देने के उद्देश्य से एचआरएससी गठित की गई है।

साथ ही, ₹3 करोड़ और उससे अधिक की बकाया वाले सभी एनपीए मामलों की समीक्षा के लिए आरआरसी का गठन किया गया है। इरादतन चूककर्ताओं तथा असहयोगपूर्ण उधारकर्ताओं को चिह्नित करने के लिए समिति द्वारा पारित आदेशों की समीक्षा करने और इरादतन चूककर्ता एवं असहयोगपूर्ण उधारकर्ताओं के मामलों को चिह्नित करने के लिए आरसीडब्ल्यूडीएंएनसीबी का गठन किया गया है।

भारत सरकार ने बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों के लिए कार्य-निष्पादन प्रोत्साहन योजना आरंभ की है। इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार के निदेशानुसार निदेशक-मंडल की 'पारिश्रमिक समिति' गठित की गई है।

समितियों की बैठकों में लिए गए निर्णय/की गई संस्तुतियाँ उनके कार्यवृत्त में समाहित रहती हैं, जो निदेशक-मंडल को प्रस्तुत किए जाते हैं।

वर्ष के दौरान निदेशक-मंडल की छह बैठकें हुईं, जबकि निदेशक-मंडल की समितियों, यानी- कार्यपालक समिति, लेखा-परीक्षा समिति, जोखिम प्रबन्धन समिति, बड़ी राशि की धोखाधड़ी की निगरानी हेतु विशेष समिति, सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति, ग्राहक-सेवा समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, वसूली समीक्षा समिति और इरादतन चूककर्ता एवं असहयोग-पूर्ण उधारकर्ता समिति की क्रमशः नौ, छह, चार, तीन, चार, दो, दो, तीन और एक बैठक संपन्न हुई। इसके अलावा सिडबी की

To enable the Bank to formulate policies and assess the compliance thereof internally with a view to strengthening the corporate governance structure and also to bring about ongoing improvements in the quality of customer service provided by the Bank, the Board has constituted CSC. HRSC has been constituted to guide and give suggestions / recommendations to the Board in HR matters.

Further, to review all NPA cases having principal outstanding of ₹3 crore and above, RRC has been constituted. RCWD&NCB has been constituted to review the orders passed by the Committee for Identification of Wilful Defaulters & Non-Cooperative Borrowers, identifying cases as wilful defaulters & non-cooperative borrowers.

The Government of India (GoI) introduced performance incentive scheme for the Whole Time Directors of the Bank and for that purpose, as per the directives of GoI, a "Remuneration Committee" of Board of Directors has been constituted.

Minutes of the meetings of the Committees, containing decisions / recommendations made, are submitted to the Board.

The Board held six meetings during FY 2015-16 while the Committees of the Board viz., the Executive Committee, Audit Committee, Risk Management Committee, Special Committee to Monitor Large Value Frauds, Information Technology Strategy Committee, Customer Service Committee, HR Steering Committee, Recovery Review Committee and Review Committee on Wilful Defaulters & Non Co-operative Borrowers held nine, six, four, three, four, two, two, three and one meetings

17वीं वार्षिक सामान्य बैठक 22 जून 2015 को लखनऊ में संपन्न हुई।

शेयरधारिता पद्धति

सिडबी के शेयर भारत सरकार और केन्द्र सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाली तैंतीस अन्य संस्थाओं/ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/बीमा कंपनियों द्वारा धारित हैं। आईडीबीआई बैंक लि., भारतीय स्टेट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम इसके तीन सबसे बड़े शेयरधारक हैं। वर्ष के दौरान भारत सरकार को 3,69,82,250 ईक्विटी शेयर आवंटित किए गए।

आस्ति-देयता प्रबन्धन समिति

बैंक की आस्ति-देयता प्रबन्धन नीति के अनुसार आस्ति-देयता प्रबन्धन समिति (आलको) की अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबन्धक निदेशक करते हैं, जबकि उप प्रबन्ध निदेशक और बैंक के अन्य वरिष्ठ कार्यपालक इसके सदस्य होते हैं, जिनमें जोखिम प्रबन्धन, ऋण, संसाधन एवं कोषागार तथा सूचना प्रौद्योगिकी, नैगम लेखा एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी वर्टिकल के प्रमुख तथा व्यवसाय प्रमुख I और व्यवसाय प्रमुख II शामिल हैं। आलको अन्य बातों के साथ-साथ, बैंक के तरलता जोखिम और ब्याज दर जोखिम की समीक्षा व निगरानी करती है। बैंक की आस्ति-देयता प्रबन्धन प्रणाली भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रचलित दिशा-निर्देशों एवं बैंक की आस्ति-देयता प्रबन्धन नीति से परिचालित है। प्रचलित विनियमन-अपेक्षाओं और बैंक के बदलते हुए आस्ति-देयता प्रोफाइल के अनुरूप आवश्यक परिवर्तन करने के उद्देश्य से समय-समय पर आस्ति-देयता प्रबन्धन नीति की समीक्षा की जाती है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान समिति ने (परिपत्रित बैठकों सहित) सात बैठकें कीं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जैसे कि न्यूनतम प्राथमिक उधार दर (बीपीएलआर), विभिन्न सहायता-योजनाओं के अंतर्गत ब्याज-दरों की समीक्षा, संसाधन संग्रहण की स्थिति, सावधि जमा योजना की ब्याज-दर संरचना में संशोधन, विदेशी मुद्रा परिचालनों की समीक्षा, निवल ब्याज आय

respectively. Besides, SIDBI held its 17th Annual General Meeting on June 22, 2015 at Lucknow.

Shareholding Pattern

The shares of SIDBI are held by the Government of India and thirty three other institutions / public sector banks / insurance companies owned or controlled by the Central Government, with IDBI Bank Ltd., State Bank of India and Life Insurance Corporation of India as its three largest shareholders. During the year, Government of India was allotted 3,69,82,250 equity shares.

Asset Liability Management Committee

In terms of the Asset Liability Management Policy of the Bank, the Asset Liability Management Committee (ALCO) is headed by the Chairman & Managing Director and comprises Deputy Managing Directors and other senior executives of the Bank heading Risk Management, Credit, Resources & Treasury and Information Technology, Corporate Accounts & NBFC Verticals, Business Head I & Business Head II, as members. ALCO, inter-alia, reviews and monitors the liquidity risk and interest rate risk in the Bank. The ALM system in the Bank is guided by the extant RBI guidelines and the ALM Policy of the Bank. The ALM Policy is reviewed from time to time to bring in necessary changes in line with extant regulatory requirements and the changing asset liability profile of the Bank. During FY 2015-16, the Committee met on seven occasions (including circulation) and deliberated on various issues such as revision in Benchmark Prime Lending Rate (BPLR), review of Interest Rates under various schemes of assistance, status of resource mobilization, revision in the interest rate structures of Fixed Deposits Scheme, Review of

(एनआईआई) तथा निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में उतार-चढ़ाव, विदेशी ऋण-व्यवस्था में आहरण की हेजिंग, बॉण्डों में कॉल विकल्प का उपयोग, ब्याज-दर संबंधी दृष्टिकोण आदि।

निवेश समिति

बैंक की निवेश समिति अपनी निवेश-नीति की सीमा में उपलब्ध निवेश के विभिन्न विकल्पों तथा समय-समय पर जारी भारतीय रिज़र्व बैंक के संगत दिशा-निर्देशों के अनुरूप रणनीतियाँ बनाती है और निवेश के विभिन्न विकल्पों की संस्तुति करती है। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निवेश समिति ने छह बैठकें कीं और अन्य बातों पर चर्चा के साथ-साथ, निवेश एवं विनिवेश संबंधी विभिन्न प्रस्तावों, विक्रय से उपलब्ध (एएफएस) सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, म्यूचुअल फंड एक्सपोजर सीमाओं की समीक्षा, प्राथमिक बाज़ार से अभिग्रहीत ईक्विटी निवेश की समीक्षा, निश्चित आय संविभाग तथा निवेश संबंधी अन्य मुद्दों की समीक्षा की।

उद्यम जोखिम प्रबन्धन समिति (ईएमआरसी)

उद्यम जोखिम प्रबन्धन समिति (ईआरएमसी) बैंक में जोखिम प्रबन्धन ढाँचे के विकास, समग्र कार्यान्वयन तथा पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी है। ईआरएमसी बैंक के लिए ऋण एवं परिचालन जोखिम प्रबन्धन नीतियाँ एवं रणनीतियाँ बनाने और उनके लिए संस्तुतियाँ देने तथा आस्ति-बही के जोखिमों के प्रबन्धन के लिए उत्तरदायी है। निदेशक-मंडल की जोखिम प्रबन्धन समिति के पर्यवेक्षण में ईआरएमसी बैंक के संविभाग में समग्र जोखिम संरचना का मूल्यांकन करती है और उसका प्रबन्धन करती है।

Forex Operations, movement in Net Interest Income (NII) and Net Interest Margin (NIM), hedging of drawals under foreign lines of credit, exercise of Call option on Bonds, interest rate outlook etc.

Investment Committee

The Investment Committee of the Bank formulates strategies and recommends various options available for investment within the scope of the Investment Policy of the Bank and relevant RBI guidelines issued from time to time. The Investment Committee met six times during the FY 2015-16 and inter-alia deliberated upon various investment and divestment proposals, sale of government securities from Available from Sale (AFS), review of Mutual Fund exposure limits, review of equity investments acquired through primary market, review of Fixed Income portfolio and other investment related issues.

Enterprise Risk Management Committee (EMRC)

The Enterprise Risk Management Committee (ERMC) is responsible for the development, overall implementation and supervision of the risk management framework in the Bank. ERMC is responsible for providing recommendations to formulate the Credit and Operational Risk Management policies and strategies for the Bank and manage the risks on the asset book. ERMC under the supervision of Risk Management Committee of the Board evaluates and manages overall risk composition in the Bank's portfolio.

जोखिम एवं सूचना सुरक्षा समिति (आरआईएससी)

जोखिम एवं सूचना सुरक्षा समिति (आरआईएससी) कार्यपालकों की अन्योन्याश्रित कार्यों वाली समिति है। यह सूचना सुरक्षा (आईएस) पर ध्यान देती है और सूचना सुरक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न जोखिमों के समाधान का प्रयास करती है। आरआईएससी सुरक्षा कार्यक्रम की संगठनात्मक उद्देश्यों से अनुरूपता सुनिश्चित करती है। एक ऐसी संस्कृति की दिशा में संगठनात्मक बदलाव लाने में भी समिति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है, जो उत्तम सुरक्षा पद्धतियों तथा नीतियों के अनुपालन को बढ़ावा देती है।

आन्तरिक शिकायत समिति

कार्य-स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान), अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार बैंक ने चेन्नै, कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई और नई दिल्ली में आन्तरिक शिकायत समितियाँ गठित की हैं, ताकि यौन उत्पीड़न की शिकायतों तथा उससे सम्बन्धित अथवा उसके संबंध में प्रासंगिक मामलों का निदान हो सके। वर्ष के दौरान समिति को यौन उत्पीड़न संबंधी कोई शिकायत नहीं मिली।

आन्तरिक लेखा-परीक्षा

बैंक की आन्तरिक लेखा-परीक्षा नैगम अभिशासन को सुदृढ़ करने तथा आन्तरिक नियंत्रण को मज़बूत बनाने और जोखिम प्रबन्धन में सुधार लाने के प्रबन्धन के उद्देश्य के अनुपालन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

लेखा-परीक्षा वर्टिकल शाखा कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के चुनिंदा वर्टिकलों की परिचालन-लेखा-परीक्षा, प्रधान कार्यालय के वर्टिकलों की प्रबन्ध-लेखा-परीक्षा, कोषागार एवं निधि प्रबन्धन वर्टिकल (टीएफएमवी)

Risk and Information Security Committee (RISC)

Risk and Information Security Committee (RISC) is a cross functional committee of executives, which looks after Information security (IS) and attempts to mitigate various IS and Information Technology (IT) related risks. RISC ensures alignment of the security programme with organizational objectives. The Committee is also instrumental in achieving organisational change towards a culture that promotes good security practices and compliance with policies.

Internal Complaints Committee

As per the provisions of the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013, the Bank has in place Internal Complaints Committees at Chennai, Kolkata, Lucknow, Mumbai and New Delhi for redressal of complaints of sexual harassment and for matters connected therewith or incidental thereto. During the year, no complaint of sexual harassment was received by the Committees.

Internal Audit

Internal Audit of the Bank plays a pivotal role in strengthening Corporate Governance and complying with Management objectives to strengthen internal control and improve Risk Management.

Audit Vertical has been carrying out Operational Audit (OA) of Branch Offices (BOs), Regional Offices (ROs) and select HO Verticals, Management Audit (MA) of Head Office (HO) Verticals, Transaction Audit (TA) of Debt

की ऋण-शोधन संबंधी गतिविधियों की संव्यवहार लेखा-परीक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण समीक्षा आदि नियमित आधार पर करता चला आ रहा है। इसके अलावा लेखा-परीक्षा वर्टिकल टीएफएमवी की मासिक संगामी लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, अप्रत्यक्ष वित्त वर्टिकल (बैंक एवं एसएफसी) की संव्यवहार-लेखा-परीक्षा, चार अनुप्रयोगों की अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर लेखा-परीक्षा तथा बाहरी फर्मों द्वारा की जा रही डाटा सेंटर और डीआर साइट की नेटवर्क एवं सुरक्षा लेखा-परीक्षा की समीक्षा भी करता है। टीएफएमवी की संगामी लेखा-परीक्षा में कोषागार संबंधी परिचालन, जैसे- मुद्रा बाज़ार परिचालन और टीएफएमवी के डीलिंग रूम परिचालन शामिल रहते हैं। प्रत्यक्ष ऋण योजना के अंतर्गत जिन खातों में एक्सपोज़र ₹300 लाख से अधिक है उनमें भी बैंक ऋण-लेखा-परीक्षा संपन्न कर रहा है। साथ ही, ₹300 लाख से कम बकाया वाले खातों में 10% खातों की ऋण-लेखा-परीक्षा क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से नमूना आधार पर की जा रही है।

बैंक ने चुनिंदा 30 शाखा कार्यालयों में बाहरी सीए फर्मों के माध्यम से संगामी लेखा-परीक्षा प्रणाली आरंभ की है। ये सभी मिलकर बैंक के प्रत्यक्ष ऋण परिचालन का 90% हो जाते हैं। संगामी लेखा-परीक्षकों और परिचालन कार्यालयों के मध्य समय-समय पर सहक्रियात्मक बैठकें और जागरूकता कार्यक्रम होते हैं, ताकि अनुपालन एवं अभिशासन में सुधार लाया जा सके।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न सूचना प्रणाली संबंधी लेखा-परीक्षाएँ इस प्रकार हैं- (i) चार अनुप्रयोगों की अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर लेखा-परीक्षा, (ii) 31 कार्यालयों की सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण समीक्षा- जिसमें डाटा सेंटर और डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट शामिल है, (iii) डाटा सेंटर और डीआर साइट की नेटवर्क एवं सुरक्षा लेखा-परीक्षा।

वर्ष के दौरान 1033 लेखा-परीक्षाएँ संपन्न हुईं, जिनमें 109 परिचालन-लेखा-परीक्षा, 6 विशेष लेखा-परीक्षा, 17 प्रबन्धन लेखा-परीक्षा, टीएफएमवी की 12 संगामी लेखा-परीक्षा,

Servicing Activities of Treasury & Funds Management Vertical (TFMV), IT Control Review, etc. on a regular basis. Besides, Audit Vertical reviews the monthly Concurrent Audit reports of TFMV, Transaction Audit of Indirect Finance Vertical (Banks & SFCs), Application Software Audit of four applications and Network & Security Audit of Data Centre and DR Site being carried out by external audit firms. Concurrent Audit of TFMV covers the Treasury Operations, viz. Money Market Operations (MMO) and Dealing Room Operations (DRO) of TFMV. The Bank is also undertaking Credit Audit in respect of Accounts under Direct Credit Schemes where exposure is above ₹300 lakh and in 10% of the cases on sample basis, where the outstanding is less than ₹300 lakh, through Regional Offices.

The Bank has also introduced Concurrent Audit mechanism in select 30 BOs through external CA firms, which together account for more than 90% of the Direct Credit operations of the Bank. Interactive meets and sensitization programs with Concurrent Auditors and Operating Offices are held on periodical basis to improve upon compliance and governance.

The IS audits taken up during FY 2015-16 are (i) Application Software Audit of four applications, (ii) IT Control Review of 31 offices including Data Centre & Disaster Recovery (DR) Site and (iii) Network & Security Audit of Data Centre and DR Site.

During the year, 1033 audits comprising 109 Operational Audits, 6 Special Audits, 17 Management Audits, 12 Concurrent Audits of

शाखा कार्यालयों की 352 संगामी लेखा-परीक्षा, टीएफएमवी की ऋण-शोधन गतिविधियों की 12 संव्यवहार लेखा-परीक्षा, अप्रत्यक्ष वित्त वर्टिकल (बैंक एवं एसएफसी) की 5 संव्यवहार लेखा-परीक्षा, 489 ऋण लेखा-परीक्षा तथा 31 सूचना प्रणाली लेखा-परीक्षा शामिल हैं। लेखा-परीक्षा टिप्पणियों के अनुपालन की स्थिति के संबंध में मासिक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और समयबद्ध रूप में रिपोर्टों का समापन/ टिप्पणियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लेखा-परीक्षा वर्टिकल क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करता है। लेखा-परीक्षा की प्रक्रिया के स्वचालन के उद्देश्य से 'ऑडिट एमआईएस एंड रेटिंग मॉड्यूल' नामक पृथक मॉड्यूल तैयार किया गया है।

लेखा-परीक्षा वर्टिकल नैगम लेखा वर्टिकल तथा भारतीय रिज़र्व बैंक समन्वयन कक्ष के घनिष्ठ सहयोग से सांविधिक लेखा-परीक्षकों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक निरीक्षण दल की टिप्पणियों पर अनुपालन भी सुनिश्चित करता है। लेखा-परीक्षा गतिविधि के दौरान अन्य बातों के साथ-साथ केवाईसी संबंधी दिशा-निर्देशों, निधियों के अंतिम उपयोग के सत्यापन, आस्ति-सृजन, नीतिगत दिशा-निर्देशों, पद्धतियों व प्रक्रियाओं के पालन आदि पर यथेष्ट ध्यान दिया जाता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशानुसार और बेसल समिति-II के स्तंभ-II की संस्तुतियों की अपेक्षाओं के अनुसार सभी परिचालन शाखाओं के संबंध में जोखिम आधारित लेखा-परीक्षा की व्यवस्था की गई है। उसके अनुसार शाखा कार्यालयों को ऋण एवं परिचालनपरक जोखिम क्षेत्रों और उनके अनुपालन की दृष्टि से निम्न, मध्यम और उच्च तथा अत्यन्त उच्च जोखिम आदि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है। शाखा कार्यालयों के समग्र जोखिम मूल्यांकन और जोखिम वर्गीकरण के मामले में ऋण-जोखिम, परिचालन संबंधी जोखिम, प्रमुख लेखा-परीक्षा-टिप्पणियों के अनुपालन में विलंब, एनपीए/धोखाधड़ी की घटनाओं आदि को ध्यान में रखा जाता है। उच्च जोखिम वाले शाखा कार्यालयों के संबंध में परिचालन लेखा-परीक्षा की आवधिकता बढ़ाई गयी है, चाहे उनके परिचालन की मात्रा जितनी भी हो।

TFMV, 352 Concurrent Audits of BOs, 12 TAs of debt servicing activities of TFMV, 5 TAs of Indirect Finance Vertical (Banks & SFCs), 489 Credit audits and 31 IS Audits were completed. Audit Vertical follows up with ROs for submission of Monthly Status Report on the status of compliance of audit observations & ensure time bound closure of reports / compliance of the observations. With a view to automate the audit monitoring process, a separate module "Audit MIS & Rating Module" has been rolled out.

Audit Vertical also ensures compliance of observations made by Statutory Auditors and RBI Inspection Team in close coordination with Corporate Accounts Vertical and RBI Co-ordination Cell. During an audit activity, inter-alia, compliance to KYC guidelines, verification of end use of funds, creation of assets, adherence to policy guidelines, systems & procedures etc. are given due focus.

As per the directives of Reserve Bank of India and in accordance with the requirement of Pillar-II of Basel Committee-II recommendations, Risk Based Audit in respect of all operating branches is in place. In terms of the same, the BOs are classified under Low, Medium, High & Very High Risk etc. on the basis of credit and operational risk areas and compliance thereof. In the overall risk assessment and risk categorisation of BOs, the Credit Risk, Operational Risk, delay in compliance of major audit observations, incidence of NPAs / fraud cases, etc. are being factored. The periodicity of Operational Audits in respect of High Risk BOs is being stepped up, irrespective of their volume of operations.

उत्तम नैगम अभिशासन के एक उपाय के रूप में, लेखा-परीक्षा वर्टिकल लेखा-परीक्षा के संचालन और समापन की स्थिति, राजस्व-क्षरण, लेखा-परीक्षा टिप्पणियों के आधार पर शाखा कार्यालय के कार्य-निष्पादन तथा विवेकाधीन शक्तियों के उपयोग में पदाधिकारियों द्वारा किए गए उल्लंघन, डाटा सेंटर के सूचना प्रणाली-लेखा-परीक्षा तथा शाखा कार्यालय की सूचना प्रौद्योगिकी नियंत्रण समीक्षा, घोष एवं जीलानी समिति की रिपोर्टों के क्रियान्वयन की स्थिति, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों में संशोधन आदि के संबंध में निदेशक-मंडल की लेखा-परीक्षा समिति को विभिन्न ज्ञापन प्रस्तुत करता है।

Audit Vertical submits various memoranda relating to status of conduct and closure of audits, revenue leakage, performance of BOs based on audit observations and violation by functionaries in exercise of discretionary powers, IS Audit of Data Centre and IT Control Review of BOs, status of implementation of Ghosh and Jilani Committee reports, revision in guidelines by RBI etc. to Audit Committee of the Board (ACB) as a measure of good Corporate Governance.

मानव संसाधन विकास- विहंगावलोकन

यथा 31 मार्च 2016 बैंक में 1060 सक्रिय पूर्णकालिक स्टाफ-सदस्य कार्यरत थे, जिनमें से 908 अधिकारी और 95 श्रेणी III स्टाफ और 57 अधीनस्थ स्टाफ थे। समस्त स्टाफ में से 186 अनुसूचित जातियों, 74 अनुसूचित जनजातियों तथा 171 अन्य पिछड़ा वर्गों से संबंधित हैं। स्टाफ-संख्या में 8 भूतपूर्व सैनिक, 29 दिव्यांग श्रेणी से संबंधित तथा 1

Human Resource Development – An Overview

As on March 31, 2016, the Bank had on its rolls 1060 active full time staff comprising 908 officers, 95 Class III staff and 57 Subordinate staff. Of the total staff, 186 belong to Scheduled Castes (SCs), 74 to Scheduled Tribes (STs) and 171 to Other Backward Classes (OBCs). The staff strength included 8 ex-servicemen, 29 Persons

सिडबी के मानव संसाधन वर्टिकल को यूनाइटिड किंगडम एक्रीडिटेशन सर्विस (यूकास) से आइएसओ 9001-2008 प्रमाणन प्राप्त हुआ।
The Human Resources Vertical, SIDBI was conferred ISO 9001:2008 certification by United Kingdom Accreditation Service (UKAS).

भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग, दोनों श्रेणियों से संबंधित है। महिला कर्मचारियों की संख्या 234 है।

प्रशिक्षण एवं कैरियर विकास

बैंकिंग वातावरण और ग्राहकों की अपेक्षाओं में हो रहे परिवर्तन से अधिकाधिक अवसर और चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। सिडबी के लिए भी यह अपरिहार्य है कि वह अपने प्रोफेशनल कार्य-बल को अनवरत रूप से कुशल और अद्यतन बनाए रखे। बैंक अपने कर्मचारियों के कौशल को अद्यतन बनाए रखने और उनके उपयुक्त, प्रासंगिक एवं आवश्यक प्रशिक्षण व ज्ञान-वर्द्धन पर बल देना जारी रखे हुए है। कर्मचारियों के प्रेरणा-स्तर तथा कार्य-संतुष्टि में वृद्धि के लिए भी यह किया जा रहा है।

बैंक ने अपने कर्मचारियों को (i)घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सिडबी अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर (ii) देश-स्थित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा संचालित/आयोजित अंतर्देशीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं और (iii) अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिनियुक्त करके प्रशिक्षण देना जारी रखा। प्रशिक्षण में स्टाफ के समग्र रूप से बहु-मुखी विकास पर बल दिया जाता है।

वर्ष के दौरान बैंक ने सुप्रसिद्ध प्रशिक्षण/ अकादमिक संस्थाओं द्वारा आयोजित विभिन्न अंतर्देशीय, घरेलू एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1031 नामांकन किए। इनमें से 169 नामांकिती महिलाएं तथा 471 नामांकिती आरक्षित श्रेणियों से संबंधित थे। विकास बैंकिंग, नेतृत्व विकास, सूचना, बीमा एवं प्रबन्धन आदि विभिन्न क्षेत्रों की मौजूदा अंतरराष्ट्रीय पद्धतियों से अवगत कराने के उद्देश्य से उन्नीस अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए नामित किया गया। इनमें से पाँच आरक्षित श्रेणियों के हैं। बैंक में नये भर्ती हुए 32 अधिकारियों के

with Disabilities (PwD) categories and 1 in both ex-servicemen and Persons with Disabilities (PwD) categories. The strength of women employees is 234.

Training & Career Development

Changes in banking environment and expectations from customers are providing greater opportunities and challenges. It is imperative for SIDBI too to keep its professional workforce skilled and updated on a continuous basis. The Bank continues its emphasis to update the skills of its employees and impart appropriate, relevant and necessary trainings and knowledge. This is also being done to increase motivation and job satisfaction of its employees.

The Bank continued to impart training by deputing its employees to (i) in-house training programmes, including at SIDBI International Training Institute, Bhubaneswar (ii) inland training programmes / workshops conducted / organized by reputed national institutions within the country and (iii) international programmes. The focus of training function is to ensure comprehensive all-round development of the staff.

During the year, Bank has made 1031 nominations for various inland, in-house and international training programmes organized by renowned training / academic institutions, out of which 169 nominees were women and 471 nominees belonged to reserved categories. Nineteen officers including five from reserved categories were nominated to attend international programmes in order to familiarize them with the current international practices in different areas viz. Development Banking,

लिए परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों के लिए पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया।

स्टाफ-कल्याण गतिविधियाँ

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बैंक ने स्टाफ-सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विविध प्रकार की कल्याणकारी गतिविधियों के लिए सहायता देना जारी रखा। केन्द्रीय कल्याण समिति के मार्गदर्शन में ₹2 करोड़ की निधि बैंक के विभिन्न कार्यालयों की कल्याण-समितियों को आवंटित की गई, ताकि वे स्टाफ और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी गतिविधियाँ आयोजित कर सकें।

सूचना प्रौद्योगिकी-व्यवस्था में सुधार

- परिचालन, प्रबन्धन, निगरानी और रिपोर्टिंग के सभी आयामों को समाहित करने के लिए बैंक ने विभिन्न आईटी समाधानों का क्रियान्वयन किया। बैंक की वेबसाइट ग्राहकों को आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण तथा उनकी स्थिति जानने और शिकायतें/पूछताछ करने में सक्षम बनाती है। साथ ही उपलब्ध उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान करती है।

- ग्राहक-केन्द्रित सेवा-प्रदायगी, जोखिम प्रबन्धन, आंतरिक दक्षता आदि में सुधार के लिए हाल ही में बैंक ने नई आईटी रणनीति तैयार की है। डिजिटल पहल के हिस्से के रूप में "सिडबी मित्र" नामक नया मोबाइल ऐप आरंभ किया गया, ताकि ग्राहक-खातों को देखने में मोबिलिटी रहे, संबंधित प्रबन्धक से संपर्क करने तथा सेवा संबंधी अन्य अनुरोधों के लिए ग्राहकों को सीधा माध्यम मिल जाए।

Leadership Development, Information Assurance and Management, etc. An induction programme was organized for 32 newly recruited Officers in the Bank. Pre-Promotion Training for SC/ST/OBC Officers was also organized as per GoI directions.

Staff Welfare Activities

During the year FY 2015-16, the Bank continued its support for multifarious welfare activities for the staff members and their families. Under the guidance of Central Welfare Committee, funds to the tune of ₹2 crore, were allocated to welfare associations of various offices of the Bank, to organize welfare activities for staff and their families.

Improvements in IT Set-up

- Implemented various IT solutions to encompass all facets of operations, management, monitoring and reporting. The Bank's website empowers the customer for on-line submission and tracking of their loan application status and submission of grievances / queries, besides providing detailed information on available products.

- The Bank has recently formulated new IT Strategy towards improvement in customer focused service delivery, risk management, internal efficiency etc. As part of digital initiatives, new Mobile App., "SIDBI MITRA", was launched to facilitate mobility in viewing customer accounts, providing direct channel to customers to interact with the Relationship Manager (RM) and raising other service requests etc.

सतर्कता

सिडबी की सतर्कता व्यवस्था के मुखिया एक पूर्णकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं। प्रधान कार्यालय में एक सतर्कता दल और क्षेत्रीय कार्यालयों में तत्संबंधी क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी उनकी मदद करते हैं।

बैंक निवारक एवं स्वतःस्फूर्त सतर्कता आयामों पर ज़ोर देता है और प्रणालियों व प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कई उपाय करता रहा है, ताकि दक्षता एवं पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जा सके। निवारक सतर्कता के उपायों की समीक्षा के लिए क्षेत्रीय/शाखा स्तरों पर निवारक सतर्कता समितियाँ और प्रधान कार्यालय में सतर्कता समिति स्थापित की गई है। सतर्कता संबंधी एक आंतरिक सलाहकार समिति सभी शिकायतों अथवा निरीक्षणों, लेखा-परीक्षा रिपोर्टों, स्टाफ जवाबदेही रिपोर्टों आदि से उभरे सभी मामलों की संवीक्षा करती है और अपने विचार किए गए मुद्दों में सतर्कता कोण की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति के विषय में मुख्य सतर्कता अधिकारी को संस्तुतियाँ प्रस्तुत करती है।

बैंक के साथ की गई धोखाधड़ी के सभी मामलों, तृतीय पक्ष की भूमिका के आकलन और उनके द्वारा बैंक को दी गई प्रोफेशनल सेवा में पाई गई कमी के आधार पर उनके नाम भारतीय बैंक संगठन द्वारा परिपत्रित चेतावनी सूची में शामिल कराने में सतर्कता वर्टिकल एक नोडल वर्टिकल के रूप में काम करता है। धोखाधड़ी-रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम के हिस्से के रूप में धोखाधड़ी के तौर-तरीकों की जानकारी समय-समय पर क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों से साझा की जाती है। मुख्य सतर्कता अधिकारी, क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी और सतर्कता दल स्टाफ के साथ अपनी आवधिक बैठकों में परिचालन संबंधी अंतराल की घटनाओं/अनुपालन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं और दिशा-निर्देशों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं के पालन तथा निर्णय-प्रक्रिया को पारदर्शी, उचित व न्यायसंगत बनाने के महत्त्व के बारे में उन्हें

Vigilance

The vigilance set-up in SIDBI is headed by a full-time Chief Vigilance Officer [CVO] who is assisted by the Vigilance Team at Head Office and Regional Vigilance Officers at the respective Regions.

The Bank lays emphasis on the preventive and pro-active vigilance aspects and has been taking several initiatives for strengthening the systems and procedures to promote efficiency and transparency. Preventive Vigilance Committees at the Regional/ Branch levels and the Vigilance Committee at Head Office have been set up to review the preventive vigilance measures. An Internal Advisory Committee on Vigilance scrutinizes all the complaints or cases arising out of inspections, audit reports, staff accountability reports, etc. and furnishes its recommendations to the CVO regarding the existence or otherwise of the vigilance angle in the issues examined by it.

Vigilance Vertical acts as the nodal Vertical for investigations in all cases of frauds perpetrated on the Bank, evaluating the role of third party entities [TPEs] and getting their names included in the caution list circulated by the Indian Banks' Association [IBA], for deficiency observed in professional service rendered by them to the Bank. As a part of Anti-Fraud sensitization programme, the modus operandi of frauds are shared with the Regions/ Branches from time to time. The CVO, RVOs (Regional Vigilance Officers) and the vigilance team, in their periodic meetings with the staff, discuss the incidents of operational gaps/ compliance issues and sensitize the staff on the importance of adhering to guidelines, systems and processes and making the decision making process

जागरूक करते हैं। सहभागितापूर्ण सतर्कता के लिए सतर्कता संबंधी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से वर्टिकल 'दक्षता' शीर्षक पत्रिका भी प्रकाशित करता है। साथ ही, सिडबी इन्ट्रानेट पर सतर्कता ब्लॉग भी निर्मित किया गया है, जहाँ अपने अनुभवों/आलेखों आदि के योगदान/प्रतिभागिता के लिए स्टाफ-सदस्यों को प्रोत्साहित किया जाता है।

शाखाओं की आंतरिक लेखा-परीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा सतर्कता वर्टिकल द्वारा की जाती है और अनुपालन संबंधी मुख्य-मुख्य विषयों को तत्काल संशोधन के लिए उठाया जाता है। वर्टिकल विभिन्न मंचों जैसे वीसीएचओ (प्रधान कार्यालय- सतर्कता समिति), आईएसीवी (आंतरिक सतर्कता सलाहकार समिति), लेखा-परीक्षा सम्मेलनों, निदेशक मंडल की लेखा-परीक्षा समिति), क्षेत्रीय निवारक समिति तथा अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक- मुख्य सतर्कता अधिकारी तिमाही बैठकों में मौज़ूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार करने और उन्हें सुदृढ़ बनाने के उपाय भी सुझाता है।

मुख्य सतर्कता आयोग के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसरण में, वस्तुओं व कार्यों के अभिग्रहण तथा संविदाओं के लिए बैंक द्वारा अपनाई जा रही निविदा प्रक्रिया पर भी सतर्कता वर्टिकल निगाह रखता है। इस दृष्टि से यह वर्टिकल आवधिक रूप से नमूना आधार पर मुख्य तकनीकी परीक्षक कार्यालय (सीटीईओ) जैसे निरीक्षण करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की वस्तुओं व सेवाओं का अभिग्रहण मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है। इस दिशा में वर्टिकल ने अभी तक 'अभिग्रहण के दिशा-निर्देश' पर दो कार्यशालाएं की हैं, जिनमें बैंक के विभिन्न वर्टिकलों जैसे परिसर, प्रशासन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आदि द्वारा अभिग्रहण को समाहित किया गया।

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक प्रत्येक तिमाही मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ अपनी बैठक में सतर्कता के काम की समीक्षा करते हैं और सभी महत्त्वपूर्ण/लम्बित मुद्दों (यदि हों) पर मुख्य सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई होती है। सतर्कता वर्टिकल सतर्कता-गतिविधियों के

transparent, fair and equitable. To spread vigilance awareness for participative vigilance, the vertical also publishes its in-house magazine "Dakshata" and created Vigilance Blog on SIDBI Intranet where staff members are encouraged to contribute/ participate by way of their experiences/ articles etc.

The Internal Audit reports of the branches are reviewed by Vigilance Vertical and the key compliance related issues are escalated for immediate rectification. The Vertical also suggests measures to improve and strengthen the existing systems and processes in various forums like VCHO (vigilance committee in head office), IACV (Internal Advisory Committee on Vigilance), Audit conferences, ACB (Audit Committee of Board), Regional Preventive Committee meetings and the CMD-CVO quarterly meetings.

Vigilance Vertical also maintains a vigil on the tendering process followed by the Bank in procurement of goods, works and contracts in terms of the extant CVC guidelines. Towards this end, the Vertical carries out Chief Technical Examiners Office [CTEO] type inspections periodically, on sample basis, to ensure that the procurement of goods and services is being carried out as per the norms. In this direction, the Vertical has so far organized two workshops on "Procurement Guidelines" which covers procurements by various departments of the Bank like Premises, Administration, Information Technology (IT), etc.

The vigilance work is reviewed by the CMD in his meeting with CVO every quarter and all important / pending issues, if any, are dealt with in accordance with the Chief Vigilance Commission (CVC) guidelines. The Vigilance

बारे में एक रिपोर्ट मुख्य सतर्कता आयोग को और उक्त गतिविधियों की अर्धवार्षिक समीक्षा निदेशक-मंडल को प्रस्तुत करता है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सिडबी के सतर्कता वर्टिकल को बैंकिंग क्षेत्र श्रेणी में लगातार तीसरे वर्ष दूसरा सर्वश्रेष्ठ 'सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार' प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार "इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेस, हैदराबाद" द्वारा संस्थापित है। यह पुरस्कार सतर्कता प्रबन्धन के क्षेत्र में सिडबी के उत्तम कार्य की मान्यता के रूप में प्रदान किया गया। इसके अलावा, बैंक में सतर्कता-प्रबन्धन में सर्वोत्कृष्ट योगदान के लिए 'वैयक्तिक' वर्ग में सिडबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शिवकुमार आर को भी सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2016 में सतर्कता वर्टिकल ने सर्वप्रथम क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी सम्मेलन आयोजित किया। सतर्कता प्रबन्धन में निहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विनिमय की दृष्टि से यह सम्मेलन अत्यन्त

Vertical also submits a report on Vigilance Activities to CVC and a half yearly review of the said activities to the Board of Directors.

During FY 2015-16, Vigilance Vertical of SIDBI was the recipient of the "Vigilance Excellence Award" - second best in the Banking Sector category - instituted by "Institute of Public Enterprises, Hyderabad", for the third consecutive year. The award came as recognition of the good work done by SIDBI in the field of Vigilance Administration. Besides, CVO, SIDBI Shri Shivakumar R was also conferred with the Vigilance Excellence Award in the "Individual" category for his excellent contribution to the Vigilance administration in the Bank. In FY 2015-16, Vigilance vertical also organized the First-ever Conference of the

सिडबी को बैंकिंग क्षेत्र श्रेणी में दूसरा सर्वश्रेष्ठ 'सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार' प्राप्त हुआ।
SIDBI bagged the second best "Vigilance Excellence Award" in the banking sector category.

सफल रहा। इसी वर्ष के दौरान सतर्कता वर्टिकल ने पहली बार सतर्कता निर्देशिका भी जारी की। इसे मुख्य सतर्कता आयोग द्वारा जारी किए गए विभिन्न अनुदेशों और दिशा-निर्देशों के संकलन के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इस निर्देशिका को वास्तविक समय-आधार पर अद्यतन बनाया जा रहा है (वर्तमान में 31 मार्च 2016 तक अद्यतन)।

इस प्रकार बैंक में परिचालन के सभी स्तरों पर सतर्कता का कार्य स्वतःस्फूर्त एवं प्रतिभागितापूर्ण तरीके पर ज़ोर देते हुए किया जा रहा है, ताकि धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार तथा कदाचार की घटनाओं को समाप्त/न्यूनतम किया जा सके।

बैंक में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

सिडबी अपनी स्थापना के समय से ही भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की दिशा में सचेष्ट रहा है, जिसके फलस्वरूप हिन्दी को कार्यालयीन कामकाज की भाषा के रूप में स्थापित करने में बैंक को उल्लेखनीय सफलता भी मिली है।

संसदीय राजभाषा समिति और भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएँ विभाग; गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रतिनिधियों ने समय-समय पर संपन्न अपने निरीक्षणों के दौरान सिडबी के कार्यालयों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग विषयक गहन प्रयासों की प्रशंसा की है। संदर्भाधीन वर्ष के दौरान बैंक को वर्ष 2014-15 में राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए 'राजभाषा **कीर्ति पुरस्कार योजना**' के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत बैंक वर्ग में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से लगातार तीसरी बार **द्वितीय पुरस्कार** प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने प्रदान किया। इसी प्रकार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता में बैंक को वर्ष 2014-15 के

Regional Vigilance Officers (RVOs). The conference was a great success in terms of brainstorming on the various issues involved in the vigilance administration. Vigilance Vertical also released first ever Vigilance Manual in this year which will serve as a repository of various instructions and guidelines issued by the CVC. The manual is being updated on real-time basis (presently updated upto March 31, 2016).

The Vigilance function in the Bank has thus been laying emphasis on the proactive and participative vigilance at all levels of operations to eliminate / minimize the incidents of frauds, corruption and malpractices.

Implementation of the Official Language Policy in the Bank

SIDBI, since its inception, has been making conscious efforts towards implementation of the official language policy of the Government of India, which has enabled the bank to attain a considerable success in establishing Hindi as the medium of its official work.

Members of the parliamentary committee on official language and Government of India, Ministry of finance, Department of Financial Services; Ministry of Home Affairs, Rajbhasha Vibhag, as also the representatives from RBI have, during the inspections carried out from time to time, appreciated the intense efforts made by the SIDBI-offices with regard to progressive use of Hindi therein. The bank received second prize from Rajbhasha Vibhag, Ministry of Home Affairs, Government of India under 'Rajbhasha Keerti Puraskar Yojana' in the banks' category for a consecutive third time for commendable implementation of the official language policy during FY 2014-15. The prize was given by the hon'ble President of India.

लिए "क" "ख" क्षेत्र का प्रोत्साहन एवं "ग" क्षेत्र का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ, पुरस्कार वितरण भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर महोदय द्वारा किया गया।

बैंक के प्रधान कार्यालय, मुम्बई कार्यालय, नई दिल्ली कार्यालय एवं सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ गठित हैं। सभी समितियों ने वर्ष के दौरान अपनी त्रैमासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित कीं। इनमें राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई और हिन्दी पत्राचार के साथ-साथ आंतरिक कामकाज में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने पर बल दिया गया।

बैंक की हिन्दी पत्रिका ***'संकल्प'*** का प्रकाशन नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके अब तक 75 अंक निकाले जा चुके हैं। पत्रिका की प्रशंसा में देश के लब्ध-प्रतिष्ठ विद्वानों की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रही हैं। इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में बैंक के सभी कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया, जिसके अंतर्गत कई रोचक गतिविधियाँ व प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

वर्ष के दौरान 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र-स्थित कार्यालयों में हिन्दी पत्राचार क्रमशः 97%, 92% तथा 81% रहा, जबकि समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य क्रमशः100%, 90% तथा 55% का है। उल्लेखनीय है कि 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र में हिंदी पत्राचार के लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं, जबकि 'क' क्षेत्र में लक्ष्य-प्राप्ति के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष में 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्र-स्थित कार्यालयों में हिन्दी में लिखी जा रही टिप्पणियों का अनुपात लक्ष्यानुरूप, यानी क्रमशः लगभग 87%, 69% तथा 54% रहा, जबकि निर्धारित लक्ष्य क्रमशः 75%, 50% एवं 30% हैं।

Besides this, Bank also bagged two consolation prizes for regions "A" and "B" and a second prize for region "C" in RBI- Rajbhasha Shield Competition. The prizes were given away by the RBI Governor.

Official Language Implementation Committees have been constituted in the Lucknow-Head Office, Mumbai Office, New Delhi office and all ROs/BOs of the bank. All the committees which dealt with the review of the status of official language implementation, laid emphasis on enhancing Hindi correspondence and augmenting the usage of Hindi in the bank's internal working held their quarterly meetings regularly during the year.

'Sankalp', the quarterly Hindi magazine of the bank is being published regularly. A total of 75 volumes of the magazine have been brought out so far. Renowned scholars from various parts of the country have acclaimed this publication from time to time. This year too, all offices of the bank celebrated Hindi fortnight on the occasion of Hindi Day, which was marked by several engrossing activities and competitions.

Hindi correspondence in the offices located in regions 'A', 'B' and 'C' stood at 97%, 92% and 81% respectively, as against the targets of 100%, 90% and 55% set by Rajbhasha Vibhag, Ministry of Home Affairs respectively. It is noteworthy that the targets for Hindi correspondence for the regions 'B' and 'C' were surpassed, while all out efforts are on to reach the targets for the region 'A'. The ratio for notings being recorded in Hindi in the offices situated in regions 'A', 'B' and 'C' remained at 87%, 69% and 54% respectively, which is in conformity to the specified targets of 75%, 50% and 30% respectively.

राजभाषा अधिनियम 1963 (यथासंशोधित 1967) की धारा 3(3) में उल्लिखित दस्तावेजों को बैंक के सभी कार्यालयों ने द्विभाषी रूप में जारी किया। साथ ही, हिन्दी में प्राप्त व हस्ताक्षरित पत्रों के उत्तर हिन्दी में देकर राजभाषा नियम 1976 (यथासंशोधित 1988) के नियम 5 का अनुपालन भी सुनिश्चित किया गया।

बैंक में हिन्दी माध्यम से कामकाज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिडबी इन्ट्रानेट पर राजभाषा संबंधी पोर्टल भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें राजभाषा नीति एवं उसके कार्यान्वयन से संबंधित उपयोगी जानकारी एवं अन्य सूचनाएँ दी गई हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक की बैंकिंग शब्दावली, दैनन्दिन कार्य में इस्तेमाल होनेवाले वाक्य एवं टिप्पणियाँ इंट्रानेट पर अपलोड कर दी गई हैं, ताकि स्टाफ-सदस्य हिन्दी में कार्य करते हुए इस सहायक सामग्री का उपयोग कर सकें।

बैंक के 39 कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत भारत के राजपत्र में अधिसूचित हैं। अधिसूचित कार्यालयों से सम्बद्ध जिन स्टाफ-सदस्यों को हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है, उन्हें नियम 8(4) के अनुसार व्यक्तिशः आदेशित किया गया है कि वे अपना समस्त कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करें।

बैंक के 1060 स्टाफ-सदस्यों में से(चतुर्थ श्रेणी के 57 को छोड़कर) 986 स्टाफ सदस्यों(4 संविदा स्टाफ सहित) को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, जबकि 21 स्टाफ-सदस्य प्रशिक्षण के लिए शेष हैं। उनके प्रशिक्षण के लिए समय-समय पर कार्रवाई की गयी है। जिन नए अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है, उनके हिन्दी ज्ञान की स्थिति का आकलन कर, रोस्टर बनाया गया है और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाने की प्रक्रिया आरंभ की गई है।

वर्ष के दौरान बैंक के विभिन्न कार्यालयों में कुल 58 हिन्दी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, और हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त स्टाफ-सदस्यों को हिन्दी भाषा तथा

All offices of the bank issued all documents enumerated under section 3(3) of the Official Language Act 1963 (As amended 1967), besides ensuring compliance of Rule 5 of the Official Language Rules 1976 (as amended 1988) by responding in Hindi to the letter received or signed in Hindi.

A portal on Rajbhasha has been made available at SIDBI-intranet, which provides valuable information and other material on official language policy and its implementation and aims at giving a fillip to carrying out the bank's transactions through Hindi. RBI- banking glossary, sentences and notings used in day to day working have been uploaded on intranet, so as to enable the staff members use this Help material while working in Hindi.

As many as 39 offices of the bank have been notified in the Gazette of India, as per Rule 10(4) of the official language rules 1976. The staff members attached to the notified offices and possessing proficiency in Hindi have been issued individual orders under Rule 8(4) to carry out their entire official work in Hindi.

Out of 1060 staff of the bank, a total of 986 staff members (including 4 contract staff) of the Bank (except 57class-IV) have the working knowledge of Hindi, while 21 remain to be trained. Measures have been taken from time to time to impart them training. A roaster has been prepared after assessing the Hindi knowledge of the newly appointed officers/employees, and action initiated for imparting them a need-based training.

During the year, a total of 58 Hindi workshops were organized at various offices of the bank, and staff-members possessing a working

हिन्दी के प्रयोजनमूलक पहलुओं के साथ-साथ, कंप्यूटर पर यूनीकोड का इस्तेमाल करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

भारत सरकार के वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम का अनुपालन करते हुए, बैंक में कार्यरत हिन्दी अधिकारियों का सम्मेलन 30 नवम्बर-01 दिसम्बर 2015 को सिडबी अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई प्रशिक्षण संस्थान (सिटी), भुवनेश्वर में संपन्न हुआ।

इसी प्रकार वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार बैंक में कार्यरत हिन्दी अधिकारियों के लिए 1 से 3 जुलाई 2015 के दौरान सिटी, भुवनेश्वर में प्रबंध विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सिडबी की वेबसाइट द्विभाषी है, जिसे वर्ष-पर्यन्त अद्यतन किया जाता रहा। साथ ही, बैंक की सहयोगी एवं सहायक संस्थाओं की वेबसाइटों के लिए भी समय-समय पर अनुवाद उपलब्ध कराया गया।

वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम के अनुपालन के क्रम में, समीक्षाधीन अवधि में हिन्दी वर्टिकल, प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा कुल 36 कार्यालयों एवं वर्टिकलों का राजभाषाई निरीक्षण संपन्न किया गया।

देश के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैंक ने वर्ष के दौरान 11वीं ***अखिल भारतीय सिडबी अंतर-बैंक हिन्दी निबंध प्रतियोगिता*** का आयोजन किया। दसवीं अखिल भारतीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता में प्राप्त चुनिंदा निबंधों को **"बैंक समाज और महिला सशक्तीकरण"** शीर्षक से पुस्तकाकार प्रकाशित किया गया। इस प्रकाशन को बैंकिंग क्षेत्र में सन्दर्भ ग्रन्थ के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

knowledge of Hindi were imparted practical training on Hindi language and aspects related with application of Hindi, besides usage of Unicode on computer.

A Hindi officers' conference for the Hindi officers working in the bank was organized during November 30- December 01, 2015, at SIDBI International MSME Training Institute (SITI), Bhubaneswar, as a measure to comply with the annual implementation programme of the Government of India.

Keeping in with the directives received from the Department of Financial Services, Ministry of Finance, Government of India, a Management Development Programme for the Hindi Officers of the bank was organized during July 1-3, 2015 at SITI, Bhubaneswar.

SIDBI website has been made bilingual and kept updated throughout the year, besides providing translation for the websites prepared by the associates and subsidiaries.

In pursuance of the annual implementation programme, official language related inspections were conducted by the Head Office and the Regional Offices in as many as 36 offices and verticals.

The bank organized 11th All India SIDBI Inter-Bank Hindi Essay Competition during the year, which aimed at motivating the banks and the financial institutions of the country to carry out their official work in Hindi. A book titled 'Bank, Samaaj aur Mahila Sashaktikaran' comprising selected essays received during the tenth All-India Hindi Essay Competition was brought out during the year. This publication can be used as a reference book in the banking sector.

बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों में हिन्दी माध्यम से काम करने के लिए प्रतिस्पर्धा का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से विगत वर्षों की ही तरह इस वर्ष भी सिडबी राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता आयोजित गई। इसी प्रकार, कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के अनुप्रयोग में वृद्धि करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय में वर्टिकल स्तर पर हिन्दी व हिन्दीतर-भाषी वर्ग के स्टाफ-सदस्यों के लिए राजभाषा प्रतिनिधि योजना चलाई गई।

Following the legacy of the previous years, this year too SIDBI Rajbhasha Shield Competition was organized in the bank, with the motive to create a competitive environment at the bank's regional offices for working through Hindi medium. In the same manner, this year too, Rajbhasha Pratinidhi Yojana was implemented amongst staff members belonging to Hindi-speaking and Non-Hindi speaking categories, at each Regional Office and HO-vertical level, so as to boost up the application of Hindi in the official working.

वर्ष के दौरान बैंक ने कई मैनुअलों/प्रक्रिया साहित्य को द्विभाषी रूप में जारी किया, जैसे-एकबारगी निपटान योजना, उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति, प्रतिभूति एवं संपार्श्विक प्रतिभूति प्रबंध नीति, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक का कामकाज, ग्राहक परिवेदना निवारण नीति, ग्राहक क्षतिपूर्ति नीति, बैंक की अभिग्रहण नियमावली और स्टाफ जवाबदेही नीति।

Several Manuals/Procedural Literatures of the bank viz. One–Time Settlement Scheme, Venture Risk Management Policy, Security and Collateral Security Management Policy, SIDBI's working, Customers' Complaint Redressal Policy, Customer Compensation Policy, Bank's Procurement Manual and Staff Accountability Policy were issued in bilingual form during the year.

बैंक के सभी कार्यालयों ने अपनी-अपनी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों में नियमित रूप से भाग लिया। इसके अतिरिक्त, नराकास के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं में भी हमारे अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की और उत्तम प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। नराकास के तत्वावधान में निकलने वाली पत्रिकाओं में हमारे कार्यालय के अधिकारियों ने संपादकीय सहयोग करने के साथ-साथ रचनात्मक योगदान भी किया। बैंक के कोलकाता, पुणे, बेंगलूरु, अहमदाबाद, चेन्नै, कोयम्बत्तूर, हैदराबाद, चण्डीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालयों तथा कोच्चि, जम्मू, जमशेदपुर, रायपुर, राँची, भोपाल, वाराणसी एवं कानपुर शाखा कार्यालयों को उत्तम राजभाषा कार्यान्वयन हेतु तत्संबंधी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

All offices of the bank participated regularly in the meetings held by their respective Town Official Language Implementation Committees. In addition, our officers/employees also took part and exhibited extraordinary fete to emerge victorious in various Hindi competitions held under the aegis of these TOLICs. Officers from the bank provided editorial support to the magazines brought out by their respective TOLICs, besides making creative contributions therein. Bank's Kolkata, Pune, Bengaluru, Ahmedabad, Chennai, Coimbatore, Hyderabad and Chandigarh ROs and Kochi, Jammu, Jamshedpur, Raipur, Ranchi, Bhopal, Varanasi and Kanpur BOs received prizes from their respective Town Official Language Implementation Committees for outstanding official language implementation.

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का क्रियान्वयन

बैंक सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (अधिनियम) क्रियान्वित कर रहा है। तदनुसार, बैंक ने अपने वेबसाइट (www.sidbi.in) पर संस्था के कार्य एवं दायित्व, अपने कार्यों के लिए बैंक द्वारा निर्धारित मानदंड, इसके अधिकारियों की शक्तियाँ और कर्तव्य, संगठनात्मक चार्ट, अधीनस्थ विधान आदि प्रदर्शित किए हैं, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 4(1)(ख) में परिकल्पित है। अधिनियम के अनुसार, बैंक ने एक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ), वैकल्पिक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सहायक लोक सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और वैकल्पिक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी पदनामित किए हैं, जिनके विवरण बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के निदेशानुसार बैंक ने उक्त अधिनियम धारा 4 के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से एक पारदर्शिता अधिकारी भी पदनामित किया है, ताकि सूचना का अधिकार संबंधी पूछताछ का सीपीआईओ द्वारा समय पर उत्तर देने के लिए समुचित दशाएँ निर्मित हो सकें। वर्ष के दौरान सूचना माँगने के लिए बैंक को 318 आवेदन मिले, और सभी आवेदनों को अधिनियम के प्रावधानों में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर निपटा दिया गया।

वर्ष के दौरान बैंक के प्रथम अपीलीय प्राधिकारी को 21 अपीलें की गईं। इनका निस्तारण सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विनिर्दिष्ट समय-सीमा में कर दिया गया। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के निर्णयों के विरुद्ध छह अपीलें केन्द्रीय सूचना आयोग के समक्ष की गईं। न तो सीपीआईओ द्वारा सूचना प्रदान करने और न ही प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों पर निर्णय करने में कोई विलम्ब हुआ है। सभी तिमाही ऑनलाइन विवरणियाँ केन्द्रीय सूचना आयोग को नियमित रूप से समय पर प्रेषित की गई हैं।

Implementation of Right to Information Act, 2005

The Bank is implementing the Right to Information Act, 2005 (RTI Act). Accordingly, the Bank has displayed in its website (www.sidbi.in) functions and duties of the organization, norms set by the Bank for discharge of its functions, powers and duties of its officers and employees, organization chart, sub-ordinate legislations, etc. as envisaged under Section 4(1)(b) of the Act. The Bank has designated a Central Public Information Officer (CPIO), Alternate Central Public Information Officer, Central Assistant Public Information Officers and First Appellate Authority and Alternate First Appellate Authority, in terms of the Act, the details of which are available on the Bank's website. In terms of the directives of Central Information Commission (CIC), the Bank has also designated a Transparency Officer for the better implementation of Section 4 of the Act with a view to promote congenial conditions for timely response by CPIO to RTI queries. During the year, the Bank received 318 applications seeking information and all the applications were disposed off as per the provisions of the Act within stipulated time.

During the year, 21 appeals were made to the First Appellate Authority (FAA) of the Bank, which were disposed off within stipulated time as per the provisions of the RTI Act. Against the decisions taken by FAA, six appeals were preferred before the Central Information Commission. There has been no delay in either furnishing information by the CPIO or in deciding appeals by the FAA. All the quarterly on-line returns have been regularly submitted to CIC in time.

नैगम सामाजिक दायित्व

सिडबी द्वारा संचालित नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियाँ प्रमुखतया सामाजिक दृष्टि से प्रासंगिक उद्देश्यों के लिए रही हैं, जैसे- प्राकृतिक आपदा-पीड़ितों के लिए राहत, पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों को सहायता देना, दिव्यांगों तथा निर्धन व्यक्तियों की सहायता, समाज के साधन-हीन वर्गों के लिए कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना हेतु सहायता आदि। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान सिडबी ने कई राज्यों में फैली हुई 27 से अधिक सीएसआर परियोजनाओं को सहायता दी। इस सहायता में विभिन्न परियोजनाएँ शामिल हैं, जैसे- कचरा प्रबन्धन वाहन की खरीद, शारीरिक दिव्यांगों के लिए पैरालिंपिक व्हील चेयर, विशेष ज़रूरत वाले व्यक्तियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए दक्षता किट, स्कूलों में बालिकाओं के लिए अतिरिक्त शौचालयों और हाथ धुलाई-स्थलों का निर्माण/नवीकरण, ऐंबुलेंस की खरीद, वृद्ध-गृहों/दृष्टिबाधित छात्रों के लिए उपकरण सहायता, स्वच्छताकर्मी पुनर्वास

Corporate Social Responsibility

The Corporate Social Responsibility (CSR) activities undertaken by SIDBI are primarily for socially relevant causes like relief to victims of natural calamity, supporting environment friendly technologies, support to physically challenged and under-privileged person, support for setting up skill development centres for under-privileged section of the society. During FY 2015-16, SIDBI supported over 27 CSR projects spread across various states. The support involves various projects like purchase of waste management vehicle, paralympic wheel chair for physically disabled, dexterity kit for pre-vocational training for persons with special needs, renovation / construction of additional toilet for girls and hand wash station in School, purchase of Ambulance, equipment support for old age homes / blind students, scavengers'

डॉ. क्षत्रपति शिवाजी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सिडबी भुवनेश्वर स्थित कलिंग इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डस्ट्रीयल टेक्नोलॉजी (केआइआइटी) में नवोन्मेष एवं संपोषण केंद्र का उद्घाटन किया

Dr. Kshatrapati Shivaji, CMD, SIDBI inaugurating Incubation Centre at Kalinga Institute of Industrial Technology (KIIT), Bhubaneswar

सहायता, प्रशिक्षण-कार्य हेतु सिलाई मशीनों व कंप्यूटरों की खरीद, जल-शोधन यंत्रों की संस्थापना और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के मध्य उच्चतर शिक्षा को बढ़ावा देना, आदि।

rehabilitation support, purchase of sewing machines and computers for conducting training, installation of water purifier and promotion of higher education among SC/ST children, etc.

ऋणपत्र न्यासी

सिडबी के बकाया अप्रतिभूत बॉण्ड निर्गमों के ऋणपत्र न्यासियों के संपर्क विवरण निम्नवत हैं:

Debenture Trustees

Following are the contact details of the debenture trustees for SIDBI's outstanding unsecured bond issues :

आईएसआईएनः आईएनई556एफ08आईपी8 ISIN : INE556F08IP8	शेष आईएसआईएन के लिए For rest of the ISINs
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड Axis Bank Limited ऐक्सिस हाउस, दूसरा तल, "ई" बॉम्बे डाइंग मिल कंपाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई Axis House, 2nd Floor, "E", Bombay Dyeing Mill Compound, Pandurang Budhkar Marg, Worli, Mumbai. टेली / Tel: 022-24255215/16 फैक्स /Fax: 022- 24254200 ईमेल / Email: debenturetrustee@axisbank.com संपर्क व्यक्तिः श्री कान्हू हरिचन्दन Contact Person: Shri Kanhu Harichandan	ऑलबैंक फाइनेन्स लि. ALLBANK FINANCE LTD. *(इलाहाबाद बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था)* *(wholly owned subsidiary of Allahabad Bank)* कॉर्पोरेट कार्यालयः इलाहाबाद बैंक भवन, दूसरा तल, 37 मुम्बई समाचार मार्ग, फोर्ट, मुम्बई- 400023 Corporate Office : Allahabad Bank Building, 2nd Floor, 37, Mumbai Samachar Marg, Fort, Mumbai - 400 023. बोर्ड / Board: +91-22-22626283 एक्स्टेंशन/ Ext: 24 फैक्स / Fax: +91-22-22677552 ईमेलः/Email:companysecretary@allbankfinance.com वेबसाइट / Website: www.allbankfinance.com संपर्क व्यक्तिः मेसर्स मेलविटा लेविस, कंपनी सेक्रेटरी सह अनुपालन अधिकारी Contact Person: Ms.Melvita Lewis, Company Secretary cum Compliance Officer

सिडबी एमएसएमई इंटरनेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

सिडबी ने 2013 में भुवनेश्वर में अपने एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान- 'सिडबी एमएसएमई इंटरनेशनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सिटी)' की स्थापना की है।

SIDBI MSME International Training Institute

SIDBI has set up its own maiden training institute 'SIDBI MSME International Training Institute (SITI) at Bhubaneshwar in 2013.

प्रशिक्षण कार्यक्रम

सिटी ने संचयी रूप से 249 दिन के 83 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और 1741 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया है। वर्ष के दौरान सिटी ने 144 दिन के 49 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 1024 प्रतिभागी शामिल हुए। इन 49 कार्यक्रमों में से 29 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम थे, जबकि 43 दिन के 20 कार्यक्रम 484 बाह्य प्रतिभागियों के लिए आयोजित किए गए।

ई-लर्निंग मॉड्यूल्स

सिटी ने सिडबी इन्ट्रानेट पर 'सिटी लर्निंग कॉर्नर' शीर्षक से एक ई-लर्निंग पोर्टल आरंभ किया है। इस पर चुनिंदा प्रशिक्षण सामग्री, प्रेजेंटेशन, हैंड-आउट आदि होस्ट करने के साथ-साथ, सिडबी ने विशिष्ट विषयवस्तु-आधारित 5 स्व-मूल्यांकन मॉड्यूल होस्ट किए हैं, जो बैंक के परिचालनों की दृष्टि से संगत हैं, जैसेकि- (i) नागरिक अधिकार-पत्र, (ii) स्माइल और मेक इन इंडिया, (iii) राजभाषा दिशानिर्देश, (iv) जोखिम प्रबन्धन और (v) मशीनरी आपूर्तिकर्ताओं की सम्यक जाँच।

आभार-ज्ञापन

निदेशक-मंडल भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त हुई बहुमूल्य सहायता के लिए आभार ज्ञापित करता है। निदेशक-मंडल विश्व बैंक समूहः जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका); डिपार्टमेंट फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (डीएफआईडी), यू.के.; क्रेडिटांस्टाल्ट फर वीडरफबउ (केएफडब्ल्यू), जर्मनी; दि ड्युश जेसेल्शाफ्ट फर इंटरनेशनाल ज़ुसैमेनारबीट (जीआईजेड), जर्मनी; इंटरनेशनल फंड फॉर ऐग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (आईएफएडी), रोम; फ्रेंच डेवलपमेंड एजेंसी (एएफडी), फ्रांस और एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) का भी आभारी है, जिनसे सहायता और तकनीकी सहयोग लगातार मिलता रहा है। जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बैंकों, राज्य-स्तरीय संस्थाओं, उद्योग संघों

Training Programs

